राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 216
लखनऊ, शुक्रवार 28 मार्च, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लखनऊ हाईकोर्ट राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान पर सख्त 03

कश्मीर में दो और समूहों ने हुर्रियत से तोड़ा नाता : शाह 12


# उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर : योगी

**संबोधन**

- मीरजापुर में सीएम योगी ने की सौगातों की बारिश
- योगी ने किया 500 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण



**मीरजापुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को नगर के बीएलजे ग्राउंड में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। उन्होंने सरकार के आठ वर्षों की विभिन्न उपलब्धियों को गिनाते हुए जनता को सरकार की योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, विकास को गति दी है और जनता को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 500 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएँ मीरजापुर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को एक नई दिशा देंगी। इनमें बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल आपूर्ति जैसी योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन योजनाओं से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ अब जनता को मिल रहा है।

## मां विंध्यवासिनी के चरणों में अर्पित किया स्वर्ण सिंह




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को नगर के महुवरिया स्थित बीएलजे मैदान में कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद विंध्यधाम पहुंचे, जहां उन्होंने मां विंध्यवासिनी के चरणों में स्वर्ण सिंह अर्पित किया। बताया गया कि एक श्रद्धालु द्वारा विंध्य विकास परिषद को दान किए गए स्वर्ण सिंह को कोषागार में सुरक्षित रखा गया था। परिषद की ओर से मुख्यमंत्री ने मां के वाहन सोने के सिंह को उनके चरणों में समर्पित किया। इस सिंह का कुल वजन 5 किलो 900 ग्राम है, जिस पर 296 ग्राम सोने की परत चढ़ाई गई है। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने कॉरिडोर प्लाजा स्थित पुलिस कंट्रोल रूम एवं कॉरिडोर परिपथ का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों एवं चार एआई कैमरों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इसके बाद मुख्यमंत्री अष्टभुजा डाक बंगले की ओर प्रस्थान कर गए।

## कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र और चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि वे सभी परियोजनाओं को समय पर पूरा करें और जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र और चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि वे सभी परियोजनाओं को समय पर पूरा करें और जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें।

# रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल आयेंगे भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर आने के लिए तैयार हैं। रूसी विदेश मंत्री के अनुसार पुतिन की दिल्ली यात्रा के लिए 'वर्तमान में व्यवस्था की जा रही है'। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर का कहना है कि भारत-रूस संबंध इतने मजबूत हैं कि बदलती दुनिया में भी आपसी हित साधते हुए वैश्विक भलाई का मार्ग तलाश लेते हैं।

रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद की ओर से आयोजित 'रूस और भारत : टुवर्ड ए न्यू बाइलेट्रल एजेंडा' नामक सम्मेलन को गुरुवार रूस-भारत के विदेश मंत्रियों ने वीडियो कांफ्रेंसिग से संबोधित किया। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो बार भारत-रूस वार्षिक शिखर वार्ता और ब्रिक्स शिखर वार्ता के दौरान मुलाकात हुई थी। सम्मेलन में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत और रूस के संबंध आपसी विश्वास और सम्मान की लंबी परंपरा के साथ लगातार मजबूत हो रहे हैं। इन संबंधों में बदलती दुनिया में आपसी लाभ तलाशते हुए वैश्विक भलाई में योगदान देने की असाधारण क्षमता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को अधिक प्रगाढ़ करना हमारी विदेश नीति की साझा प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा, रक्षा और नागरिक-परमाणु सहयोग जैसे क्षेत्रों में पहले की ही तरह मजबूत सहयोग जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू

**रायपुर।** इस साल चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 30 मार्च को होने जा रहा है। शास्त्रों में चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व बताया गया है। यह त्योहार वसंत ऋतु में आता है और मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को समर्पित होता है। नवरात्र का अर्थ है– नौ रातें, जिसमें मां दुर्गा के नौ अलग–अलग स्वरूपो की आराधना होती है। इस दौरान मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है।

### पहली छमाही में सरकार उधारी से जुटायेगी आठ लाख करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार वित्त वर्ष 2025–26 की पहली छमाही में आठ लाख करोड़ रुपये उधारी से जुटायेगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार यहां इसके लिए कैलेंडर जारी करते हुये कहा कि सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से वित्त वर्ष 2025–26 की पहली छमाही के लिए अपने उधार कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया है। वित्त वर्ष 2025–26 के लिए बजट में निर्धारित 14.82 लाख करोड़ के सकल बाजार उधार में से 8.00 लाख करोड़ (54 प्रतिशत) को पहली छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों को जारी करने के माध्यम से उधार लेने की योजना है, जिसमें 10,000 करोड़ रुपये के सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं।

### शाहजहांपुर में चार बच्चों की हत्या करने के बाद पिता ने की खुदकुशी


**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में गुरुवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रोजा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चो की हत्या करने के बाद खुद की जीवन लीला भी समाप्त कर ली। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी व अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच कर रही है। रोजा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मानपुर चचरी निवासी राजीव (36) ने बीती रात किसी समय अपनी पुत्री स्मृति (12), कीर्ति (9), प्रगति (7) तथा पुत्र ऋषभ (5) की गला रेत कर हत्या कर दी और खुद भी घर के अंदर फांसी लगाकर कर खुदकुशी कर ली।

### मप्र के सिंगरौली में महसूस किए गए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.5 रही तीव्रता

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली शहर में गुरुवार को दोपहर में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता हल्की होने की वजह से कोई नुकसान नहीं हुआ। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई है। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से दी है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया है कि यह भूकंप दोपहर 3:07 बजे आया। सिंगरौली के साथ आसपास के जिलों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें सिद्धि, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर और छत्तीसगढ़ के कुछ जिले शामिल हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, भूकंप से किसी तरह के जान–माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

# लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



लोकसभा ने गुरुवार को आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक-2025 चर्चा के बाद ध्वनि मत से पारित कर दिया। विधेयक का उद्देश्य देश में आप्रवासन से जुड़े कानूनों को नए सिरे से परिभाषित करना है। विधेयक का उद्देश्य केंद्र सरकार को भारत में प्रवेश करने और भारत से प्रस्थान करने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों की आवश्यकता और विदेशों से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए कुछ शक्तियां प्रदान करना है।

विधेयक अधिनियम बनने पर विदेशियों और आप्रवास से संबंधित मामलों के वर्तमान के चार अधिनियमों- विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 और आप्रवास (वाहक दायित्व) अधिनियम-2000, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम-1939 का स्थान लेगा।

विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विधेयक देश की सुरक्षा, अर्थतंत्र की मजबूती, उत्पादन में वृद्धि तथा व्यापार, शिक्षा प्रणाली की वैश्विक स्वीकार्यता और 2047 तक देश को दुनिया में सर्वोच्च बनाने के लिए जरूरी है। इससे आव्रजन प्रणाली सिंप्लीफाई, सिस्टमेटिक और सिक्योर (सुरक्षित) बनेगी। वर्तमान में चार मौजूदा अधिनियमों के प्रावधानों में ओवरलैप हैं और कई जगह कमियां हैं। नया विधेयक पहले के चार अधिनियमों को निरस्त कर एक कानून बनाकर इन्हें दूर करेगा। उन्होंने लोकसभा में कहा कि आप्रवासन देश से जुड़े कई विषयों से जुड़ा है। इसे अलग नहीं देखा जा सकता। देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि हमें पता रहे कि सीमा में कौन, कब, कितनी अवधि और किस उद्देश्य के लिए आता है। वे आश्वासन देते हैं कि इसके माध्यम से भारत में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों का लेखा-जोखा रखने का काम होगा और इसके माध्यम से देश का विकास भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक की धारा 3 राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा समझे गए व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाता है। कुछ सदस्यों ने इस प्रावधान का विरोध किया है। हमारा मानना है कि देश में बेरोकटोक प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है। शाह ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन में कहीं भी विदेशियों को प्रवेश से रोके जाने के खिलाफ अपील का प्रावधान नहीं मिलता है। आप्रवासन अधिकारी ही इस पर निर्णय लेते हैं। पहले भी इस तरह के प्रावधान थे। हमने नए विधेयक में सुनिश्चित किया है कि सभी बिन्दुओं पर समग्रता से विचार कर ही किसी को प्रवेश से रोका जाए।

## भारत कोई धर्मशाला नहीं : अमित शाह

भारत के समृद्ध शरणार्थी इतिहास का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि 'माइक्रो माइनोरिटी' दुनिया में सबसे अधिक सम्मान भारत देश में ही पाती है। इसी दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) बनाया। शर्णार्थियों और घुसपैठियों में अंतर करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था और विकास में योगदान देने वालों का देश मे स्वागत है। देश कोई धर्मशाला नहीं है। देश की शंति को बाधित करने वाले जैसे कि रोहिंग्या और बांग्लादेशियों पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

# कठुआ में तीन आतंकवादी मुठभेड़ में ढेर

**एजेंसी, कठुआ।**



**डीएसपी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल**

कठुआ जिले के अधीन पड़ती जुथाना पंचायत के सुफैन गांव के जंगलों में दिन भर चली मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और एक डीएसपी (एसडीपीओ बॉर्डर) समेत पांच पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह भीषण मुठभेड़ वीरवार को तब हुई जब जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसओजी टीम ने सुफैन के जंगल क्षेत्र से भागने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को चुनौती दी और उन पर भारी गोलीबारी की गई। भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस दल समेत अन्य सुरक्षा बल भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए क्षेत्र में प्रवेश और निकास के सभी रास्ते बंद कर दिए। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई इस मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और एक डीएसपी समेत पांच बहादुर पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को मुठभेड़ स्थल से निकाला गया और जीएमसी कठुआ ले जाया गया। इनमें से एक घायल पुलिसकर्मी को विशेष उपचार के लिए जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया गया है।

खबर लिखे जाने तक तलाशी अभियान जारी था। बता दे कि रविवार को इससे पहले हीरानगर के सान्याल इलाके में सुरक्षाबलों के साथ आतंकियों की मुठभेड़ हुई थी जिसके बाद एनकाउंटर साइट से आतंकी निकल गए थे। बाद में सुरक्षावलों ने वहां से भारी मात्रा में गोला बारूद पकड़ने सहित खाने पीने का सामान बरामद किया था। आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबल लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। आसपास के पहाड़ी क्षेत्र में भी सुरक्षा बल पूरी तरह से अलर्ट थे इसी बीच जुथाना घाटी के ऊपरी इलाके में सर्च के दौरान आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ शुरू हो गई। फिलहाल मुठभेड़ जारी है।

# संभल : जामा मस्जिद के सदर जफर अली की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**मुरादाबाद, समृद्धि न्यूज।**



संभल हिंसा के मामले में चार दिन पूर्व गिरफ्तार किए गए जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली की अंतरिम जमानत याचिका गुरुवार को अदालत ने खारिज कर दी। मामले की अगली सुनवाई अब दो अप्रैल को होगी।

संभल में बीती 24 नवंबर को विवादित शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस मामले में मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को पुलिस ने 23 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एएसपी श्रीश्चंद्र के मुताबिक संभल हिंसा में उनकी भूमिका पाई गई। उन्होंने भड़काऊ बयान दिया था। हिंसा की जांच कर रही एसआईटी की जांच में यह तथ्य सामने आने के बाद जफर अली की गिरफ्तारी की गई थी। जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को जफर अली के अधिवक्ताओं की ओर से अदालत में अंतरिम जमानत और नियमित बेल याचिका दायर की गई थी। अपर जिला जज (द्वितीय) निर्भय नारायण राय की अदालत ने सुनवाई के बाद अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले की अगली सुनवाई के लिए दो अप्रैल की तारीख नियत की है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए एक अप्रैल से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके लिए एक अप्रैल से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई रखी गई है। मंत्रालय ने बताया कि लोग प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए एक अप्रैल से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल– अवार्डस.जीओवी.आईएन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। देश में रहने वाला कोई भी बच्चा जो भारतीय नागरिक है, जिसकी आयु 5 से 18 वर्ष (31 जुलाई, 2025 तक) से अधिक नहीं है, इन पुरस्कारों के लिए पात्र है। पुरस्कारों के लिए स्व–नामांकन और अनुशंसा दोनों पर विचार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है।

# पुनर्वास केन्द्र में विषाक्त भोजन खाने से चार बच्चों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- 16 बच्चों की हालत गंभीर, लोकबंधु अस्पताल में उपचार जारी



लखनऊ में पारा क्षेत्र के पुनर्वास केन्द्र में रहने वाले चार बच्चों की मंगलवार की रात को विषाक्त भोजन खाने से मौत हो गई, जबकि 16 बच्चों की हालत गंभीर है। उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद प्रशासन में खलबली मच गई। अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी विशाख जी. ने पत्रकारों को बताया कि पुनर्वास केन्द्र से तबियत बिगड़ने पर बीस बच्चों को लोकबंधु अस्पताल भेजा गया था। इसमें दो लड़की और दो लड़कों की मौत हो गई, वहीं, अन्य बच्चाों का अस्पताल में उपचार जारी है।

जिलाधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की एक कमेटी बनाकर पुनर्वास केन्द्र भेजा गया है। पुनर्वास केन्द्र में कुल 147 बच्चें है, जिसमें सभी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। इन बच्चों में तबियत बिगड़ने पर बीमार बच्चे अस्पताल भेज गये थे। वहीं केन्द्र पर सात बच्चें ऐसे है, जिन्हें स्वास्थ्य दिक्कते हैं। इन बच्चों को कमेटी के चिकित्सक देख रहे हैं।

मंडलायुक्त रोशन जैकब भी लोकबंधु अस्पताल पहुचीं। उन्होंने बच्चों को देखा और चिकित्सा अधीक्षक डा.राजीव दीक्षित से वार्ता की। उन्होंने कहा कि बच्चों का बेहतर उपचार करने के लिए कहा गया है। मंगलवार को विषाक्त भोजन करने की घटना के बाद से ये सभी बच्चे बीमार हुए थे और इन्हें आनन फानन में लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ये दुखद घटना है।

### अमित शाह के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन के प्रस्ताव का नोटिस खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश का विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस गुरुवार को खारिज कर दिया। सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुबह सदन में आवश्यक कागजात पटल पर रखवाने के बाद सदन को बताया कि अमित शाह के वक्तव्य से किसी के विशेषाधिकार का हनन नहीं हुआ है, इसलिए यह नोटिस अस्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि मीडिया में चर्चा पाने के लिए जल्दबाजी में विशेषाधिकारों से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया गया है, यह दुखद है। उन्होंने कहा कि सदन को सदस्यों की प्रतिष्ठा को बर्बाद करने का मंच नहीं बनने दिया जाएगा।

# पीएम ने जापान कॉर्पोरेट कार्यकारी संघ से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर पर केइज़ाई दोयुकाई (जापान कॉर्पोरेट कार्यकारी संघ) के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केइज़ाई दोयुकाई के अध्यक्ष ताकेशी निनामी और 20 अन्य व्यापारिक प्रतिनिधियों ने किया। इस प्रतिनिधिमंडल ने भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए उनके विचार सुने।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इसमें द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने, निवेश के अवसरों को बढ़ाने और कृषि, समुद्री उत्पाद, अंतरिक्ष, रक्षा, बीमा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, नागरिक उड्डयन, स्वच्छ ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और एमएसएमई साझेदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर प्रकाश डाला और व्यापार के अनुकूल माहौल प्रदान करने के भारत के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने देश में विमानन क्षेत्र के विकास के विशाल पैमाने के बारे में बात की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत नए हवाई अड्डों के निर्माण और रसद क्षमताओं के विस्तार सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में भी काम कर रहा है।

इस दौरान जापान के वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं वाले केइज़ाई दोयुकाई प्रतिनिधिमंडल ने भारत के लिए अपनी योजनाओं को साझा किया। उन्होंने मानव संसाधन और कौशल विकास में भारत और जापान के बीच पूरकताओं का दोहन करने में भी रुचि व्यक्त की। दोनों पक्षों ने भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की और आने वाले वर्षों में व्यापार और निवेश संबंधों को गहरा करने की उम्मीद जताई। बैठक में सार्थक और पारस्परिक रूप से लाभकारी तरीके से विकसित भारत @2047 के लिए जापानी व्यापार के समर्थन और प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

**तैयारी** | गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर व हापुड़ में विकसित होंगी पर्यटक सुविधाएं

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने मंजूर किए 85 करोड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में अयोध्या, काशी, मथुरा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) अंतर्गत आने वाले अन्य पर्यटन स्थल भी शीघ्र ही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। केंद्र सरकार ने इसके लिए बड़ी तैयारी की है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने इसके लिए 85 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़ आदि जिलों के महत्वपूर्ण धार्मिक-आध्यात्मिक, ऐतिहासिक सहित अन्य स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दृष्टिकोण से निरंतर पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इसी क्रम में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) ने मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ के एकीकृत पर्यटन विकास- साउंड एंड लाइट शो के लिए लगभग 12.68 करोड़ रुपये, मेरठ में 1857 के क्रांति स्थलों और शहीद स्मारक के पर्यटन विकास के लिए लगभग 4.53 करोड़ रुपये, हस्तिनापुर के समेकित पर्यटन विकास के लिए लगभग 15.04 करोड़ रुपये, सरधना के पर्यटन विकास के लिए लगभग 4.54 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह बुलंदशहर स्थित मां अवंतिका देवी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग 11.37 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग 5.52 करोड़ रुपये सहित एक अन्य योजना का पर्यटन विकास किया जाएगा। इसके अलावा, हापुड़ और मुजफ्फरनगर में पहले से निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए भी धनराशि जारी की गई है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसे अनेक स्थल हैं, जिनका पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व है। मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ स्थित वट वृक्ष के नीचे शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को पहली बार श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी। इसी प्रकार गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, हापुड़ सहित अन्य जनपदों में ऐसे अनेक स्थल हैं, जिनका अपना सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक महत्व है। पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रही है।

पौराणिक मान्यताओं का ऐतिहासिक मेला चैती...

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भव्यता के साथ संपन्न होगा: विजय शुक्ला

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




गोला गोकर्णनाथ नगर पालिका परिसर में मेला चैती की तैयारियों एवं सुझाव के लिए बैठक मुख्य अतिथि एस डी एस गोला विनोद कुमार गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य में सम्पन्न हुई जिसमें राजा जफर उल्ला खा ने गंगा जमुनी तहजीब ,रामजी गुप्ता, श्रीकांत तिवारी ऐतिहासिक महत्व, अरुण अवस्थी ई रिक्शा, पारस नाथ मिश्रा बिजली कटौती, आनंद सोनी मेला में फुटपाथ पर अतिक्रमण, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी मेले में श्रद्धालुओं की बसों की उचित व्यवस्था, प्रवीन गुप्ता सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बेहतर बनाने का सुझाव दिया, अन्नपूर्णा रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी ने नीलकण्ठ पुलिस चौकी मे फोर्स तैनात हो।

शिव गोपाल गुप्ता ने मेला फ्री न देखने देने की बात की, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के के शुक्ला ने भीडभाड़ पर नियंत्रण करने की बात कही, सभासद नानक चन्द्र वर्मा ने ट्राफिक व्यवस्था, विनीत भदौरिया कार्यक्रम में फूहड़ता पर ध्यान देने को कहा। महेश पटवारी ने महिला सुरक्षा की बात की बात की इसके साथ श्याम किशोर अवस्थी ने भी गरीब परिवार के लोगों को मेला फ्री पास देने की बात की। अंत में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पौराणिक मान्यताओं के ऐतिहासिक मेला चैती सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भव्यता के साथ सम्पन्न होगा तथा सभी सुझावों पर अमल किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, भाजपा नेता सुर्जन लाल वर्मा, अशोक सक्सेना, विजय बाजपेयी, ईओ सुरेन्द्र कुमार, डा गणेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## हवन-पूजन के साथ नए शिक्षा सत्र की हुई शुरुआत




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी का नवीन सत्र हवन-पूजन विधि-विधान के साथ शुरू हो गया। मुख्य यजमान विद्यालय के प्रबंधन निदेशक अमन गिरि रहे। हवन पूजन का कार्य पं. मुन्ना शास्त्री ने सम्पन्न करवाया। हवन पूजन कार्यक्रम में विद्यालय संरक्षक जनार्दन गिरि, निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य मुदित शाह, मोंटी गिरि, महेंद्र गिरि, देवेन्द्र गिरि, राम गुलाम पाण्डेय, सुरेन्द्र शर्मा, विजय सिंह चौहान, विकास शुक्ल, जगदीश नारायण अवस्थी, विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकायें व छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। आगंतुकों ने स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके तथा स्वर्गीय अरविंद गिरि के चित्र पर पुष्पार्चन करके उन्हें श्रद्धा के साथ याद किया। इस सत्र से विद्यालय में मानविकी वर्ग भी प्रारम्भ किया गया है, जिसकी सफलता के लिए विशेष प्रार्थना की गयी। हवन-पूजन के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

## खबरें एक नजर में

### निजी अस्पताल में मरीज को ले जाने को लेकर सीएचसी में भिड़े दो गुट

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** मरीजों को अपने निजी अस्पतालों को ले जाने के लिए दो पक्ष खासा हंगामा हुआ लोगों ने बीच बचाव कर बम मुश्किल मामला शांत कराया पर सीएससी अधीक्षक और वहां के स्टाफ ऐसी घटना से अनजान है।

शहर में तमाम ऐसे अस्पताल संचालित है जहां ना तो प्रशिक्षित डॉक्टर हैं और ना ही स्टाफ। इन अस्पतालों के दलाल काफी सक्रिय हैं। सीएचसी गेट के सामने अक्सर उन अस्पतालों की एंबुलेंस खड़ी देखी जाती हैं। यह सब केवल अस्पताल प्रशासन की सांठ गांठ से ही नहीं बल्कि आशा बहूओं की सांठ गांठ से भी हो रहा है। गुरुवार को सीएचसी में दो अस्पतालों के दलाल अपने-अपने यहां मरीज ले जाने को लेकर भिड़ गए। काफी हंगामा हुआ। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए वहां वमुश्किल मामला शांत हुआ। यह कोई पहला मामला नहीं है कई बार मरीज ले जाने को लेकर झगड़ा हो चुके हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर गणेश कुमार का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

### तीन अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई में कहा है कि तालिब उर्फ आजम निवासी गौरिया थाना फरधान, मोनू उर्फ शकील, दिलशाद निवासी मुड़िया मिश्रा थाना गोला का संगठित गिरोह है। जिसका लीडर तालिब है। यह गिरोह गौकशी और जबरन वसूली का अपराध कारित करता है।

### महिला के गले से चेन छीनने का मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नगर के राघव कुंज निवासी दिनेश भसीन ने दर्ज करें मुकदमे में कहा है कि 25 मार्च की रात उसकी मां ई रिक्शा से घर जा रही थी। गोला गैस एजेंसी वाली गली में बाइक पर आए तीन युवकों ने ई रिक्शा रुकवा लिया और मां के गले से सोने की चेन खींचकर भाग गए।

### गन्ने के खेत में शावकों के साथ दिखी बाघिन, दहशत



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** महेशपुर रेंज और थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम इमलिया में एक गन्ने के खेत में गन्ना छिलाई करने के दौरान बाघ के शावक देखे जाने से हड़कंप मच गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूर और ग्रामीण शोर मचाते हुए मौके से भागने लगे। शावकों संग बाघिन की मौजूदगी के चलते ग्रामीणों और किसानों में दहशत है। दक्षिण खीरी वन प्रभाग की महेशपुर वन रेंज क्षेत्र के ग्राम अजान निवासी कपिल,सोबरन,रामपाल वर्मा, नीरू, राजेन्द्र कुमार, राजेश कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह 9 बजे इमलिया गांव के पूरव सरायन नदी के किनारे गन्ने के खेत में छीलाई करने खेतों पर गए हुए थे। इसी दौरान गन्ने के खेत में बाघ के शावक दिखाई दिए। एक शावक गन्ने के खेत से बाहर निकलकर बाहर आ गया थोड़ी देर इधर उधर घूमने के बाद फिर गन्ने के खेत में छिप गया। फिर थोड़ी देर बाद शावकों संग घूम रही बाघिन भी गन्ने के खेत में देखी गई। इससे दहशतज़दा मजदूर छिलाई बंद कर गन्ने के बाहर आ कर खड़े हो गये। सूचना देने पर पहुंचे वन कर्मी संजय कुमार,सोमवारी, सचिन वर्मा, बहादुर,सर्वेश कुमार मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने खेत में दिखे शावकों को नहीं हटाया बल्कि दूर रहकर उनपर नजर रखी जा रही है। इस सम्बन्ध में वन दरोगा माया प्रसाद ने बताया कि मौके पर भेजी गई टीम ने नदी के किनारे गन्ने के खेतों में कैमरे लगाए हैं और लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है।

## वैश्य समाज की होली मिलन में हुआ मेधावियों का सम्मान




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** श्री हरद्वारी वैश्य समिति के होली मिलन समारोह में समाज के मेधावियों को सम्मानित किया गया। मिल रोड पर श्री हरिद्वार वैसे समिति के धर्मशाला में होली मिलन और छात्र अलंकरण समारोह हुआ जिसमें हाई स्कूल एवम इंटरमीडिएट परीक्षा में विशेष योग्यता से पास छात्र एवम छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समाज के बुजुर्गों को भी अंगवस्त्र भेंट कर उनके दीर्घायु की कामना की गई। समारोह की अध्यक्षता कृष्ण कुमार गुप्ता ने की एवम संचालन अखिल भारतीय श्री हरद्वारी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण गुप्ता ने किया। इस मौके पर राजीव गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, राजेश गुप्ता, ओमकार गुप्ता, सुधीर गुप्ता, अमित गुप्ता, विनोद गुप्ता, शरद गुप्ता, शिव गोपाल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, अविनाश गुप्ता सहित वैश्य समाज के तमाम के लोग मौजूद थे।

## धूमधाम से निकाली गयी बालाजी महाराज की निशान यात्रा एवं शोभायात्रा

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



श्री बालाजी मित्र मण्डल मैलानी के सौजन्य से नगर में बालाजी महाराज की निशान यात्रा एवं शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गयी। इस दौरान पूरे नगर में जय श्रीराम और जय श्री हनुमान के नारे गूंजते रहे।

यात्रा सुबह दस बजे मैलानी की मुख्य बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए शिवमंदिर वापस पहुंची। सर्वप्रथम बालाजी की पूजा-अर्चना व निशान पूजा की गई। निशान यात्रा मुख्य बाजार, चमन चौराहा, मैलानी गांव, पलिया बाईपास तिराहा होते हुए वापस शिव मंदिर पहुंची। निशान यात्रा के दौरान उत्तराखंड से आई पल्लवी आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा बनाई गई सजीव झांकियों ने भजनों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।

समाजसेवीअशोक अरोरा, नगर पंचायत चैयरपर्सन कीर्ति महेश्वरी, पूर्व सभासद पुत्र धर्मेंद्र शर्मा, रूपराम राठौर, द्वारिका प्रसाद गोयल, पंडित राम अवतार शर्मा, राकेश सिंघल, विजय गुप्ता एवं डा. गुप्ता परिवार ने जलपान की व्यवस्था की। निशान एवं शोभायात्रा में उत्तराखंड से आए कलाकारों द्वारा बनाई गई गणेश, बजरंगबली, राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती, श्रीराम की सजीव झाकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। निशान यात्रा के वापस मंदिर पहुंचने पर लड्डू के प्रसाद का भोग लगाया गया व प्रसाद वितरण किया गया।इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे आदि भक्त मौजूद रहे।

निशान एवं शोभायात्रा के दौरान मैलानी थानाध्यक्ष निराला तिवारी पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, महामंत्री प्रदीप शर्मा मुल्लन, श्री बालाजी मित्र मण्डल के विपिन अग्रवाल, अमन गोयल, सचिन सिंघल, अभिषेक निगम, सुमित गोयल सहित अरविंद गोयल, मनीष मित्तल, अंकित गोयल, संजय शर्मा, प्रदीप शर्मा,कैलाश अग्रवाल, रोहित मिश्रा, नितिन गुप्ता, अवधेश बरनवाल, रामचंद्र अग्रवाल, सुभाष गोयल, रोहिताश गोयल, राजीव अग्रवाल, सपा नेता नरेश यादव, पवन मित्तल, आकाश निखिल अग्रवाल, नितिन गोयल आदि लोग शामिल रहे।

## चार लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** एक व्यक्ति ने संविदा कर्मी के पुत्र पर प्राण घातक हमला करने का आरोप लगाते हुये ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा निवासी ओमप्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र अभिषेक मौर्य जमुनाबाद स्थित कृषि महाविद्यालय में संविदा पर कार्य करता है। 13 मार्च को अभिषेक मौर्य महाविद्यालय से घर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में ग्राम बिझौली निवासी मनवेंद्र गौतम पुत्र बनवारी लाल, संतोष कुमार पुत्र मनोहर लाल, अजीत कुमार पुत्र श्रीकृष्ण व शैलेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश ने जान से मारने की नियत से लोहे की राड से सर व हाथ पर प्रहार कर हाथ तोड दिया। राहगीरों के आ जाने से उक्त लोग भाग गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महाविद्यालय में 21 विद्यार्थियों को मिले टेबलेट

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज, में गुरुवार को 31 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थियों का टेबलेट दिए गए। इसी के साथ ही फरवरी माह में हुई निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

गुरुवार को महाविद्यालय में टेबलेट वितरित किए गए।सरकार का लक्ष्य है कि सभी विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है जिससे छात्र/छात्राएं व्यवहारिक रूप से कुशल एवं स्मार्ट बन सकें। उक्त टेबलेट डिबाइस का वितरण महाविद्यालय के प्राचार्य ने किया। साथ ही नोडल अधिकारी डॉ. अरूण कुमार सिंह ने सभी छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं दी। टेबलेट प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. विष्णु कुमार शुक्ल, प्रमोद कुमार, डॉ. योगेश कनौजिय, डॉ. गौरव अवस्थी, डॉ. आदर्श पटेल, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. विवेक कुमार सिंह, राजीव कुमार शर्मा एवं डॉ. अमितांशु मिश्र, प्रवीण कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार आदि शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र-प्रथम लखीमपुर खीरी एवं केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज गोला के तत्वावधान में 25 फरवरी को 'हुई फसल अवशेष प्रबन्धन विषय पर आयोजित निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियो को भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें अनुष्का वर्मा प्रथम, अतिका नाज, शिल्पी देवी द्वितीय, रूचि मित्रा, अनुरूचि तृतीय, रिहाना रूखसार बानों, इकरा खान अरफा बानों ने सान्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रभारी डॉ. योगेश कनौजिया ने सभी विजयी प्रतिभागियो को शुभकामनाएं दी। इस आयोजन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र का आभार जताया।

## इंदिरा पार्क का कराया जाए सौंदर्यकरण, हटवाया जाए अतिक्रमण

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर के सदर चौराहे पर इंदिरा पार्क की मरम्मत कराई जाए इसके लिए कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ नगर पालिका पहुंच पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन दिया है। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष पहलाद पटेल ने तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंच पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला



(रिंकू शुक्ला) को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है कि जिन्हें शहर के सदर चौराहे पर स्थित इंदिरा पार्क के जीर्णोद्धार कराया जाना जरूरी है। मांग की गई कि पार्क की रंगाई-पुताई कराई जाए, पार्क पर हो रहे अतिक्रमण हटवाया जाय। कांग्रेसियों का कहना है कि पालिका अध्यक्ष ने उन्हें भरोसा दिया हैकि चैती के मेले से पूर्व इंदिरा चौक पूरी तरह से सुसज्जित होगा। इस दौरान साथ में रामकुमार वर्मा, केके मिश्रा, पंकज पटेल, प्रेम कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आधी अधूरी व्यवस्थाओं के साथ गन्ना समित की वार्षिक बैठक संपन्न

**मितौलीखीरी, समृद्धि न्यूज़।**



गन्ना समित मैगलगंज की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक आधी अधूरी व्यवस्थाओं और शोर शराबो के बीच संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र उर्फ पप्पू, पूर्व अध्यक्ष बृजेश सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुई। गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि हर कार्य पारदर्शी व्यवस्था के तहत करना चाहिए और गन्ना किसानों की समस्याओं और मौजूद डेली गेटों, गन्ना किसनो की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना।

अजवापुर के रीजनल हेड रमेश चौधरी और कुंभी के संजीव के सामने गन्ना उतरवायी के नाम पर किसानों का शोषण और गान्ना केन्दो पर 1 किलो जूना काट के अलावा 2 किलो से 3 किलो का कर्दा कांटा इंचार्ज द्वारा जबरदस्ती किसानों की खून कमाई को लेना जैसी गंभीर समस्याओं को समिति डेली गेटों, किसानो ने सम्मानित मंच के सामने रखा। उपस्थित डायरेक्टर डेली गेटो के सामने आय व्यय का ब्यौरा गन्ना समिति के सचिव अजित सिंह ने रखना मुनासिब नहीं समझा न रखा। इस बात पर डेली गेटों ने काफी शोर शराबा किया। गन्ना समिति सचिव के सामने किसी डायरेक्टरो की भी नहीं चली। सचिव ने किसी की न सुनी और न किसी के सामने न मुखातिर हुए। इस अवसर पर गन्ना समिति के डायरेक्टर डेली गेट सम्मानित किसान मौजूद रहे।

## लापरवाही से फिर चली गई एक प्रसूता की जान

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शहर में अप्रशिक्षित डॉक्टरों की लापरवाही से एक और प्रसूता की जान चली गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर अपना पल्लू झाड़ रहे हैं। तमाम मरीजों की मौत हो चुकी है। फिर भी कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई जा रही है।

बिजआ के ग्राम फूलपुर निवासी प्रवीण कुमार की पत्नी कुसमा देवी को प्रसव पीड़ा होने पर उसे गोला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की घोर लापरवाही के चलते उसकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल स्टाफ ने आनन-फानन में बोर्ड उतार दिया और अस्पताल का प्रबंधक अप्रशिक्षित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट समेत पूरा स्टॉफ भाग निकला। कुसमा देवी की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को शांत किया। फिर सीएचसी अधीक्षक को सूचना दी गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी तो उन्होंने अपनी टीम को भेजा, पर वहां पर कोई अस्पताल ही नहीं था और न ही कोई अस्पताल की टीम मिली है।

कोतवाल चंद्रशेखर सिंह का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है।

सीएचसी के डॉक्टर अशोक बिहारी का कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचे तो जिसे अस्पताल बताया जा रहा है उसमें ताले पड़े थे। उन्होंने ऊपर से अपना ताला डाल दिया है।

### सूचना

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563, जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर, खसरा नंबर-21, अहमदपुर, नजूल रोड, नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, जनपद-रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक सतीश चंद्र पाल पुत्र अभय राज पाल अपनी संपत्ति आराजी नंबर 464 का प्लॉट न 14 , ग्राम शोरा परगना व तहसील सदर जनपद रायबरेली का जुज़ भाग रकबा 1360 वर्ग फिट को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को राज कुमार राज पाल पुत्र दादूमल राजपाल से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में राज कुमार राज पाल पुत्र दादूमल के साथ-साथ अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व युवतियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं बाद में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा चौहाद्दी पूर्व भूमि विक्रेता पश्चिम 20 फिट सड़क उत्तर प्लाट नं 13 अनीता सिंह दक्षिण प्लाट नं 15 रुचि श्रीवास्तव।

आपत्ति हेतु संपर्क
संजीव कुमार शुक्ला
2nd फ्लोर एन एन कॉप्लेक्स
एबोव केनरा बैंक सुपर मार्केट
रायबरेली, उत्तर प्रदेश -226001
मो- 9415190904

## संस्कार एकेडमी में 8वें वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

**सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**




तहसील क्षेत्र के पाली ब्लॉक के रीठुआखोर में स्थित संस्कार एकेडमी में 8 वा वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें बच्चों और बच्चियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया।

आपको बता दे कि स्कूल प्रबंध के द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था किया गया था जिसकी सारी सराहना सारे लोगों ने किया । इस वार्षिकोत्सव में बच्चों के द्वारा तरह तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया जिसमें माँ काली तांडव, हॉरर सॉन्ग पर नृत्य, कश्मीरी संस्कृति, राजस्थानी संस्कृति और बिहार की संस्कृति आधारित नृत्य लोगो को विशेष तौर पर आकर्षित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप शुक्ला, चेयरमैन प्रभाकर दुबे, ब्लॉक प्रमुख शशि प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, दिलीप सैनी,अजय यादव, गजेन्द्र सिंह, कप्तान सिंह, आदि लोगो के साथ काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दबंग डाक्टर ने मरीज के परिजन को पीटा, पत्रकार द्वारा पूछने पर फोन पर देने लगा धमकी

- पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया एसी/एसटी का केस

**सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सहजनवा नगर के लुचूई में स्थित आदित्य नर्सिंग होम में तैनात दबंग डॉक्टर द्वारा आए दिन मरीजों का शोषण किया जाता है। मरीज द्वारा विरोध करने पर गाली गलौज के साथ मारपीट किया जाता है।जब कि एक मामले में एक हिंदी दैनिक के पत्रकार ने फोन कर विवाद का कारण पूछा तो दबंग डॉक्टर अपना आपा खोते हुए गाली गलौज करने लगा। इसके बाद पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने दबंग डॉक्टर के खिलाफ एसी/एसटी तथा जान मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया हैं। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के नरौली निवासी विंध्याचल पुत्र जगलाल के बेटी को रक्तस्राव हो रहा था। पीड़ित आदित्य नर्सिंग होम लूचुई में 25 मार्च को भर्ती किया। शाम को उसी दिन दवा लेकर घर आ गया था। हालत ठीक न होने पर वह फिर इसी अस्पताल में बेटी को ले गया। जहां अस्पताल का संचालन कर रहे दबंग डॉक्टर ने उसी भर्ती कर लिया। दो दिन तक इलाज करने पर किसी तरह का फायदा मरीज को नहीं हुआ तो मरीज के पिता ने उसे डिस्चार्ज करने को कहा तो दबंग डॉक्टर बेफजूल खर्चा मांगने लगा तो मरीज के परिजन ने कुछ कम करने को कहा। इसी बात पर दबंग डॉक्टर आपा खो दिया और सीसीटीवी कैमरा बंद करा कर मरीज और उसके स्वजन को पीटने लगा। इस बात की जानकारी जब हिंदी दैनिक समाचार पत्र अशोक कुमार चौधरी को हुई तो उन्होंने डाक्टर को फोन लगा कर मामले की जानकारी लेना चाहा। तो दबंग डॉक्टर उन्हें जातिसूचक गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

पीड़ित पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने एसी/एसटी, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ में थानेदार विशाल उपाध्याय ने कहा कि पत्रकार की तहरीर पर आरोपी डाक्टर विवेक गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# अभिभावकों ने जो सपना देखा था, वह आज पूरा हो रहा : योगी



▸ सीएम ने आयुष व गृह विभाग के 283 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित आयुष और गृह विभाग के 283 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सबसे पहले आप सबको हृदय से बधाई। यह नियुक्ति पत्र शासन की सूचित, पारदर्शिता का उदाहरण है। पिछले आठ साल में साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिली है। अभिभावकों ने जो सपना देखा था, वह आज पूरा हो रहा है। याद कीजिए आठ साल पहले यूपी के इन्हीं आयोगों की क्या स्थिति रहती थी। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीमकोर्ट तक याचिकाएं लंबित पड़ी रहती थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया लटकी रहती थी। डेढ़ लाख से अधिक पुलिस भर्ती की गई। 60 हजार से अधिक पुलिस भर्ती अभी हाल में ही पूरी की गई है। इतने ही शिक्षकों की भी भर्ती की गई है। आज यूपी देश के विकास में रुकावट नहीं बन रहा है बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में यूपी खड़ा हुआ है। आज हर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। कुम्भ में दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं ने वहां की व्यवस्था की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पारम्परिक चिकित्सा के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने एक नया विभाग ही स्थापित कर दिया। पहले योग करने वालों पर लोग हँसते थे। आज पूरी दुनिया योग कर रही है। पहले कुछ लोग हमारी विरासत को कोसने में ही अपनी उपलब्धियां समझते थे। जैसे ही पीएम मोदी ने अपनी विरासत का अगाज करने का कार्य किया, पूरी दुनिया हमारी विरासत से जुड़ना चाह रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में संचालित आयुष के मेडिकल कालेज, अस्पताल, वेलनेस सेंटर व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर आयुष विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर, चिकित्सा अधिकारियों के साथ ही विधि विज्ञान प्रयोगशाला के कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए। आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री योगी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसीलिए आठ वर्षों से करोड़ों करोड़ लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस सूचित, पारदर्शिता, ईमानदारी के साथ नौकरी मिली है, आपको नियुक्ति पत्र आज मिल रहा है, आप भी उसी तरफ ईमानदारी और हृदय की गहराइयों से अपना कार्य कीजिये। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी।

# समाजवादी पार्टी एक समस्यावादी पार्टी है : डिप्टी सीएम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि ग्वाल के बेटे को गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल तय है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा बहादुर अखिलेश यादव की यही समस्यावादी सोच इन्हें समस्यावादी पार्टी बनायेगी।

उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि किसान, खासकर ग्वाल के बेटे को अगर गाय के गोबर से दुर्गंध आने लगे तो समझना चाहिए कि वह अपनी जड़ों और समाज से पूरी तरह कट चुका है। कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने लिखा था कि किसान के बेटे को अगर गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल तय है। सपा बहादुर अखिलेश यादव को भी गोबर से दुर्गंध आ रहा है, उनकी पार्टी का समाप्त वादी में तब्दील होना तय है। केशव प्रसाद मौर्य ने आगे लिखा कि तुष्टिकरण और मुगलिया सोच में आकंठ डूबा विपक्ष, एकलिंग महादेव के उपासक राष्ट्र-गौरव महाराणा प्रताप के पूर्वजों खासकर राणा सांगा का अपमान कर केवल इतिहास ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता पर भी गहरा आघात कर रहा है। उनके इस अपराध को देश क़तई माफ़ नहीं करेगा। समाजवादी पार्टी की एक ही पहचान - केवल उनके यादव परिवार का हो सम्मान! यही उनका इतिहास रहा है, यही वर्तमान है और यही भविष्य भी। समाजवादी पार्टी एक समस्यावादी पार्टी है। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि औरंगज़ेब महान, राणा सांगा का अपमान - सपा का दोहरा ज्ञान।अखिलेश यादव जब आपके विधायक अबू आज़मी औरंगज़ेब को महान बता रहे थे, तब आप चुप थे, बल्कि उनका समर्थन कर रहे थे। जब आपके सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा का अपमान किया, तब भी आप उनके बचाव में खड़े थे। अब अचानक वीरों का सम्मान याद आ गया? यह 'पलटीमार सम्मान' नहीं चलेगा। सपा की नीति साफ़ है, वोटबैंक के हिसाब से इतिहास भी बदलो, बयान भी बदलो।

## खबरें एक नजर में

### प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक ने बैठक की

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक अनूप कुमार सतपथी ने आज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय सभागार में मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल तथा अपर मण्डल रेल प्रबंधक विक्रम कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह की उपस्थिति में परिचालन विभाग से संबंधी समीक्षा बैठक की तथा परिचालन विभाग के 30 कर्मचारियों को रेल सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं महत्वपूर्ण कार्यो के निष्पादन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि रेलकर्मी हमारे रेल संचालन की रीढ़ है। हमारे रेलकर्मी स्टेशन पर ड्यूटी करने की हो, या ट्रैक की निगरानी की हो, या फिर तकनीकी चुनौतियों का सामना करने की, हमारे रेलकर्मी हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों को बड़ी बखूबी निभाते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक/कोचिंग अरिजीत सिंह, मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक रिकिता तथा सहायक परिचालन प्रबन्धक/संचलन मनीष कुमार व अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### पीडब्ल्यूडी इंजीनियर का शव इंदिरा डैम में मिला

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से लापता पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर का शव इंदिरा डैम में मिला है। मंगलवार को वह घर से बिना कुछ बताए निकले थे। दोनों मोबाइल घर पर ही छोड़ दिए थे। देर रात स्कूटी इंदिरा डैम के पास मिली थी। इसके बाद से एसडीआरएफकी टीम तलाश कर रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। विवेक कुमार सोनी मनकापुर गोंडा के रहने वाले थे। वह पीडब्ल्यूडी में जूनियर इंजीनियर थे। लखनऊ में आशियाना इलाके में गर्वमेंट क्वार्टर में पत्नी सीमा और बेटे के साथ रहते थे। पत्नी बाराबंकी में टीचर है। सीमा ने बताया मंगलवार सुबह 10 बजे वह घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटे को परिवार को जानकारी दी। इसके बाद थाने जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। रात एक बजे स्कूटी इंदिरा डैम के पास खड़ी होने की सूचना मिली। बुधवार को पूरा दिन एसडीआरएफकी टीम इंदिरा डैम में तलाशती रही। रेस्क्यू के दौरान डैम में इंजीनियर विवेक नहीं मिले। एसडीआरएफकी टीम ने जाल लगाया था। गुरुवार को फिर से सर्च अभियान चलाया गया। गोसाईंगंज के दुलारमऊ के पास दोपहर 2 बजे विवेक का शव इंदिरा डैम में मिला। विवेक के परिचित ने बताया कि एक हफ्ते पहले उन्होंने अपने पिता को कॉल करके काम में मन न लगने की बात कही थी। इस पर पिता ने नौकरी छोड़ देने की बात कही थी। मंगलवार को अचानक बिना कुछ बताए गायब होने से परिवार परेशान रहा।

### लूट के दौरान महिला के विरोध करने पर चाकू से किया लहूलुहान, आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुई, कि एक महिला जिसका नाम शिवानी गौतम है, लूट के दौरान लुटेरे ने चाकू मारकर घायल कर दिया गया था, सूचना को संज्ञानित लेते हुए तत्काल थाना प्रभारी श्रीकांत राय घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि, महिला शिवानी गौतम पत्नी नरेश गौतम निवासी होरीलाल मंदिर के पास शुभम मार्केट, फरीदपुर थाना ठाकुरगंज लखनऊ अपने घर के अंदर घायल अवस्था में पड़ी हुई थी, तत्काल पुलिस टीम द्वारा महिला को उपचार हेतु एरा मेडिकल कॉलेज दाखिल कराया, पूछताछ करने पर महिला ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला सोनू उर्फ अंकित प्रजापति ने मेरे ऊपर चाकू से हमला कर लहूलुहान मुझको कर घर में रखे हुए जेवरात लेकर भाग गया, थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, आरोपी सोनू प्रजापति फरार चल रहा था पुलिस टीम लगातार तलाश कर रही थी, लेकिन थाना प्रभारी श्रीकांत राय की सूझबूझ से आरोपी सोनू प्रजापति को हिरासत पुलिस में लिया गया, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ व भारी मात्रा में जेवरात भी बरामद किया, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

### कूड़े में आग से प्रचार गाड़ी में लगी आग दमकल ने 15 मिनट में पाया काबू

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में शरारती तत्व ने कूड़े में आग लगा दी। जिसकी चपेट में आने से कई दिन से खड़ी प्रचार वाहन की गाड़ी जल गई। तेज लपटें देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके से पहुंची दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। विभूति खंड इलाके में रेलवे क्रासिंग के पास गुरुवार दोपहर करीब 4 बजे अज्ञात युवक ने कूड़े में लगा दी। जिसकी वजह से वहां पर खड़ी प्रचार गाड़ी जल गई। तेज लपटें देख इलाके में भीड़ जमा हो गई। कुछ देर के लिए वहां आवाजाही बंद हो गई। इसके बाद राहगीरों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इंदिरा नगर और गोमतीनगर फायर स्टेशन दो गाड़ियां मौके से आग बुझाने पहुंची। 15 मिनट में फायर टीम ने आग पर काबू पा लिया। आसपास कई अन्य प्रचार वाहन खड़े थे। अगर समय से फायर ब्रिगेड नहीं पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं दूसरी तरफकुछ अन्य गाड़ियां भी खड़ी थीं।

# सपा सांसद के आवास पर हमले का पल्लवी पटेल ने किया विरोध

लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।

अपना दल (कमेरावादी) की नेता एवं समाजवादी पार्टी (सपा) की विधायक पल्लवी पटेल ने आगरा में सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हमले के खिलाफ बृहस्पतिवार को धरना प्रदर्शन किया। पल्लवी पटेल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ परिवर्तन चौक स्थित डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा के समीप एकत्रित हुई और इसके बाद वे सभी विधानसभा की ओर बढ़े। हालांकि, पुलिस ने मेट्रो स्टेशन के पास उन्हें रोक दिया।

पुलिस ने कहासुनी के बाद पल्लवी पटेल और करीब 200 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में पटेल ने कहा, ''दलित सांसद के घर पर हमला लोकतंत्र पर हमला है और यह कानून व्यवस्था बनाए रखने में




राज्य की विफलता का स्पष्ट संकेतक है।श्श् उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की घटनाएं लोगों का महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए की जा रही हैं। पटेल ने रामजी लाल सुमन की अनुपस्थिति में उनके आवास पर हमले को गहरी साजिश करार देते हुए इसे कानून, संविधान और डॉक्टर बीआर आंबेडकर की विचारधारा पर हमला बताया। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा लगाने और हिंसा में करणी सेना की कथित भूमिका के लिए उस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसकी समीक्षा करने की मांग की। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें राज्यसभा सांसद कथित तौर पर यह कहते हुए दिखे कि राणा सांगा एक गद्दार था, जो इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को लाया था। राणा सांगा या संग्राम सिंह 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे। इस बयान का विरोध करते हुए करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बुधवार को यहां हरि पर्वत चौराहा के पास सांसद के मकान में तोड़फोड़ की।

## समाजवादी छात्र सभा ने किया प्रदर्शन

आगरा में सपा के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के आवास पर गुरुवार को हुए बवाल का असर आज लखनऊ में देखने को मिला। लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर समाजवादी छात्र सभा के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस दौरान सरकार का पुतला भी फूंकने की कोशिश की गई। सपा सदस्यों को काबू में करने के लिए पुलिस को बीच बचाव करने के लिए आगे आना पड़ा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने संगठन के छात्रों को हिरासत में लेकर ईको गर्डन रवाना किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा विनीत कुशवाहा, ईकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार, शिवा जी यादव, अनमोल राय, विक्रम यादव, प्रेम यादव, कांची यादव आदि मौजूद रहे।

## अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर कसा तंज, कहा-

# काम की तरह पोस्टर से तस्वीर भी गोल

*लखनऊ, समृद्धि न्यूज।*



समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी की योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर अपनी उपलब्धियों को बताने के लिए जारी पोस्टर को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए कहा कि उनके काम की तरह ही इस पोस्टर से उनकी तस्वीर भी गायब है। अब उन्हें भी वापस चले जाना चाहिए। सपा प्रमुख ने यूपी की योगी सरकार के 8 साल की उपलब्धियों को बताने वाले एक पोस्टर को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर किया। इस पोस्टर में महाकुंभ में उमड़े करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ और अयोध्या में भव्य राम मंदिर की तस्वीर 8 नंबर की आकृति में दिखाई गई है। इनमें ऊपर की ओर राम मंदिर है और नीचे पीएम मोदी की महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान की तस्वीर हैं। लेकिन, इस पूरे पोस्टर में कहीं भी सीएम योगी को फोटो नहीं हैं। इस पोस्टर के साथ नीचे की ओर लिखा गया है यूपी में विकास के आठ साल। अखिलेश यादव ने इस पोस्टर से सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीर नहीं होने को लेकर तंज कसा और लिखा-उप्र के 'झूठे विकास' के प्रचार में जिनकी तस्वीर तक नहीं लगी है, वो अपने आप ही ससम्मान वापस चले जाएं तो अच्छा है। उनकी तस्वीर, उनके काम की तरह ही गोल है।

# नगर निगम जलकल कर्मचारी संरक्षक बने शशि कुमार मिश्रा



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ, लखनऊ की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिसमें पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा को प्रमुख संरक्षक और प्रदीप कुमार सिंह गुड्डू पूर्व संरक्षक और पूर्व संयुक्त सचिव मो. हनीफ को सहायक संरक्षक चुना गया। जबकि आर.पी. सिंह पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष को विधि सलाहकार चुना गया। यह जानकारी अध्यक्ष आनन्द कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष गोमती त्रिवेदी, विभा यादव, हरि शंकर पाण्डे, चन्द्रमोहन, धीरेन्द्र विक्रम सिंह, सत्येन्द्र सैनी, विजय शंकर पाण्डे, अमरेन्द्र नाथ दीक्षित, महामंत्री सैय्यद कैसर रजा, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव, संगठन मंत्री संतोष कुमार अरूणा कुँवर जयसिंह, वरिष्ठ मंत्री मनोज कुमार वर्मा, मंत्री संजय श्रीवास्तव, विवेक अवस्थी, वृजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, अक्षत बंसल, संजय चन्द्रा चुने गए। इसके अलावा संयुक्त मंत्री कुलदीप चौधरी, पियूष कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार, भीमसेन सिंह अमित, अवन्तिका, सुनीता भट्ट, दिग्विजय सिंह यादव, पंकज अवस्थी, प्रचार मंत्री अब्दुल रशीद,सम्प्रेक्षक अजय कुमार सिह, कार्यालय मंत्री अनिल कुमार शुक्ला को चुना गया है। चुनाव अधिकारी आर. पी. सिंह ने बताया कि सदस्य कार्यकारिणी विष्णुजी तिवारी, रचित शुक्ला, राजेन्द्र कुमार, विजय कुमार श्रीवास्तव, राशिद अकरम, आयुष पन्त, मो. अय्यूब, रमा शंकर यादव, मनोज पटेल, इंसिया आब्दी, अभिनव प्रताप शाही, सुधाकर मिश्र, संध्या आर्या, प्रमोद यादव, विजय कुमार, सतीश कुमार,श्रीमती अंकिता शुक्ला, वीरेन्द्र सिंह, कुसुमसरोज, तारकेश्वर पाण्डे, अमरीश अवस्थी, आशुतोष, अक्षय सिंह, संजय यादव, आशीष कुशवाहा चुने गए। नवगठित 60 सदस्यीय संघ कार्यकारिणी का चुनाव अधिकारी द्वारा, की गयी घोषणा के अवसर पर संगठन के शशि कुमार मिश्र, प्रमुख संरक्षक, पूर्व अध्यक्ष द्वारा सभी निर्वाचित पदाधिकारियों, सदस्यों को माला-फूल पहनाकर स्वागत किया तथा कर्मचारियों एवं संगठन के अन्य सहयोगी संगठनों द्वारो ढोल-नगाणे के साथ नगर निगम मुख्यालय के विभिन्न विभागों में जाकर अधिकारियों, कर्मचारियों से शिष्टाचार भेंट करते हुए संघ द्वारा कर्मचारी एवं संस्था हित में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का वचन लिया गया तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री आनन्द मिश्र द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति पूर्व अध्यक्ष के पदचिन्ह की भाँति सार्थक लड़ाई एवं उनके निदान कराये जाने का वचन दिया गया।

## अमित शाह से मिले सतीश महाना



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने आज पीएम नरेंद्र मोदी से भेंट के बाद देश के गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से आज नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# सशक्त नेतृत्व, पारदर्शित व निष्पक्षता योगी सरकार की पहचान : डॉ. राजेश्वर सिंह

▸ 2014 व 2017 रहे बदलाव के साल : सुषमा खर्कवाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पूरे प्रदेश में आयोजित हो रही प्रदर्शनी व अन्य कार्यक्रमों की कड़ी में वृहस्पतिवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह ने महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल के साथ अपने आशियाना स्थित आवास पर प्रेस वार्ता की।

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 11 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। पूरे प्रदेश में लगाई जा रही प्रदर्शनियों को विधायक ने निष्पक्षता और जबाबदेही का प्रमाण बताया। विधायक ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर सरकार के 40 से अधिक विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर जनता के सामने 8 साल में अपने कार्यों, योजनाओं और प्रस्तावों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जा रहा है। लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा वर्ष 2014 में भारत ने कांग्रेस और वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश ने परिवारवादी समाजवादी पार्टी के शासन का अंत किया। इन बदलावों का परिणाम है कि आज कुम्भ जैसे आयोजन दिव्यता और भव्यता के साथ हो रहे हैं। देश और प्रदेश प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

# उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की दो दिवसीय बैठक आयोजित

▸ प्रशासनिक कार्यों एवं कर्मचारी हित संबंधी बिंदुओं पर हुई वार्ता

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के सभागार में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की 215 वीं दो दिवसीय स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक मण्डल कार्यालय के सभागार में में हुई। इस बैठक का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा ने किया।

बैठक का उद्देश्य प्रशासन एवं यूनियन के आपसी सामंजस्य एवं सहभागिता के द्वारा पारदर्शिता के साथ प्रशासनिक एवं कर्मचारी मुददों के त्वरित समाधान की दिशा में तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उचित समय पर निस्तारण करना है। यूनियन तथा प्रशासन के उचित तालमेल द्वारा प्रशासनिक कार्यकलापों को सुगमतापूर्वक एवं सरलता के साथ निर्धारित समय पर संपन्न करने के साथ ही कर्मचारी हितों एवं कल्याण की दिशा में भी यह वार्ता तंत्र अपनी महत्वपूर्ण एवं सशक्त भूमिका का निर्वहन करती है। आज आयोजित होने वाली इस बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल की वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य में क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं एवं कार्यप्रणाली से यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया, साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के हितों की दिशा में रेल प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णयों एवं उठाये गए कदमों से भी यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस बैठक में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के कर्मचारी हित एवं कल्याण संबंधी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने की अपेक्षा की। आज की इस वार्ता में महिला कर्मचारियों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में विस्तार करने, मंडलीय चिकित्सालय में रोगियों को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करने, रेलवे कॉलोनियों का उचित रखरखाव करने, मण्डल में स्थित कर्मचारी विश्राम गृहों तथा रनिंग रूमों में सुविधाओं को बढ़ाने तथा कर्मचारी हित संबंधी सभी मामलों का यथासमय निपटान करने जैसे अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई। वार्ता तंत्र में अपर मण्डल रेल प्रबंधक, नीलिमा सिंह, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के मण्डल अध्यक्ष, आर.पी.राव, मण्डल मंत्री,अवधेश कुमार दूबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उपलब्धि — सीएम योगी के नेतृत्व में संकल्प परियोजना ने यूपी में भरी उड़ान

# संकल्प परियोजना से 63,000 छात्रों को मिला कौशल प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। इस दौरान संकल्प परियोजना (आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता) ने युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत सरकार और विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से संचालित इस परियोजना ने प्रदेश में न केवल कौशल प्रशिक्षण को आधुनिक और समावेशी बनाया, बल्कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

संकल्प परियोजना ने योगी सरकार के 8 वर्षों में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा दी है। यह परियोजना न केवल युवाओं को रोजगार के लिए तैयार कर रही है, बल्कि वंचित समुदायों को सशक्त बनाकर सामाजिक समावेशन को बढ़ावा दे रही है। डिजिटल शिक्षा, औपचारिक शिक्षा से तालमेल, और आधुनिक तकनीक पर जोर देकर संकल्प परियोजना ने उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाया है।

संकल्प परियोजना के क्रियान्वयन से स्किल ईको सिस्टम में आया क्रांतिकारी बदलावप्रदेश के स्किल ईको सिस्टम में गुणात्मक सुधार लाने और युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाने के लिए संकल्प परियोजना के तहत वर्ष 2019-20 में भारत सरकार से 74.48 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट स्वीकृत कराया गया। इसके लिए कई नवाचारी और संस्थागत हस्तक्षेप किए गए, जिसमें जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) की तैयारी, क्षेत्रीय स्तर पर कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकताओं और रोजगार संभावनाओं के आधार पर प्रशिक्षण योजनाओं का संचालन, कौशल प्रतियोगिताओं और रोजगार मेलों का आयोजन को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। पहली बार जिला कौशल समिति के माध्यम से डीएसडीपी का निर्माण कराया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करते हैं।

वर्ष 2021-22 में डीएसडीपी की सिफारिशों के आधार पर लक्ष्य आवंटन सुनिश्चित किया गया, जिससे क्षेत्रीय सहभागिता के साथ कौशल प्रशिक्षण को अधिक व्यावहारिक बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश में संकल्प परियोजना द्वारा युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के माध्यम से अभिमुखीकरण कार्यक्रम संचालित किए गए। इसके तहत जनपद गोरखपुर में 1,475 युवा उद्यमियों और उत्साही युवाओं को लाभान्वित किया गया। स्वरोजगार की संकल्पना को साकार करने के लिए आरडीटी मॉडल के आधार पर अनुसूचित जाति/जनजाति की 660 महिलाओं को मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर में प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रयासों ने न केवल युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया, बल्कि वंचित समुदायों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई।

### औपचारिक शिक्षा से जोड़ा गया कौशल प्रशिक्षण

योगी सरकार ने संकल्प परियोजना के जरिए कौशल प्रशिक्षण को डिजिटल और औपचारिक शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रदेश के युवाओं को किसी भी समय और स्थान से नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण की सुविधा देने के लिए एनसीवीईटी द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों के डिजिटल संस्करण लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाले 63,000 छात्र-छात्राओं को उनके नियमित पाठ्यक्रम के साथ नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया। संकल्प परियोजना ने समाज के उपेक्षित वर्गों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया। महिला संरक्षण गृह की संवासिनियों, किशोर सुधार गृह के किशोरों और कारागार बंदियों को आजीविका के लिए सक्षम बनाने के लिए 2,958 व्यक्तियों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया। दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए, जिसमें 2,200 दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा गया। इसके साथ ही, 10,000 महिला प्रशिक्षणार्थियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण और निर्भया किट प्रदान की गई। प्रशिक्षणार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप कैरियर चुनने में मदद के लिए कैरियर काउंसलिंग एजेंसी के माध्यम से 1,00,000 प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया गया।

# लखनऊ हाईकोर्ट राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान पर सख्त

## पीआईएल के जवाब में कहा, सरकार तिरंगा के सम्मान में चलाए जागरूकता अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ हाईकोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए सरकार पहले से ही कदम उठा रही है, लेकिन इसे और प्रभावी बनाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। याचिकाकर्ता एडवोकेट मोतिलाल यादव ने पीआईएल दाखिल कर मांग की थी कि राष्ट्रीय ध्वज संहिता 2002, राज चिन्ह एवं नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम 1950 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम 1971 को प्रभावी ढंग से लागू करने के आदेश दिए जाएं।

साथ ही, सरकार को जनजागरूकता अभियान चलाने और




इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के जरिए तिरंगे के सम्मान से जुड़ी जानकारियां प्रसारित करने के निर्देश दिए जाएं। न्यायमूर्ति रहमान मसूदी और अजय कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा सरकार पहले से ही इस दिशा में कदम उठा रही है। केंद्र सरकार ने 18 जुलाई 2023 को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र भेजकर राष्ट्रीय ध्वज संहिता के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए थे। अदालत ने सरकार से अपेक्षा जताई कि वह इस जागरूकता अभियान को और प्रभावी ढंग से लागू करे। याचिका में तिरंगा नाम से बिक रही अगरबत्तियों पर भी आपत्ति जताते हुए कंपनी का लाइसेंस रद्द करने की मांग की गई थी। हालांकि, अदालत ने कहा इससे तिरंगे का कोई अपमान नहीं हुआ है, इसलिए इस मांग को खारिज कर दिया गया।

अदालत ने पीआईएल को सुनवाई योग्य मानते हुए सरकार को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया, लेकिन अगरबत्ती ब्रांड को लेकर की गई मांग को खारिज कर दिया। इसके साथ ही, अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया।

# माताएं बच्चों को साफ सुथरा बनाकर भेजें आंगनवाड़ी केंद्र : राज्यपाल

- शिक्षा-स्वास्थ्य किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ आनंदीबेन पटेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को गोंडा जिले का दौरा किया। जहां पर उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया।

इस अवसर पर उन्होंने 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री स्कूल किट, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण पोटली, स्वास्थ्य विभाग द्वारा बालिकाओं को हाईजीन किट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत आयुष्मान कार्ड वितरण, राजस्व विभाग द्वारा भूमि सुधार योजनान्तर्गत आवासीय पट्टा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को उपकरण, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत छात्रों को टैबलेट, जिला ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी नीति अन्तर्गत पापकार्न मशीन, मैजीपुर चीनी मिल द्वारा महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंदों तक



इनका लाभ पहुंच सके। कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की छात्राओं की प्रेरणादायक उद्बोधन और आंगनबाड़ी के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति की उन्होंने खूब प्रशंसा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभ से ही सही संस्कार और शिक्षा देने से वे आत्मनिर्भर बनेंगे और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**गोंडा को बनायें बाल विवाह और दहेज प्रथा मुक्त जनपद - राज्यपाल** उन्होंने गोंडा से बाल विवाह और दहेज प्रथा को जड़ से समाप्त करने की अपील कीं। इसके लिए उन्होंने सभी लोगो को संकल्प भी दिलवाया कि जनपद में कोई भी बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा।

**सरकार दे रही स्वरोजगार को बढ़ावा - राज्यपाल** राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के युवाओं को स्वरोजगार की ओर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु बहुत सी योजनाएं संचालित हैं। देश की बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज को निर्देश दिए कि वह अपने यहां युवाओं को ट्रेनिंग दें एवं ट्रेनिंग उपरांत उन्हें वहीं पर रोजगार भी प्रदान करें। उन्होंने सभी माताओं से कहा कि वह अपने बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र भेजने से पहले अच्छी तरह से तैयार करें,उनकी साफ सफाई पर पूरा ध्यान दें, उनकी ड्रेस साफ सुथरी रखें, जिससे कि वह बेहतर दिखे। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भी बच्चों की ड्रेस को लेकर सचेत रहें, यदि कोई बच्चा साफ सुथरी ड्रेस पहन के नहीं आता है तो उसे साफ ड्रेस पहनकर आने को कहें। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह,विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला अध्यक्ष भाजपा अमर किशोर कश्यप सहित सभी संबंधितान उपस्थित रहे।

# पुलिस कस्टडी में नाबालिक की मौत उठी दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**गोण्डा समृद्धि न्यूज़।**



ञ्सुभासपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष मिश्र ने मुख्यमंत्री एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर जनपद बस्ती के उभाई निवासी नाबालिक आदर्श उपाध्याय की दुबौलिया थाने में पुलिस कस्टडी में हुई मौत को लेकर दोषियों के विरुद्ध एफ.आई.आर.दर्ज कर गिरफ्तारी कर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की। मनीष मिश्र ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी सुरक्षा एवं आर्थिक मदद प्रदान की जाए।समस्त दोषियों के विरु द्ध कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की तथा भविष्य में इस तरह की अमानवीय कृत्यों की पुनरावृत्ति ना हो और जनता के बीच मित्र पुलिस की उत्तम छवि बरकार रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। पुलिस पर पिटाई का आरोप, नाबालिग को पूछताछ के लिए चौबीस घंटे तक थाने में रखने और परिजनों को देरी से सौंपने का आरोप। साथ ही कहा कि रविवार को प्रदेश प्रवक्ता मनीष मिश्र पीड़ित परिवार से मिलने जायेंगे एवं हरसंभव मदद करने के लिए तैयार हैं।

# शराब पार्टी में हुई कहासुनी, चाकू गोदकर युवक हुआ फरार

- घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हरकत में आए
- घायल बृज भूषण को सीएचसी विशेश्वरगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल किया रेफर

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



शराब के नशे में धुत दोस्तों की महफिल देखते ही देखते खूनी जंग में बदल गई। मामूली कहासुनी के बाद गुस्से में बेकाबू एक युवक ने अपने साथी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए और मौके से फरार हो गया। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से 24 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।घटना विशेश्वरगंज की है, जहां बृज भूषण (35), निवासी ग्राम गुरुचाही, शुक्ल पुरवा,थाना पयागपुर अपने कुछ साथियों के साथ शराब पार्टी कर रहा था।

इसी दौरान किसी बात पर बहस छिड़ गई, जो इतनी बढ़ी कि शैलेंद्र कुमार तिवारी उर्फ मुटुरु, निवासी ग्राम कांधीकुइया ने बृज भूषण पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने इतने ताबड़तोड़ वार किए कि वहां मौजूद लोग भी दहशत में आ गए। खून से लथपथ बृज भूषण जमीन पर गिर पड़ा और आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नवीन सिंह अपनी टीम के साथ हरकत में आए। गंभीर रूप से घायल बृज भूषण को तुरंत सीएचसी विशेश्वरगंज ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

डॉक्टरों की तेजी और इलाज से घायल की जान बच गई और अब वह खतरे से बाहर है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। आरोपी शैलेंद्र कुमार तिवारी की तलाश में पुलिस ने जाल बिछाया और महज 24 घंटे के भीतर उसे पयागपुर से गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि घायल के भाई शशि भूषण की तहरीर पर पुलिस ने धारा 109, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पयागपुर थाने मे पहले भी कई मुकदमे दर्ज है। इस केस में एक अज्ञात आरोपी भी शामिल है, जिसकी तलाश जारी है।

# 29 मार्च तक हर हाल में लाएं गन्ना : मुख्य गन्ना प्रबंधक

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

पारले चीनी मिल परसेण्डी ने 30 मार्च के लिए द्वितीय बंदी सूचना जारी करते हुए किसानों से अनुरोध किया है कि चीनी मिल का पेराई सत्र 2024-25 तेजी से बंदी की ओर अग्रसर है। किसानों के कैलेंडर की समस्त पर्चियां निर्गत कर दी गई है। मुख्य गन्ना प्रबंधक जगतार सिंह ने बताया कि जिन किसानों के पास पेराई योग्य गन्ना बचा है वह शीघ्र ही अपना गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति कर दे।

जिन किसानो के खाते मे पर्चियां नही है वह 27 मार्च से क्रय केन्द्रो एवं 29 मार्च से गिल गेट पर फ्री पर्ची प्राप्त कर गन्ना डाल सकते है। इसके उपरांत पेराई सत्र 2024.25 का समापन हो जाएगा।

# पत्रकारों पर दिन प्रतिदिन हो रहे हमले पर पीएसकेएस संगठन ने जताई चिंता

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

पत्रकार समाज कल्याण समिति गोण्डा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता की अगुवाई में दिल्ली के एक मुख्य अखबार की महिला पत्रकार के साथ की गई अभद्रता एवं अमेठी के मुख्य अखबार के पत्रकार पर जानलेवा हमला को लेकर आक्रोश के साथ महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है। कि देश की राजधानी दिल्ली जहां की मुख्यमंत्री एक महिला होने के बावजूद महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आज ताजा मामला सामने आया है जिसमें महिला पत्रकार के पुलिस द्वारा किए गए,अभद्रता उत्पीड़न को लेकर कार्यवाही किए जाने व पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होने की मांग जिला अधिकारी गोण्डा नेहा शर्मा के माध्यम से सौंपा गया। संगठन ने उत्पीड़न को लेकर गहरी चिंता जताई है कि। उन्होंने कहा कि चौथे स्तंभ पर किए जा रहे, कुठाराघात हमले को गंभीरता से लिया जाना अति आवश्यक है। हमारी भारत सरकार से मांग है। कि सुरक्षा कानून जल्द लागू किया जाना पत्रकार हित में अति आवश्यक हैं। ताकि पत्रकार





आईना की तरफ समाज का प्रहरी बन सकें, ज्ञापन के दौरान, संरक्षक शिवाकांत दूबे, महामंत्री विजय कुमार सोनी, डॉ जय प्रकाश ओझा, सुनील तिवारी, वागीश तिवारी,ऋषभ मिश्रा, ओ अंसारी, सहित दर्जनों पत्रकार, गीता जयसवाल जिला प्रभारी महिला बिंग मौजूद रहें।

# गाली देने का किया विरोध, चले लाठी डंडे, मुकदमा दर्ज

- पुरानी रंजिश को लेकर हुआ विवाद
- परिजन घायल अवस्था में आए थाने और की कार्यवाही की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के दलजीत पुरवा ग्राम पंचायत के अहिरन पुरवा गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र दयाराम ने गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पुरानी रंजिश व रिश्तेदारी के पूर्व विवाद को लेकर गांव निवासी हरिराम पुत्र खेलावन, राम रूप, कलावती, एवं रामरूप की पत्नी आदि लोग भद्दी भद्दी गालियां दे रही थी। जिसका विरोध किया तो सभी एक साथ लाठी, डंडा व धारदार हथियार से हमलावर हो गए। बीच बचाव करने आए मेरे भाई शोभाराम व पिता दयाराम पर भी हमलावर हो गए।

जिसमें शोभाराम के सिर में व दयाराम और दिनेश कुमार के हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में सभी को परिजन थाने लेकर आए। कार्यवाही एवं न्याय की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी घायलों को इलाज के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष जयदीप कुमार दुबे ने बताया कि मारपीट हुई है। सब एक दूसरे के रिश्तेदार है। मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, सगे भाई समेत पांच घायल

- जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के हुजूरपुर, मुर्तिहा और जरवल रोड थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि गोंडा निवासी सगे भाइयों समेत पांच घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के कैसरगंज हुजूरपुर मार्ग ग्राम पदुम पिछौरा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत



टेड़वा सुमेरपुर गांव निवासी मनीष गुप्ता पुत्र विद्याराम, सोनू गुप्ता पुत्र विद्याराम और राम बाबू पुत्र भगौती घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लाते समय सोनू गुप्ता की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। हादसे का केस दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली मुर्तिहा के लाल बोझा गांव निवासी बाइक सवार ओम प्रकाश पाल पुत्र राम गुलाम पाल हरखापुर मार्ग पर स्थित शिव शंकर इंटर कॉलेज के पास पेड़ से टकरा गए। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से गुरुवार सुबह लखनऊ रेफर कर दिया गया है। उधर गोंडा जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नकहरा राजेश निषाद पुत्र ओम अपने भाई यज्ञवीर उर्फ सचिन के साथ अपनी बालेनों कार से बुधवार शाम को महादेवा से वापस घर जा रहे थे। तभी जरवल रोड थाना क्षेत्र के एकलव्य महाविद्यालय झुकिया के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने कार में पीछे से जोरदार टक्टर मार दी। जिससे राजेश व यज्ञवीर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां यज्ञवीर की हालत नाजुक बताई जा रही है। जरवल रोड थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि राजेश की तहरीर पर ट्रक व चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# बालाजी सेवा समिति का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत कैसरगंज के रामलीला मैदान में श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने पहुंचकर पूजन अर्चन किया तथा भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने गौरव वर्मा को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी आयोजन कर्ताओं को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर इस मौके पर अध्यक्ष प्रभात सिंह उपाध्यक्ष मनोज सिंह,महामंत्री बीपी मिश्रा, राकेश गुप्ता ,राहुल प्रजापति, संजय सोनी,विनोद जैन, राजेश सोनी, बद्री नाथ यज्ञसेनी, दिलीप सोनी, रोहन सिंह,कृष्ण कुमार गुप्ता, रवि सोनी ,संजीत मौर्या,बबलू यज्ञसैनी, शिवम कौसल,जनमेजय गुप्ता, विष्णु जायसवाल ,शनि सिंह, संजय पाठक,क्षितिज जायसवाल, शक्ति यज्ञसेनी आदि मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका रनिता पांडेय हुईं सम्मानित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन विधानसभा पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल ने मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन कर तीसरे दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए महात्मा बुद्ध विद्या पीठ इंटर कॉलेज की शिक्षिका रनिता पांडेय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर शहर के बक्शीपुरा स्थित महात्मा बुद्ध विद्या पीठ इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना,राधा कृष्ण के गीत पर छात्रा अंशिका और वान्या,थीम डांस दिव्या एंड ग्रुप,मनमोहनी गीत पर जीत्सी ने नृत्य प्रस्तुत किया। कालेज की नन्ही बच्ची आरोही राज ने देश है वीर जवान का गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। नैना भारती व मुस्कान भारती ने आयो शुभ दिन आयो गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तेजवापुर की सुपरवाइजर रजनी यादव ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र की साक्षी व अंशिका ने आ जा नच ले चले मेरे यार तु नच ले...,अभय, तालिब,कृष्णा ने बापू सेहत के लिए तू तो हानिकारक है...,अक्षरा व काव्या ने गलती से मिस्टेक हो गई... गीत पर मनमोहक डांस प्रस्तुत किया। इस मौके रनिता पांडेय,निर्मला पाल,किरन श्रीवास्तव, शिल्पा पांडेय,मंजू सिंह प्रधानाचार्य अजीत कुमार वर्मा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# हत्या के दो दोषियों को हुई आजीवन कारावास की सजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के सोमई गौढ़ी गांव निवासी दो दोषियों को बुधवार को विशेष न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषियों को एक-एक लाख से अधिक अर्थदंड से दंडित भी किया है। थाना मोतीपुर के सोमई गौढ़ी गांव निवासी गुड्डू ने तीस सितंबर 2018 को तहरीर देकर कहा था कि गांव निवासी 65 वर्षीय कौशिल्या ने अपनी जमीन गांव के ही ब्रजलाल के नाम बैनामा कर दिया था। इसी बात की खुन्नस निकालने के लिए गांव निवासी राम प्रताप व कमलेश उर्फ ननकुन्ने तीस सितंबर को वृद्ध महिला को डंडा व फावड़े से पीटकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी। थाने की पुलिस ने गुड्डू की तहरीर के आधार पर हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। बुधवार को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कविता निगम ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलों को सुनते हुए राम प्रताप व कमलेश को मुकदमे में दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषियों को एक लाख तीन-तीन हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।

# श्री चित्रगुप्त सभा के अरविंद श्रीवास्तव गप्पू बने पुनः अध्यक्ष

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के श्री चित्रगुप्त सभा के पुनः अध्यक्ष बने अरविंद श्रीवास्तव गप्पू जिन्हें सर्वसम्मति से दोबारा अध्यक्ष चुना गया। श्री चित्रगुप्त सभा गोंडा की कार्यकारिणी की बैठक श्रृंगारकुंज ठाकुरद्वारा श्री चित्रगुप्त मंदिर में मंगलवार की शाम को हुई।

प्रारंभ में भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया। इसके पश्चात कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव पूर्व प्रधान ने श्री चित्रगुप्त सभा द्वारा पूर्व में अच्छे कार्य को देखते हुए अरविंद श्रीवास्तव गप्पू भैया को अध्यक्ष पद पर पुनः दो वर्ष के लिए निर्विरोध मनोनीत किया गया। इस पर सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने समर्थन कर फूलमालाएं पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। अरविंद श्रीवास्तव



ने कहा कि आप लोगों ने मुझे जो पुनः दायित्व सौंपा है, उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा। कोई भी कार्य आप लोग बिना संभव नहीं है जैसे सर्व समाज के लिए डेड बॉडी चिल्लर बॉक्स लेना हो या कोरोना काल में ऑक्सीजन कंसुलेटर मशीन गरीब परिवारो के शादी में सहयोग या गरीब बच्चों की शिक्षा में आर्थिक सहयोग देना हो या फिर अपने समाज के लिए भगवान चित्रगुप्त मंदिर का भव्य निर्माण करना हो।उसमें सभी के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ है इसलिए आने वाले समय में समाज के लिए ऐसे ही अच्छे कार्य करने का प्रयास करूंगा इस बैठक में आलोक सिन्हा ,अनूप श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव ,हर्षवर्धन पंकज सिन्हा अश्विनी श्रीवास्तव एड. राजन श्रीवास्तव कमल श्रीवास्तव गगन रमेश दिनेश के साथ समस्त कायस्थ समाज में हर्ष व्याप्त है।

# विधायक सुभाष त्रिपाठी ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़ ।**

पयागपुर तहसील परिसर में आयोजित सेवा सुरक्षा और सुशासन कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने सरकार के आठ वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद तक विकास की सुविधाएँ पहुँचाना है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल सके। सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएँ कार्यक्रम के दौरान विधायक ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिनमें शामिल हैं–प्रधानमंत्री किसान सम्मान



निधि योजना - किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए। प्रधानमंत्री आवास योजना - गरीबों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए।स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय निर्माण योजना) - खुले में शौच से मुक्ति के लिए। उज्ज्वला योजना - महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने के लिए। आयुष्मान भारत योजना - गरीबों को पाँच लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने के लिए। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जरूरतमंदों को मुफ्त राशन देना। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने न सिर्फ गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए योजनाएँ चलाईं, बल्कि सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी कई कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, कमलेश सिंह, सचिदानंद पाठक, राज कुमार शुक्ल, आनंद पांडेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जनता ने सरकार की योजनाओं को गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लाभकारी बताते हुए उनकी सराहना की और उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी इसी तरह विकास कार्यों की गति बनी रहेगी।

# स्वयं सेवकों को योग से निरोग रहने के बताए गए गुर

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में योगा करके स्वास्थ्य जीवन जीने की कला दे रहे योगाचार्य इस बार एनएसएस शिविर में स्वयं सेवकों को योग से निरोग रहने के गुर बताए।श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालयएगोण्डा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय छावनी सरकार में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त स्वयंसेवकों योगाभ्यास करवाया और योग से होने वाले लाभ और उसके महत्व के बारे में समझाया। इस अवसर पर योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि योग ही निरोग रहने का एक मात्र उपाय है जो हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करता है।इसलिए आप सभी को अपने दैनिक जीवन में योगाभ्यास को शामिल करना चाहिए और योग से होने वाले अभूतपूर्व शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ के संबंध में जानकारी दी एवं योग को अपने दिनचर्या में सम्मिलित करने का आवाहन किया। शिविर के अंत में स्वयंसेवकों ने करें योग रहें निरोग का नारे लगाकर स्वयं को और समाज को स्वस्थ रखने का संकल्प भी



दिलवाया गया।योगाचार्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से सेवाभाव सीखना चाहिए और इसे जीवन पर्यन्त समाज कल्याण में लगाना चाहिए। शिविर में सीखे गए सद्गुणों को जीवन में आत्मसात कर समाज की सेवा करें।इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ. परवेज आलम ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर अभिजीत यश भारती, संदीप बर्मा, प्रिया तिवारी, इषिता जायसवाल, वर्षा पाण्डेय, पलक सिंह, बबिता आनंद, सूरज मिश्रा, पद्मिनी यादव, खुशी कौशल, आकांक्षा मौर्या, आशीष तिवारी, अमन वर्मा, आर्यन पाठक, घनश्याम राधिका, दिवाकर, आशीष चतुर्वेदी सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# 39 विद्यालयों को मिला सम्मान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पयागपुर के प्रांगण में परिषदीय विद्यालयों के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों, समिति के सदस्यों एवं प्रधान शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पयागपुर ब्लॉक में अवस्थित सभी 169 विद्यालयों के प्रधान शिक्षक और एसएमसी अध्यक्षों,नोडल शिक्षक संकुलों एवं एआरपी आमंत्रित किया गया था,सभी ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला की अध्यक्षता बीईओ पयागपुर डाली मिश्रा ने किया।संचालन एआरपी राजेश कुमार मिश्रा ने किया। इस कार्यशाला के जनपदीय प्रशिक्षक प्रतिनिधि राजेश कुमार मिश्र, प्रशिक्षक अतुल कुमार त्रिपाठी,प्रदीप कुमार पांडेय ने उपस्थित जन समुदाय का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य एसएमसी सदस्यों का उन्मुखीकरण करना एवं निपुण विद्यालयों को सम्मानित करना है।

# बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर: श्यामलाल पाल

- सबका साथ सबका विकास, सिर्फ स्लोगन: वीरेंद्र यादव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर सदर विधानसभा क्षेत्र के दूलगंज ग्राम भैदपुर विकासखण्ड रही में पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम वरिष्ठ सपा नेता व संस्थापक-प्रबंधक न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स डॉ शशिकांत शर्मा के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल और विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव अताउर्रहमान , प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी तथा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।







### बीजेपी की करनी और कथनी में फर्क है

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने शोषितों और वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ही हमें संविधान रूपी हथियार दिया लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार उन्ही का अपमान कर रही है, हमें उनके अपमान का बदला लेना है, जिसका जवाब जनता आगामी 2027 के चुनाव में देगी। उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो पढ़ाई, दवाई और सिचाई सहित 300 यूनिट बिजली जनता को फ्री जाएगी, जिससे आप अपनी कमाई का हिस्सा अपने विकास पर खर्च कर पाएगें। उन्होंने यह भी कहा कि माननीय अखिलेश यादव जी की सरकार में महिलाओं को 3000 की पेंसन भी दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस सरकार में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। मंहगाई का आलम यह है कि सिलेंडर का दाम 1200 रुपये पंहुच रहा है।

### अगर रहा सबका साथ तो 27 होगा अपने पास

पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम को प्रदेश महासचिव अताउर्रहमान, प्रदेश उपाध्यक्ष सी एल वर्मा, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी तथा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, वरिष्ठ सपा नेता ओपी यादव, आर पी यादव, बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती, योगेशवर पटेल सहित कई समाजवादी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सम्बोधित किया। जनसंवाद कार्यक्रम में कसौधन समाज से प्रभाकर गुप्ता, के के साहू, पंकज प्रजापति, रामलखन प्रजापति चंद्रिका शर्मा, रमेश चंद्र चौरसिया, छत्रिय समाज से दद्दन सिंह, आशीष सिंह, पुतान सिंह, पूरन सिंह, सतीश सिंह तथा समर सिंह, छंगूलाल शिव प्रशाद, अनिल कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थित में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

### 27 का वार पीडीए करेगा पार: शशिकांत शर्मा

कार्यक्रम के अंत में पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शशिकांत शर्मा ने समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए कार्यो को बताया और आये हुए सभी अतिथियों और जनसामान्य को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही सभी ने आगामी चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

## अज्ञात कारणों से जंगल में लगी आग



**डलमऊ रायबरेली।** कस्बे के जंगलों में अज्ञात कारणों से लगी आग में कई बीघे में आग फैल गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों को भी सूचना दी गई डलमऊ कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के पीछे कई बीघे जंगलों में गुरुवार को दोपहर अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग की लपटे दूर तक फैल गई। लोगों के द्वारा सूचना दमकल कर्मियों को दी गई उप जिलाधिकारी डलमऊ एवं क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर पहुंचे। लोगों की मदद से दमकल कर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया उपजिला अधिकारी डलमऊ राजित राम गुप्ता ने बताया कि जंगलों में अज्ञात कारणों से आग लगी थी किसी प्रकार का कोई हादसा नहीं हुआ है आग पर काबू कर लिया गया है नुकसान के आकलन के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को निर्देशित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### सपा सांसद का पुतला फूंक कर सौंपा ज्ञापन



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** भाजपा एवं हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने अभद्र टिप्पणी के विरोध में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद का पुतला फूंका ।साथ ही जोरदार प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा हैं ।सलोन तहसील चौराहे पर समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर आजाद सिंह के नेतृत्व में भाजपा व हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। साथ ही विरोध प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला जलाया। वीर योद्धा महाराणा सांगा पर सपा सांसद द्वारा आमर्यादित टिप्पणी की गई थी। इससे आक्रोशित लोगों ने पुतला फूंका और जमकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई ।तत्पश्चात उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है ।इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला संयोजक जितेंद्र सिंह,अनुज सिंह, सुरेश सिंह,जय सिंह,मोनू समेत बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### अदालत के आदेश के बावजूद भी नहीं हो पा रहा निर्माण कार्य



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** महराजगंज ब्लॉक की बाउंड्री से हो रहे निर्माण पर कई दिनों से चर्चाओं का बाजार गर्म है। वहीं आज जब पड़ताल की गई तो रामसागर गुप्ता नेवल गंज पारा खुर्द ने बताया कि हमारी यह जमीन बैनामा की है। हमारे बड़े भाई ने चंदापुर राजा से बैनामा लिया था। निर्माण कार्य हमने शुरू किया था। दो दीवाल हमारी उठ गई थी। उसके बाद ब्लॉक वालों ने मुकदमा कर दिया था। फिर हम ब्लॉक से मुकदमा जीत चुके हैं फिर हमने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया जमीन नपवाने के लिए उन्होंने लेखपाल को आदेश किया। ब्लाक कर्मचारियों के समक्ष हमारी जमीन की नाप करवाई गई एवं निशान देही कर निर्माण कार्य करने की बात कही गई। फिर उस जगह से हमने निर्माण शुरू किया। काम हमारा 3 दिन चला कुछ समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि कोई विरोध कर रहा है। फिर बीडीओ साहब ने कहा काम रोक दीजिए। जब हमने बात की तो अधिकारियों ने कहा कि निर्णय ले रहे हैं अगर कोई रोक रहा है तो हमने कहा कि वह सामने आए। जबकि हम अदालत से जीत चुके हैं। लेखपाल ने कहा की ऑर्डर का आदेश ले आइए नवीनतम और हमारा आदेश 2022 में अदालत ने हमारे पक्ष में किया था। 2 वर्षों से कोई नहीं आया। हम दो महीने से दौड़ रहे थे पैमाइश के लिए उसके बाद हमारी पैमाइश हुई है। 3 दिन काम चला उसके बाद रोक दिया गया जबकि अदालत से हम जीत चुके हैं 9 बाई 7 मी जमीन है ब्लॉक के बाउंड्री के बगल में है। ब्लॉक की बाउंड्री जहां से खत्म है वहां से मेरी दीवाल है। नवीनतम ऑर्डर के लिए लेखपाल ने कहा है वह आर्डर हमारे पास है।

### मारपीट करने वाले अभियुक्त को न्यायालय द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि व 5,000/रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में- दिनांक- 22.03.1996 को वादी घनश्याम पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी खलवा थाना कोतवाली नगर बलरामपुर द्वारा लिखित तहरीरी सूचना दी गई कि विपक्षी द्वारा मारना पीटना व धमकी देने के सम्बन्ध में विपक्षी रामनरेश उर्फ चिथरु पुत्र बाबूलाल निवासी खलवा कोतवाली नगर के विरुद्ध थाना को. नगर पर मुअसं- 77/96 धारा- 323, 325 ,504, 506 भादवि पंजीकृत हुआ। जिसके अभियोग की विवेचना उ0नि0 सिन्धी हैदर द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी अभियोजन अधिकारी राजकुमार, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी ओम प्रकाश चौहान एवं थाना को. नगर द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त रामनरेश उर्फ चिथरु उपरोक्त को न्यायालय ACJSD/ACJM बलरामपुर द्वारा उपरोक्त धाराओं के अपराध में जेल में बितायी गयी अवधि व 5,000/रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

### एसपी ने आदि शक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर तुलसीपुर में चैत्र नवरात्रि मेला परिसर का किया भौतिक निरीक्षण



**बलरामपुर।** 27 मार्च को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार व पुलिस अधीक्षक जीआरपी मण्डल गोरखपुर संदीप कुमार मीना द्वारा आदि शक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर तुलसीपुर में आगामी चैत्र नवरात्रि में लगने वाले मेला में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मेला परिसर का किया गया भौतिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान द्वारा मन्दिर मेला परिसर का निरीक्षण कर मेला कंट्रोल रूम, CCTV कंट्रोल रूम, पुलिस सहायता केंद्र, तीर्थ स्थल, मन्दिर गौशाला, बैरियर एवं पार्किंग व्यवस्था, रेलवे स्टेशन तुलसीपुर व आस-पास क्षेत्र आदि का भ्रमण कर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित को दिए गये आवश्यक दिशा निर्देश। इस दौरान क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनन्दन राय व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित

**चरखारी।** संचारी रोग नियंत्रण सफल बनाने के लिए ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख सीमा कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक में दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें बताया गया कि 1 अप्रेल से 30 अप्रेल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान, एवं दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ ने बताया कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों पर 1 अप्रेल से 30 अप्रेल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान, एवं दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। जिसमें आंगनबाड़ी, आशा, घर-घर जाकर मलेरिया सर्दी जुखाम, बुखार से संबंधित मरीजों चिह्नित करेंगी। एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी ने सचिव एवं प्रधान सचिव सहायक सचिव को सम्बंधित बिंदुओं पर बताया कि गांव में आम रास्ते, मैदान में जमा एवं ठहरें पानी में मच्छरों के लार्वा न विकसित होने पाए इसके लिए साफ सफाई दवाओं का छिड़काव कराएं। बैठक बाल विकास परियोजना अधिकारी यास्मीन डब्लू एच ओ नमन दीक्षित, यूनीसेफ से वीरेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान संगठन ब्लाक अध्यक्ष जगदेव सिंह पटेल, महामंत्री ज्ञान चंद्र कुशवाहा, प्रधान, प्रधान बालकिशन खलक सिंह, प्रधान काशीप्रसाद ,सचिव रमेश कुमार गुप्ता, सोहिल दुर्रानी, सचिव हरबंश, आदित्य सिंह, सतीश वर्मा शिवांक यादव आदि मौजूद रहें।

## सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

- उद्यान मंत्री ने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ
- विभिन्न विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों का किया अवलोकन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय जनपदीय विकास उत्सव के अन्तर्गत मेले/प्रदर्शनी का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में किया गया। जिसके अंतिम दिवस राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उप्र दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों द्वारा भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों एवं जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वैदिक इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक/प्रमाण पत्र आदि वितरित किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों को सम्मानित भी किया गया एवं सफाई कर्मचारियों को अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने व आस्था के महाकुंभ पर बनी लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

## मछली पकड़ने गया किशोर गंगा नदी में डूबा, तलाश जारी

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली में मछली मारने गया किशोर गंगा नदी में डूब गया है। किशोर की तलाश में स्थानीय गोतोखोरों को लगाया गया है। क्षेत्राधिकारी लालगंज एके सिंह के मुताबिक आसपास जलकुम्भी ज़्यादा होने के कारण बालक की तलाश में बाधा आ रही है। मामला सरेनी थाना इलाके के सरदारगंज में गंगा तट का है। यहां निर्माणाधीन पुल के पास मल्लाही गांव का रहने वाला किशोर अमन कुमार दोस्तों के साथ मछली मारने गया था। मछली मारने के दौरान गहरे पानी के ऊपर पड़ी जलकुम्भी से वह गहराई का अंदाजा नहीं लगा सका और आगे बढ़ता गया। आगे बढ़ते ही जलकुम्भी के नीचे गहरे पानी में अमन समा गया तो उसके दोस्तों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी इकठ्ठा हो गए। उन्हीं में से किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय



गोताखोरों के साथ ही निर्माणाधीन पुल में लगे तैराकी जानने वाले मज़दूरों को भी अमन की तलाश में लगा दिया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक बालक का पता नहीं चल सका है।

## जिला अस्पताल में नए निर्देश जारी, इमरजेंसी मामलों की सूचना पर सीएमएस की रोक

**रायबरेली।** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप अग्रवाल द्वारा एक नया निर्देश जारी किया गया है, जिसमें इमरजेंसी मामलों की जानकारी सीधे साझा करने पर रोक लगाई गई है। पहले, अस्पताल में आने वाली आपातकालीन घटनाओं की सूचना डॉक्टरों द्वारा दी जाती थी, लेकिन अब इस पर नए दिशानिर्देश लागू कर दिए गए हैं। सीएमएस ने बाकायदा एक आधिकारिक पत्र जारी कर सभी डॉक्टरों को अवगत कराया है। निर्देशों के अनुसार, अगर कोई डॉक्टर इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो इसे अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, इस फैसले को लेकर चिकित्सा समुदाय और आम जनता के बीच मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ इसे प्रशासनिक अनुशासन बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कदम मान रहे हैं, तो कुछ इसे सूचना के अधिकार और पारदर्शिता को प्रभावित करने वाला निर्णय बता रहे हैं। प्रशासन इस मुद्दे पर किसी भी संभावित विवाद को टालने के लिए संतुलित रुख अपनाने की कोशिश कर रहा है।

## फुटकर दुकानों के अनुज्ञापियों को 31 मार्च की रात्रि 12 बजे तक खोले जाने की होगी अनुमति: डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- दो घंटे की इस अतिरिक्त अवधि में केवल स्टॉक टेकिंग, पीओएस मशीन की वापसी तथा अन्य प्रशासनिक कार्य सम्पादित किया जाएगा और मदिरा की बिक्री नहीं की जायेगी
- वर्ष 2025-26 के नवीन फुटकर दुकानों के अनुज्ञापियों द्वारा 31 मार्च 2025 तथा एक अप्रैल 2025 की मध्य रात्रि 12.01 एएम से दुकाने खोली जायेंगी: डीएम

जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त फुटकर दुकानों व थोक अनुज्ञापी से कहा है कि शासन द्वारा जनपद के फुटकर दुकानों के अनुज्ञापियों एवं थोक अनुज्ञापियों को अतिरिक्त समय अवधि हेतु खोले जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए गये है कि सामान्य रूप से फुटकर दुकानों की समय अवधि प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 तक एवं थोक अनुज्ञापनों की अवधि रात्रि 8:00 बजे तक ही होती है। उन्होंने बताया है कि जनपद में 01 अप्रैल 2025 को प्रातः 10 बजे से फुटकर दुकानों के सुचारू रूप से संचालन एवं मदिरा की आपूर्ति सुनिश्चत करने हेतु 31 मार्च 2025/01 अप्रैल 2025 की मध्य रात्रि से थोक अनुज्ञापनों से फुटकर दुकानों को मदिरा की आपूर्ति किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। साथ ही वर्ष 2024-25 में फुटकर दुकानों में 31मार्च 2025 की रात्रि 10 बजे के उपरान्त स्टॉक टेकिंग की प्रक्रिया सुनिश्चित किया जाना तथा उन्हें आवंटित पीओएस मशीनों को वापस लिये जाने की कार्यवाही सम्पादित किया जाना भी आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने उक्त के क्रम में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के फुटकर दुकानों के अनुज्ञापियों एवं थोक अनुज्ञापियों को निर्देशित किया है कि वर्ष 2024-25 के फुटकर दुकानों के अनुज्ञापियों को संचालन अवधि 31 मार्च 2025 की रात्रि 10 बजे के उपरान्त रात्रि 12 बजे तक खोले जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। दो घंटे की इस अतिरिक्त अवधि में केवल स्टॉक टेकिंग, पीओएस मशीन की वापसी तथा अन्य प्रशासनिक कार्य सम्पादित किया जाएगा, और मदिरा की बिक्री नहीं की जायेगी। वर्ष 2025-26 के नवीन फुटकर दुकानों के अनुज्ञापियों द्वारा 31 मार्च 2025 तथा 01 अप्रैल 2025 की मध्य रात्रि 12.01 एएम से दुकाने खोली जायेंगी, जिससे कि वे दुकान के संचालन का समय (अर्थात प्रातः 10.00 बजे) आरम्भ होने से पूर्व थोक अनुज्ञापनों से मदिरा प्राप्त कर सकें। यह स्पष्ट करना है कि अतिरिक्त कार्य अवधि में (31 मार्च 2025/01 अप्रैल 2025 की रात्रि 12.01 एएम से 01 अप्रैल 2025 की प्रातः 10 बजे तक) केवल स्टाक प्राप्त करने एवं दुकान के रख-रखाव इत्यादि अन्य प्रशासनिक कार्यो का ही सम्पादन किया जाएगा और मदिरा की बिक्री नहीं की जायेगी। मदिरा बिक्री का कार्य नियमानुसार 01 अप्रैल 2025 की प्रातः 10 बजे से ही आरम्भकिया जाएगा। समस्त थोक अनुज्ञापन 31 मार्च 2025/01 मार्च 2025 की सम्पूर्ण रात्रि खुली रहेंगी ताकि वर्ष 2025-26 के नवीन फुटकर अनुज्ञापियों को 01 अप्रैल 2025 की प्रातः 10 बजे से पूर्व मदिरा की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## पुलिस कार्यालय सभागार बलरामपुर में व्यापारी बंधुओं के साथ की गई गोष्ठी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन आज दिनांक 27.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बलरामपुर द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी व्यापारी बंधुओं से वार्ता की गई तथा उनके द्वारा बताई गई समस्याओं को सुना गया और उनके निस्तारण पर चर्चा की गई।

इस दौरान सभी व्यापारी बन्धुओं से अपील की गई कि वे अपने - अपने दुकानों/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगवाएं और कम से कम दो कैमरे आम



रास्ते/सड़क पर भी निगरानी हेतु अवश्य लगवाए जांए।

गोष्ठी के समापन पर अपर पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा मीटिंग में प्रतिभाग करने वाले सभी उद्यमियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर थानों से आये हुए अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र ने बेहतर कार्य करने वाली आशा, एएनएम, स्वास्थ्यकर्मियों को दिया प्रशस्ति

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में बड़ा परेड ग्राउंड में तीन दिवसीय विकास महोत्सव में तीसरे दिन विभिन्न विभागों द्वारा जनमानस को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रथम सेशन स्वास्थ्य एवं पोषण में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश/ सलाहकार पूर्वांचल विकास बोर्ड साकेत मिश्रा, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि साकेत मिश्रा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आशा सम्मेलन में शासन की योजना, राष्ट्रीय कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाकर लाभान्वित कराने का उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ेगा, इस पावन अवसर पर, जब हम सभी इस आशा सम्मेलन में एकत्रित हुए है, आशा बहनें और स्वास्थ्य कार्यकर्ता समाज की सच्ची नायिकाएं है। जिस समर्पण, सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है। वह



अनुकरणीय है, स्वास्थ्य सेवा का एक मजबूत स्तम्भ है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस तीन दिवसीय विकास महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जन आरोग्य मेले में 1430 मरीजों का उपचार किया गया, 323 मरीजों के रक्तचाप की जांच, 289 मरीजों का शुगर की जांच, 36 मरीजों के बलगम की जांच किया गया तथा 143 दिव्यागजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ दिग्विजय नाथ सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ बी पी सिंह डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा आदि मौजूद रहे। तीन दिवसीय विकास महोत्सव के तीसरे दिन द्वितीय सेशन सोशल सेक्टर में मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम द्वारा 30 दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल , शादी अनुदान योजना के तहत 05 पात्रों को स्वीकृति प्रमाण पत्र ,10 युवा मंगल दलों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने मार्गदर्शन एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में चौतरफा विकास किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब, महिलाओं, युवाओं एवं जन जन को मिल रहा। कृषकों को उनको उपज का लाभकारी मूल्य मिल रहा, युवाओं को रोजगार प्रदान किया जा रहा, महिला सशक्तिकरण की अनेकों योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिला रहा । उत्तर प्रदेश आज कानून के राज के लिए जाना जाता है। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें। तीन दिवसीय विकास महोत्सव का भव्य आयोजन डीएम पवन अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय विकास महोत्सव में बड़ी संख्या में जनमानस की भागीदारी रही, जनमानस को विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान की एवं विभिन्न। योजनाओं ने पात्रों के आवेदन पत्र की भराए गए।

## हमास के खिलाफ विरोध शुरू

इजराइल-हमास जंग से परेशान गाजा निवासियों का हुजूम हमास के खिलाफ पहली बार सड़कों पर उतरा। प्रदर्शनकारी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए हमास को आतंकी संगठन बताया और गाजा छोड़ने की बात कही। विरोध प्रदर्शन बड़े पैमाने हुआ जिसमें हजारों की संख्या में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हुई। दअरसल इजराइल-हमास के बीच छिड़ी जंग में अब तक 50 हजार से ज्यादा निर्दोष फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है, सवा लाख से अधिक लोग घायल हो चुके हैं, लाखों लोग बेघर हो चुके हैं।

डर के साए में जीने को मजबूर, उनका जीवन नरकीय बन गया है। जिसको लेकर गाजा में दो दिनों में हजारों की संख्या में लोग गाजा के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए। सड़कों पर उतरे लोगों ने 'हमास बाहर जाओ, हमास आतंकी है', 'हम हमास को उखाड़ फेंकना चाहते हैं' के नारे लगाने के साथ ही 'जंग खत्म करो' और 'फिलिस्तीन में बच्चे जीना चाहते हैं', लिखे पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया में हुई , जिसमें हजारों फिलिस्तीनी शामिल हुए। इस दौरान

प्रदर्शनकारियों ने कतर की एक न्यूज चैनल को भी निशाने पर लिया। जिसकी खबरों की वजह ने आग में घी डालने का काम किया। वहीं एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि गाजा के लोग मीडिया से इन घटनाओं को कवर करने की मांग कर रहे हैं। लोग आजादी की मांग कर रहे हैं, वे गाजा के खिलाफ दुश्मनी को रोकने की मांग कर रहे हैं। वे शांति और इस जंग को खत्म करने की मांग रहे हैं। गाजावासी जंग नहीं चाहते हैं। क्योंकि इस जंग में बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। गाजा में 1.75 लाख बिल्डिंग्स यानी कि 72त्न से ज्यादा इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। घर, स्कूल, अस्पताल और बाजार खंडहर बन गए हैं और लोग बेघर हो गए हैं। उनके पास रहने की कोई सुरक्षित जगह नहीं बची है।

पूरे गाजावासियों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थान खोजने के लिए मजबूर होना पड़ा है। सीजफायर के बाद वे घर लौटे और अस्थायी तंबुओं या खंडहरों में रहने को मजबूर हैं, लेकिन इस बीच इजराइल ने एक बार फिर से हमला शुरू कर दिया है, किंतु अब गाजा छोड़कर लोग जाना नहीं चाहते और एक सुकून भरा जीवन जीना चाहते हैं। इजराइल की नाकाबंदी की वजह से मानवीय सहायता (खाना, दवाइयां, ईंधन) गाजा में नहीं पहुंच पा रहीं। दुकानें बंद हो गई हैं, लोग भुखमरी का शिकार हो रहे हैं।

दोनों के बीच जंग में हुई मौतों में आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। कई बच्चे अनाथ हो गए, उनमें मानसिक समस्याएं जैसे शुरू हो गई हैं। परिवार अपने बच्चों को बचा नहीं पा रहे, जिससे दुख और लाचारी बढ़ रही है। कृपया हमें अब सुकून से जीने दें और हमास अब वापस जाओ के स्लोगन देख हमास के हथियार बंद लड़ाकों पर जैसे गर्म पानी डाल दिया हो। होना क्या था प्रदर्शन कर रहे लोगों को तितर वितर करने का प्रयास किया और मारपीट भी की। फिर भी प्रदर्शनकारियों का विरोध बुलन्द बनाए रखना गाजा में शांति और हमास के अंत होने के संकेत कह सकते हैं।

# ट्रम्प की 2 अप्रैल की डेडलाइन के करीब आने से भारतीय दवा उद्योग तनाव में

*टी. एन. अशोक*

क्या भारत भी चीन की तर्ज पर भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी टैरिफ लगा सकता है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने दोस्ताना संबंधों के बावजूद सार्वजनिक रूप से घोषणा की है कि अमेरिकी उत्पादों पर भारतीय टैरिफ सबसे अधिक हैं, इसलिए क्यों नहीं भारतीय उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाये जायें। भारत चीन नहीं है और चीन भारत नहीं है, हमें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए। सबसे पहले, चीन एक साम्यवादी देश है, जिसका देश की नीतियों पर पूर्ण नियंत्रण है और उसे किसी भी तरह का विरोध नहीं करना पड़ता, जबकि भारत एक लोकतंत्र है, जहां सत्ता में बैठे राजनीतिक नेता लोगों और विपक्षी दलों के प्रति जवाबदेह हैं, जो सार्वजनिक हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह आशंका है कि भारत के शीर्ष उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का लाभार्थी बताया जाता है, जिनका विनिर्माण से लेकर बुनियादी ढांचे और सूचना प्रौद्योगिकी तक के उद्योग में व्यापक प्रभाव है, अमेरिकी टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित होंगे, हालांकि भारत के शीर्ष बैंक एसबीआई का दावा है कि भारतीय उद्योग पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव सीमित होगा। एसबीआई रिसर्च का कहना है कि यूएस टैरिफ भारतीय निर्यात में केवल 3-3.5प्रतिशत की कटौती कर सकते हैं। भारत के विविध निर्यात यूएस टैरिफ प्रभाव को कम करेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत यूएस पारस्परिक टैरिफके प्रभाव को अवशोषित करने के लिए अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट के अनुसार विनिर्माण और सेवाओं में भारत के बढ़ते निर्यात पारस्परिक टैरिफके प्रभाव को नकार देंगे। जो भी हो, यदि ट्रम्प भारतीय दवाओं पर टैरिफ लगाते हैं, तो लाखों अमेरिकियों को दवाओं की लागत में उछाल देखने को मिल सकता है। अगले महीने भारत पर डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफके साथ, लाखों अमेरिकियों को अधिक चिकित्सा बिलों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका में ली जाने वाली लगभग आधी जेनेरिक दवाएं अकेले भारत से आती हैं। जेनेरिक दवाएं - जो ब्रांड-नाम वाली दवाओं के सस्ते संस्करण हैं - भारत जैसे देशों से आयातित हैं, जो अमेरिका में 10 में से नौ नुस्खों में उपयोग किए जाते हैं। इससे वाशिंगटन को स्वास्थ्य सेवा लागत में अरबों की बचत होती है। कंसल्टिंग फर्म इक्विआ के एक अध्ययन के अनुसार, अकेले वर्ष 2022 में, भारतीय जेनेरिक दवाओं से अमेरिका की बचत 219 बिलियन (ख169 बिलियन) तक पहुंच गयी। विशेषज्ञों का कहना है कि व्यापार समझौते के बिना, ट्रम्प के टैरिफ कुछ भारतीय जेनेरिक दवाओं को अव्यवहारिक बना सकते हैं, जिससे कंपनियों को बाजार के एक हिस्से से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है और मौजूदा दवा की कमी और बढ़ सकती है। येल विश्वविद्यालय की दवा लागत विशेषज्ञ डॉ. मेलिसाबारबर का कहना है कि टैरिफ श्मांग-आपूर्ति असंतुलन को और खराब कर सकते हैं और बीमा रहित और गरीब लोग दुष्प्रभावित होंगे।



**भारत में स्थानीय फा र्मा कंपनियों के लिए, टैरिफ झटका बहुत बड़ा हो सकता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी जीटीआरआई के अनुसार, फार्मास्यूटिकल क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक निर्यात है। भारत सालाना 12.7 बिलियन मूल्य की दवाओं का निर्यात करता है, जिस पर लगभग कोई कर नहीं देना पड़ता है। हालांकि, भारत में आने वाली अमेरिकी दवाओं पर 10.91 प्रतिशत शुल्क लगता है। इससे 10.9 प्रतिशत का व्यापार अंतर रह जाता है। जीटीआरआई के अनुसार, अमेरिका द्वारा कोई भी पारस्परिक टैरिफजेनेरिक दवाओं और विशेष दवाओं दोनों की लागत बढ़ायेगा। यह फार्मास्यूटिकल्स को उन क्षेत्रों में से एक के रूप में चिह्नित करता है जो अमेरिकी बाजार में मूल्य वृद्धि के लिए सबसे अधिक असुरक्षित हैं। भारतीय कंपनियां जो बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाएं बेचती हैं, वे पहले से ही कम मार्जिन पर काम करती हैं और वे भारी कर व्यय वहन नहीं कर पायेंगी। वे प्रतिस्पर्धी साथियों की तुलना में बहुत कम कीमतों पर दवा बेचते हैं, और दुनिया के सबसे बड़े फार्मा बाजार में हृदय, मानसिक स्वास्थ्य, त्वचाविज्ञान और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी दवाओं में लगातार प्रभुत्व हासिल कर चुके हैं। भारतीय उत्पाद कम प्रतिस्पर्धी हो जायेंगे, जिससे बाजार में गिरावट आएगी।**

इसका असर कई तरह की स्वास्थ्य स्थितियों से पीड़ित लोगों पर पड़ सकता है। भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) द्वारा वित्तपोषित इक्विआ अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में उच्च रक्तचाप और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के लिए 60 प्रतिशत से अधिक नुस्खे भारतीय निर्मित दवाओं से भरे जाते हैं। चीनी आयात पर अपने टैरिफके कारण ट्रम्प पहले से ही अमेरिकी अस्पतालों और जेनेरिक दवा निर्माताओं के दबाव का सामना कर रहे हैं। अमेरिका में बेची जाने वाली 87 प्रतिशत दवाओं के लिए कच्चा माल देश के बाहर स्थित है और मुख्य रूप से चीन में केंद्रित है, जो वैश्विक आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत पूरा करता है। ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद से चीनी आयात पर टैरिफ में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा दवाओं के लिए कच्चे माल की लागत पहले ही बढ़ गयी है। ट्रम्प चाहते हैं कि कंपनियां उनके टैरिफ से बचने के लिए विनिर्माण को अमेरिका में स्थानांतरित करें।

फिजर और एलीलिली जैसी बड़ी फार्मा दिग्गज कंपनियां, जो ब्रांड नाम और पेटेंट वाली दवाएं बेचती हैं, ने कहा है कि वे कुछ विनिर्माण को वहां स्थानांतरित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन कम मूल्य वाली दवाओं के लिए अर्थशास्त्र सही नहीं है। भारत की सबसे बड़ी दवा निर्माता कंपनी सन फार्मा के अध्यक्ष दिलीप संघवी ने पिछले सप्ताह एक उद्योग सभा में कहा कि उनकी कंपनी अमेरिका में प्रति बोतल 1 से 5 के बीच की दर से गोलियां बेचती है और टैरिफहमारे विनिर्माण को अमेरिका में स्थानांतरित करने का औचित्य नहीं देतेश। इंडिया फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन (आईपीए) के सुदर्शन जैन कहते हैं, भारत में विनिर्माण अमेरिका की तुलना में कम से कम तीन से चार गुना सस्ता है। कोई भी त्वरित स्थानांतरण असंभव होगा। लॉबी समूह पीएचआरएमए के अनुसार, एक नई विनिर्माण सुविधा बनाने में 2 बिलियन तक की लागत आ सकती है और इसे चालू होने में पांच से 10 साल लग सकते हैं। भारत में स्थानीय फा र्मा कंपनियों के लिए, टैरिफ झटका बहुत बड़ा हो सकता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी जीटीआरआई के अनुसार, फार्मास्यूटिकल क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक निर्यात है। भारत सालाना लगभग 12.7 बिलियन मूल्य की दवाओं का निर्यात करता है, जिस पर लगभग कोई कर नहीं देना पड़ता है। हालांकि, भारत में आने वाली अमेरिकी दवाओं पर 10.91प्रतिशत शुल्क लगता है। इससे 10.9 प्रतिशत का व्यापार अंतर रह जाता है। जीटीआरआई के अनुसार, अमेरिका द्वारा कोई भी पारस्परिक टैरिफ जेनेरिक दवाओं और विशेष दवाओं दोनों की लागत बढ़ायेगा। यह फार्मास्यूटिकल्स को उन क्षेत्रों में से एक के रूप में चिह्नित करता है जो अमेरिकी बाजार में मूल्य वृद्धि के लिए सबसे अधिक असुरक्षित हैं।

भारतीय कंपनियां जो बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाएं बेचती हैं, वे पहले से ही कम मार्जिन पर काम करती हैं और वे भारी कर व्यय वहन नहीं कर पायेंगी। वे प्रतिस्पर्धी साथियों की तुलना में बहुत कम कीमतों पर दवा बेचते हैं, और दुनिया के सबसे बड़े फार्मा बाजार में हृदय, मानसिक स्वास्थ्य, त्वचाविज्ञान और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी दवाओं में लगातार प्रभुत्व हासिल कर चुके हैं। भारतीय उत्पाद कम प्रतिस्पर्धी हो जायेंगे, जिससे बाजार में गिरावट आएगी। निर्यात राजस्व में कमी और नौकरी का नुकसान, खास तौर पर श्रम-प्रधान उद्योगों में। रसायन, धातु, आभूषण, ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य उत्पादों सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सबसे ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद है। यदि अमेरिका अमेरिकी दवा आयात पर भारत के 10प्रतिशत टैरिफ से मेल खाता है, तो यह भारतीय निर्माताओं के मौजूदा लागत लाभ को समाप्त कर सकता है। यह कोई छोटी चिंता नहीं है, यह देखते हुए कि अमेरिका को दवा निर्यात भारत के कुल निर्यात का लगभग 31प्रतिशत है। यह अमेरिकी फार्मेसियों में बेची जाने वाली जेनेरिक दवाओं के निर्माता के रूप में भारत के महत्व को दर्शाता है। यदि ट्रम्प के टैरिफ उपभोक्ता कीमतों को बढ़ाते हैं, तो क्या अमेरिकी कंपनियां घरेलू स्तर पर जेनेरिक दवाओं का उत्पादन शुरू कर देंगी, जिससे भारत के सबसे आकर्षक निर्यात उत्पाद को नुकसान पहुंच सकता है?

मोदी सरकार ने इस धारणा को कम करने में तेजी दिखाई है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई है। लेकिन ट्रंप की टिप्पणी से भारतीय नीति निर्माताओं में गहन आत्ममंथन की शुरुआत हो सकती है। भारत ने अपने घरेलू उद्योगों, खास तौर पर कृषि, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स की रक्षा के लिए लंबे समय से टैरिफ का इस्तेमाल किया है। टैरिफ कम करने से ये उद्योग भयंकर आयात प्रतिस्पर्धा के सामने आ सकते हैं, जिससे स्थानीय व्यापार और नौकरियों को खतरा हो सकता है।

विचार

# मानवीय रिश्तों का बदलता गणित

*गिरीश्वर मिश्र*

रिश्ते, प्रेम और अपराध के बीच पनपने वाली तिकड़ी आज भारतीय समाज को व्यथित और चिंतित कर रही है। ऐसा तब हो रहा है जब कि कोई भी व्यक्ति रिश्तों में ही जन्म लेता है, उसी में पलता और उसी के सहारे जीवन-यात्रा में आगे भी बढ़ता है। वस्तुतः इन रिश्तों का जैविक आधार है जो माँ के पेट में स्थित गर्भ के साथ अनिवार्य जुड़ाव की व्यवस्था और अवस्था में शुरू होता है। यह एक अटूट, अपरिहार्य और अनिवार्य बंधन में बांधता है। अत- इस रिश्ते को जीवनपर्यंत चलते रहने की प्रासंगिकता बनी रहती है।

सच कहें तो नया जीव अपने जनक (पिता) और जननी (माता) का उत्पाद होने के कारण वास्तविक अर्थ में उन दोनों का ऋणी होता है। कदाचित इसीलिए भारतीय समाज में ऋण की अवधारणा प्राचीन काल से सबके मन में बसी आ रही है। यह पीढ़ियों के बीच पारस्परिकता की सुदृढ़ आधारशिला रचती है। इसे बनाए रखने में संयुक्त परिवार और अन्य सहायक सामाजिक संस्थाओं और मान्यताओं की सहायक भूमिका थी। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस तरह की व्यवस्था अधिकांश क्षेत्रों में चलती रही है। आधुनिक युग में विस्थापन, पलायन, आव्रजन (माइग्रेशन) ने इस तरह की व्यवस्था को चुनौती दी है। जीवन को सुखी बनाने में आर्थिक तत्वों की बढ़ती आत्यन्तिक भूमिका के चलते जीवन की परिस्थितियाँ तेज़ी से उलट-पलट रही हैं। इन सबके प्रभाव में युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा भ्रमित हो रहा है और रिश्तों की अहमियत को नहीं पहचान पा रहा है। वह इन्हें नज़र अन्दाज़ कर रहा है और उसे स्वच्छंदता के दायरे में नए ढंग से परिभाषित करने में जुटा हुआ है। वह माता-पिता पक्ष के तमाम रिश्तों (यथा-मौसेरे, चचेरे, ममेरे, फुफेरे आदि) के लफड़े में नहीं पड़ना चाहता। इस तरह के सभी रिश्तों को अपने लिए अनावश्यक बंधन मानता है और सिर से उतार फेंकना चाहता है। अपने जीवन और कर्म में बाधा समझ कर वह इनसे किनारा रखता है। वह अक्सर उनकी अवहेलना और उपेक्षा करता है। और तो और अब रिश्तों से अलगाव की श्रेणी में माता-पिता भी शामिल होने लगे हैं। इसकी पुष्टि वृद्ध माता-पिता की देखरेख न करने की बढ़ती घटनाओं में आसानी से देखी जा सकती है। बचपन में माता-पिता या किसी प्रौढ़ अभिभावक की देखरेख के अभाव में शिशु के जीवन यानी उसके अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। एक शिशु माता-पिता के साथ के रिश्तों के केंद्र में रहता है परंतु उम्र के साथ रिश्तों की दिशा, विस्तार और वरीयता बदलती है। किशोर और युवा होते-होते वह परनिर्भर (डिपेंडेंट) शिशु आत्मनिर्भर (इंडिपेंडेंट) होने लगता है। फिर वह समय भी आता है जब शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के दौरान वह रिश्तों की बागडोर अपने हाथों में लेकर उनकी दिशा बदलने लगता है। इस कार्य में भावनात्मक परिवर्तन ख़ास भूमिका अदा करते हैं जो किशोरावस्था विशेष रूप से सक्रिय होते हैं। लड़के और लड़कियाँ एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। व्यक्ति के विकास के चरणों का एक क्रम प्रत्येक संस्कृति में मिलता है। इसमें रिश्तों की बनावट और बुनावट केंद्रीय महत्व की होती है। व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक जीवन-रस रिश्तों से ही मिलता है। पिछले कुछ दिनों में ऐसी घटनाओं की ख़बरें मीडिया में तेज़ी से आ रही हैं जिनमें निजी रिश्तों में बढ़ती दरारों के चलते बहुत कुछ अवांछित हो रहा है। ख़ासकर उन रिश्तों में जो युवाओं द्वारा ख़ुद अपने निर्णय से सामाजिक मान्यताओं के अंकुश से परे जाकर अंजाम दिए जाते हैं। एक बात साफ़ है कि इन बेहद निजी मामलों के मूल में अक्सर भावनात्मक त्रासदी ही मुख्य है। पारस्परिक अविश्वास के कारण प्रतिशोध, धोखा और असंतोष की भावना तेज़ी से बढ़ती है। इस प्रसंग में यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि आक्रामकता को आज एक परिपक्व और प्रौढ़ व्यक्तित्व की निशानी माना जा रहा है। एक सीमा के बाद रिश्तों के बीच उपजा भावनात्मक संघर्ष प्रज्वलित होकर हिंसक रूप लेने लगता है। हिंसा भड़कने पर बहुत कुछ जीवनविरोधी घटित होने लगता है। आज इस तरह की परिस्थितियों में न केवल आत्महत्याएँ हो रही है बल्कि एक-दूसरे की जान तक ले ली जा रही है। इन स्वयंभू रिश्तों के बीच भावनात्मक उबाल बड़ी आसानी से अकेले व्यक्ति के स्व या आत्म के बोध को प्रभावित करता है। अहम को पहुँच रही चोट की तीव्रता उनमें गहरे मानसिक आघात को जन्म देती है। तब पति, पत्नी, साथी और प्रेमी एक-दूसरे की हत्या तक करने के लिए तैयार हो जाते हैं। मौक़ा पाते ही वे ऐसे जघन्य और आपराधिक कार्य को अंजाम देने में भी नहीं हिचकते। आज सहिष्णुता के सिमटते दायरों के बीच आपसी रिश्तों में दरारें तेज़ी से बढ़ रही हैं। इस संदर्भ में यह गौरतलब है कि आज तलाक और अलग-अलग जीवन बिताने (सेपेरेशन) के फैसले बड़ी आसानी से लिए जा रहे हैं। ऐसा लगता है मानों विवाह के बाद तलाक अगला संस्कार है। अकेले, स्वतंत्र और अपने ढंग से अमर्यादित जीवन जीने की प्रवृत्ति आधुनिकीकरण की पहचान होती जा रही है। इसके अंतर्गत जुड़ने और निजी जीवन को अपने पसंदीदा ढंग से जीने की छूट ली जाती है। इसलिए लिव-इन रिलेशनशिप का स्वेच्छाचार स्त्री-पुरुष के बीच अनर्गल शारीरिक संबंध बनाने की पर्याप्त छूट दे देता है। इस पर कोई सामाजिक नियंत्रण नहीं रहता है और अब इसे प्रौढ़ जीवन जीने की एक विधा मानी जाने लगी है। आत्म-निर्णय और एक-दूसरे के साथ रहने की मौखिक सहमति ही इसके लिए पर्याप्त होती है। इसे ग़ैर-नाजायज मान कर विहित की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे रिश्तों के संदर्भ में समाज के मानक और परिवार की स्वीकृति की भूमिका गौण होती है। ऐसे बहुतेरे मामलों में ऊपरी आकर्षण ही प्रमुख होता है जो टिकाऊ नहीं होता है। जब यह आकर्षण आयु बढ़ने या किसी तीसरे के प्रति आकर्षण के कारण घटता है या ऊब, थकान के कारण नीरस और बासी पड़ने लगता है तो दोनों व्यक्तियों के बीच जुड़ने और जुड़े रहने का कोई ठोस आधार नहीं बचता और वे अलग हो जाते हैं। जब इस घटनाक्रम में प्रतिशोध और अविश्वास को अवसर मिलता है तो अपने साथी को पीड़ित करने, दंडित करने की सोच प्रबल होने लगती है। चूँकि ऐसे जोड़े अपने को दूसरों से (समाज से) काट कर रखते हैं, कोई समाधान की दिशा नहीं मिलती और अवसर पाकर उनके मन में हत्या जैसे घोर कदम उठाने की तैयारी होने लगती है। समय पर हस्तक्षेप न होने पर वे ऐसे आपराधिक कृत्य को अंजाम देने में सफल हो जाते हैं।

रिश्तों के इस बदलते परिदृश्य में कई किरदार सक्रिय होते दिखते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ एक तरह के उदार नजरिये को अपनाना और उच्छृंखल संबंधों की मीडिया, फ़िल्म और समाज में लगातार प्रस्तुति और स्वीकृति इस स्थिति को बढ़ावा दे रहे हैं। आज निरंकुश मीडिया से छन कर जो ज्ञान-विज्ञान और अज्ञान की बाढ़ आ रही है उससे भयानक मानसिक प्रदूषण एक महामारी के रूप में फ़ैल रहा है। उसकी चपेट में बच्चे, जवान और बूढ़े सभी आ रहे हैं। इसके ऊपर अंकुश का उपाय तात्कालिक आवश्यकता है। उद्दाम आकांक्षाओं के अनंत आकाश में उड़ान भरने की असीमित कामनाएँ और आत्म नियंत्रण एवं आत्म विवेक की जगह आत्म-प्रकाशन को मूल्य के रूप में स्थापित करना भी आज की परिस्थिति पैदा करने में सहायक हो रही है। निर्द्वंद्व स्वेच्छाचार की छूट के बढ़ते प्रत्यक्ष और परोक्ष बहाने आज के स्वतंत्र मानस वाले मानुष को सीमाओं को तोड़ने और वर्जनाओं को ख़ारिज करने को निरंतर उकसाते हैं। रिश्तों की झीनी चादर के ताने-बाने कैसे चलें और इसकी बुनावट कैसी हो, यह एक सांस्कृतिक प्रश्न या चुनौती है जिस पर गम्भीर विचार की जरूरत है पर तात्कालिक दबावों के बीच इसके लिए आवश्यक उपक्रम बौने, छिछले और दिखावटी साबित हो रहे हैं। जीवन मूल्यों के प्रश्न व्यापक महत्व के होते हैं। निर्मम, निरंकुश, असहिष्णु और स्वार्थपरायण समाज को लेकर किसी विकसित भारत की और विवेकशील मनुष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। रिश्तों का गणित कोई अमूर्त बौद्धिक व्यापार न होकर दैनंदिन जीवन की अनिवार्य हकीकत है। इसे समझना और आवश्यकतानुसार समाधान निकालना प्राथमिकता होनी चाहिए। इन्हें राजनीति, शिक्षा, संस्कृति और उन्नति के उद्यमों के बारे में विमर्श के केंद्र में होना चाहिए।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

साहित्य




## सुरीला पियानो दिवस मनाओ...!

**संजय एम तराणेकर**

**पियानो की 88 कुंजियों को दो सम्मान,
संगीत की स्वर लहरियों का हुआ ज्ञान।
इसने दी अभिनेत्रियों को खूब 'तसल्ली',
गम भुलाने के लिए कई बार हुई टल्ली।
अभिनेताओं को ढूंढा इसने 'गली-गली',
'इश्क' की हवा क्या? मस्त होकर चली।**

**पियानो की 88 कुंजियों को दो सम्मान,
संगीत की स्वर लहरियों का हुआ ज्ञान।
जितने भी गम थे पियानों ही लेके उड़ा,
जमाने के सामने खुद जाकर हुआ खड़ा।
इसके पहलू में आकर खूब रोएं किरदार,
जाने कितने नतमस्तक हुए 'असरदार'।**

**पियानो की 88 कुंजियों को दो सम्मान,
संगीत की स्वर लहरियों का हुआ ज्ञान।
इससे पूरे परिवार को हो जाता हैं लगाव,
स्टूल पर बैठकर साथ खूब तराने गाओ।
गैरों पे करम और अपनों पे सितम ढ़ाओ,
खुशियॉ हैं कम, गम को ही गले लगाओ।
बजाओ सुरीला 'पियानो दिवस' मनाओ!**



## राशिफल

**मेषः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कार्य द्वारा उसकी प्रायश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंत्रणरख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कार्य की ओर मन केंद्रित होगा। नये कार्य में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नई आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# आपसी सौहार्द में निहित है सबका कल्याण

*अनुज आचार्य*

इन दिनों पंजाब और हिमाचल के लोगों के बीच आरोप-प्रत्यारोप एवं पोस्टर्स युद्ध का मुद्दा गरमाया हुआ है, जो कहीं न कहीं राष्ट्रभक्त हिमाचलियों और अलगाव पसंद चंद खालिस्तान समर्थकों के बीच चल रही खींचतान का परिणाम है, तो अमनपसंद भारतीयों के बीच चिंता का विषय भी बना हुआ है। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में पंजाब से आ रहे बाइक सवारों, जिन्होंने अपने मोटरसाइकिलों पर खालिस्तानी झंडे और भिंडरावाले की तस्वीरें लगा रखी थीं, के साथ स्थानीय लोगों की झड़पें हुई हैं और प्रतिक्रियास्वरूप पंजाब के होशियारपुर और खरड़ में भिंडरावाले के समर्थक लोगों ने हिमाचल नंबर की गाडियों और एचआरटीसी बसों के शीशों पर भिंडरावाले की फोटो चस्पा की हैं और तोड़फोड़ भी की है। सोशल मीडिया में पंजाब के होशियारपुर और खरड़ से होकर गुजरने वाली एचआरटीसी की बसों के शीशे तोड़े जाने और पेंट से आपत्तिजनक शब्द लिखे जाने की घटनाओं के वीडियो एवं तस्वीरें देखने को भी मिल रही हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में अपना विरोध दर्ज करवाते हुए बयान दिया है कि, 'हिमाचल की बसों पर खालिस्तान समर्थक भिंडरावाले के झंडे लगा रहे हैं और एचआरटीसी की बसों पर हमला हो रहा है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू को इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री से बात कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए शीघ्र प्रयास करना चाहिए क्योंकि कानून व्यवस्था सरकार की जिम्मेवारी है।' ऐसा माना जा रहा है कि यह विवाद होली के आसपास शुरू हुआ जब पंजाब से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुल्लू जिले के मणिकर्ण साहिब गुरुद्वारे में गए। हालांकि, उनके अनियंत्रित व्यवहार, जिसमें लापरवाही से गाड़ी चलाना और सडक़ पर नियमों का उल्लंघन करना शामिल है, के कारण स्थानीय लोगों के साथ उनका टकराव हुआ। उन्होंने एक स्थानीय निवासी पर तलवार से भी हमला किया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया।

कई शिकायतों के बाद, कुल्लू पुलिस ने कार्रवाई शुरू की, जुर्माना लगाया और उपद्रवियों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए। इससे पंजाब में भिंडरावाला समर्थकों में गुस्सा फैल गया, जिसके कारण उन्होंने एचआरटीसी बसों पर पोस्टर चिपकाए और हिमाचल के लोगों के खिलाफ धमकियां दीं। मनाली और मणिकर्ण पुलिस थानों में शस्त्र अधिनियम, सार्वजनिक सुरक्षा कानून और मोटर वाहन अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में, भारत में आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए पंजाब में अलगाववादी तत्वों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। गृहमंत्री अमित शाह का कहना था कि 'कुछ लोग पंजाब में भिंडरांवाला बनने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन गृह मंत्रालय के सख्त प्रयासों से अब उनमें से एक असम की जेल में गुरु ग्रंथ साहिब पढ़ रहा है। मोदी सरकार के रहते राजनीतिक आइडियोलॉजी के कारण हम अलगाववाद को पनपने नहीं देंगे।' भारत में अलगाववाद को लेकर होने वाली घटनाएं और झड़पें कोई नई बात नहीं हैं। अलगाववाद का मतलब है, देश के किसी हिस्से के, अलग होकर अलग देश बनाने की मांग करना।

भारत में कई अलगाववादी आंदोलन हो चुके हैं। इनमें से कुछ प्रमुख आंदोलन खालिस्तान, नागालैंड, असम अलगाववादी और पंजाबी सूबा आंदोलन आदि होते रहे हैं और इन अलगाववादी आंदोलनों को दबाने के लिए भारत सरकार ने कई उपाय किए हैं। इनमें सैन्य हस्तक्षेप, बातचीत, निष्पक्ष चुनावों का आयोजन और आर्थिक विकास की नीतियां बनाना आदि शामिल हैं। जहां तक खालिस्तान की बात है, खालिस्तान का अर्थ है खालिस लोगों की भूमि। यह भारत के पंजाब राज्य के सिख अलगाववादियों द्वारा प्रस्तावित देश को दिया गया नाम है।

खालिस्तान के क्षेत्रीय दावे में वर्तमान भारतीय प्रांत पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली तथा राजस्थान के कुछ क्षेत्र भी शामिल हैं। लोगों को यह समझना चाहिए कि किसी भी तरह का अलगाववादी आंदोलन देश के विकास के लिए गंभीर बाधा है, क्योंकि ऐसे आंदोलन देश की एकता, अखंडता और स्थिरता को कमजोर करते हैं, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं, निवेश कम होता है, सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है और युवाओं की तरक्की पर विपरीत असर पड़ता है। ऐसे अलगाववादी आंदोलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे देश को आर्थिक और राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है। पूर्वोत्तर और कश्मीर के अलगाववादी आंदोलन भी कुछ-कुछ इसी तरह के राष्ट्र विभाजन की बात करते हैं। अलगाववादी आंदोलन का मुख्य उद्देश्य एक अलग राज्य या राजनीतिक इकाई बनाना होता है, जो मौजूदा राज्य या राजनीतिक संरचना से अलग हो। इन अलगाववादियों पर नकेल कसने के लिए आवश्यक है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें अलगाववादियों का समर्थन करने वाले संगठनों पर कानूनन रोक लगाएं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राज्य की अखंडता को बरकरार रखें।

लोगों को लोकतांत्रिक चुनावों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। इसी बीच पंजाब के खालिस्तान समर्थक लोगों, जो भिंडरावाले के भी समर्थक हैं, ने सरेआम धमकियां दी हैं कि वे शीघ्र ही खालिस्तानी झंडे लगाकर हिमाचल आएंगे, देखते हैं कि कौन उन्हें रोकता है? जाहिर है कि ऐसी उकसावे वाली गतिविधियों से दोनों राज्यों के नागरिकों की ही दिक्कतें बढ़ेंगी। धार्मिक पर्यटकों की आड़ में चंद अलगावादी प्रवृत्ति के लोग प्रदेश की शांति को भंग करना चाहते हैं जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी राष्ट्रवादी को मंजूर नहीं होगा। भारत के लोगों का विकास एवं कल्याण आपसी सद्भाव, मेलमिलाप और शांतिपूर्वक मिलजुल कर रहने में ही निहित है। लिहाजा आम जनता को अलगाववादियों और राष्ट्र विरोधी ताकतों के चंगुल में आने से बचना होगा। तभी हम भारतीयों का भविष्य उज्ज्वल होगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# केंद्र व प्रदेश सरकार ने सभी को दिया योजनाओं का लाभः सेंगर

**ब्लाक सभागार में एमएलसी ने केंद्र सरकार के 10 वर्ष व प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया**



**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

सुरक्षा' सुशासन' और समृद्धि के क्षेत्र में जो भाजपा सरकार ने अपनी पहचान कायम की है, जिसमें सुरक्षा' सम्मान' सभी जाति धर्म एवं समुदाय को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हुए समृद्ध भारत का निर्माण किया है। चरखारी के खण्ड विकास कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास के संकप्ल को पूरा किया।

केन्द्र में 10 वर्ष तथा प्रदेश में 8 वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर देश व प्रदेश भर में भाजपा द्वारा सुरक्षा' सुशासन' और समृद्धि कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है और इसी क्रम में चरखारी विकास खण्ड कार्यालय सभागार में कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। सभागार में लगी प्रदर्शिनियों का अवलोकन एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर' जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा' ब्लाक प्रमुख सीमा कुशवाहा आदि ने किया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए एमएलसी ने कहा कि आज कल्याणकारी योजनाओं का पैसा लाभार्थी के खातों में सीधे डीबीडी के माध्यम से जा रहा है, जिसमें किसी भी बिचौलिया की आवश्यकता नहीं रही। योगी सरकार के सख्त रवैया से आज महिला' व्यापारी व आमजनमानस अपने आप को सुरक्षित मेहसूस कर रहा है। आज पुलिस भर्ती में पूरी पारदर्शिता के साथ बिना किसी बिचौलिया' दलाल या रिश्वत के सीधे भर्ती हुई है, जिसमें किसी जाति धर्म को नहीं देखा गया। आज प्रदेश व देश में कानूनराज व रामराज है। सपा सरकार में चन्द जिलों व जातियों की भर्ती पुलिस में होती थी। भाजपा सरकार ने प्रतिभा का सम्मान किया है। भाजपा सरकारे ने बुन्देलखण्ड के विकास के लिए एक्सप्रेसदृवे' चौड़ी सड़कें' हर घर को शुद्ध पेयजल' पर्यटन का विकास के लिए खजाना खोल दिया है। जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा एवं ब्लाक प्रमुख सीमा कुशवाहा ने भी प्रदेश व केन्द्र सरकार की योजनाओं को लोगों के सामने रखा तथा आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष इंजी़ अमित पटैरिया' फौजी ज्ञान चन्द्र' पुष्पेन्द्र यादव' प्रशान्त गुप्ता' अरविन्द गुप्ता सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत एडीओ आईएसबी चेतराम वर्मा' एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी' ग्राम पंचायत अधिकारी रमेश कुमार गुप्ता, सतीश वर्मा, सचिव हरवंश, राहुल पाठक, आदित्य सिंह, शिवांक यादव, सोहिल दुर्रानी, शादाब खान, एडीओ समाज कल्याण नदीम खान' ग्राम विकास अधिकारी ओम तिवारी ने किया।

# दलित नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को उम्रकैद

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के मामले में गुरुवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह ने आरोपित को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 13 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो रूद्रप्रताप सिंह ने बताया कि थाना कुरारा के एक गांव निवासी वादी ने थाना कुरारा में दी गई तहरीर में बताया कि 28 अप्रैल 2016 को वह अपनी पत्नी के साथ सुबह सात बजे अपनी बहन के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चला गया था। घर में उसकी बड़ी लड़की जो बोल व सुन नही सकती है व छोटी बेटी घर में थी। तभी उसके गांव के ही राममुनि पुत्र कामता कुशवाहा जो दिल्ली में रहता है और जब दिल्ली से कभी गांव आता है तो उसके घर आता रहता है व फोन से बात भी किया करता है। उसके घर में न रहने के कारण उसकी लड़की के मोबाइल फोन में काल की और बहला कर गांव के बाहर बुला लिया और बाहर ले गया। जिसे चचेरे भाई की पुत्री ने देखा और वापस लौटने पर उन्हें बताया। पीड़िता दो माह बाद दिल्ली से बरामद हुई। पुलिस ने आरोपि के खिलाफ एससीए एसटी एक्टए दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया था।

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** वकीलों ने 25 मार्च को अधिवक्ता राजेश सिंह की हुई हत्या के विरोध में जिलाधिकारी जीत प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि उक्त मृतक अधिवक्ता के परिजन को कम से कम एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए। राजेश सिंह की हत्या में शामिल दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध फ़ास्ट ट्रैक न्यायालय में कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही करवाई जाए। इसके अलावा अधिवक्ताओं के ऊपर हो रहे हमलों, हत्याओं एवं झूठे मुकदमे आदि की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं भय मुक्त वातावरण के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त मांगे ना पूरी होने तक कानपुर के समस्त अधिवक्ता हड़ताल पर जाने के लिए विवश होंगे।

### ग्रामीणों ने भूसा व्यवस्था कराये जाने की मांग की



**राठ (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत पहाड़ी वीर गांव में ग्रामीणों ने गोशाला संचालक पर रात के समय अन्ना मवेशियों को छोड़ने का आरोप लगाया है। दर्जनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन देते हुए गोशाला में भूसा आदि की व्यवस्था कराए जाने की गुहार लगाई है। पहाड़ी वीर गांव निवासी सुघर सिंह, कल्लू हरचरन, परमलाल, श्यामलाल, पुष्पेन्द्र, प्रहलाद, दुष्यंत, लखचंद्र, विजय कुमार, वीरपाल आदि ने बताया कि गांव में गोशाला बनी हुई है। जिसका संचालन ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा किया जाता है। बताया कि पंचायत सहायक गोशाला की व्यवस्था देखता है। वह गोशाला का कार्य मनमाने तरीके से करता है। गोशाला में भूसा का इंतजाम नहीं है। जिससे मवेशी भूख से मर रहे हैं। आरोप लगाया कि संचालक रात के समय में मवेशियों को छोड़ देता है। जिससे किसानों की फसलें चौपट हो रही है। जब किसान इसकी जानकारी देते हैं कि मवेशी फसलें नष्ट कर रहे। तो गोशाला संचालक गाली गलौज कर अभद्रता करता है। बताया कि जानवर जाली तोड़कर गोशाला से निकल रहे। किसानों ने एसडीएम से गोशाला में भूसा व मवेशियों की व्यवस्था कराएं जाने की मांग की है।

### रोजा इफ्तार के समय मस्जिद के बाहर युवक पर फायरिंग से आफरा-तफरी

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के हैदरगंज मोहल्ले में गुरुवार की शाम रोजा इफ्तार के समय मस्जिद के बाहर एक युवक पर फायरिंग होने से मोहल्ले में आफरा तफरी का माहौल बन गया। मस्जिद के बाहर रोजा इफ्तार कर रहे रोजगार अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है फिलहाल इस घटना के बाद पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं। अवगत हो कि नगर के हैदरगंज मोहल्ले में हक्की बाबा की मस्जिद में गुरुवार की शाम मस्जिद के सामने रोजफ्तार का आयोजन किया गया था जहां सैकड़ो लोग मौजूद थे तभी दो युवकों ने अवैध तमंचों से एक युवक के ऊपर फायरिंग कर दी जिस पर युवक जान बचाने की मंशा से मस्जिद के अंदर घुस गया वहीं फायरिंग होने से रोजफ्तार के लिए बैठे लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस घटना से रोजफ्तारों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचे घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है इस मामले में जब पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों से फोन वार्ता करने का प्रयास किया गया तो किसी ने फोन रिसीव नहीं किया।

### बाइक-रिक्शा की टक्कर में तीन घायल, दो सदर अस्पताल रेफर

**मौदहा, हमीरपुर।** बाइक और ई रिक्शा की जोरदार टक्कर से तीन लोग घायल हो गए जिन्हें सरकारी सेवा एंबुलेंस की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत दो घायलों की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर ई रिक्शा चालक नूर हसन पुत्र बाबू हसन कस्बे के फतेहपुर निवासी साथ में बैठे राज गुप्ता पुत्र महेंद्र गुप्ता माली कुआं कस्बा निवासी ई रिक्शा लेकर गुसियारी से मौदहा नगर की ओर आते समय अनियंत्रित बाइक सवार ने कपसा मार्ग पर में सिजवाही के निकट पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार और ई.रिक्शा चालक सहित बैठे साथी गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को लहू लुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें नूर हसन एवं अज्ञात बाइक सवार की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ई रिक्शा चालक नूर हसन ने बताया कि गोसियारी से मौदहा की ओर आते समय पानी की टंकी के पास सिजवाही गांव के निकट नशे की हालत में तीव्र गति से आ रहे बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे सभी लोग घायल हो गए।

### भाजपा नेता का किया स्वागत

**मौदहा, हमीरपुर।** अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश कुंडे के नगर के हैदरगंज मुहल्ला स्थित उमाशंकर मधु प्रिया भाजपा नेता के आवास पर उनका स्थानीय व बाहरी लोगों ने मिलकर स्वागत किया इस अवसर पर समाज के इस नेता ने यहां की समस्याओं की जानकारी की और समाज के लोगों को आगाह किया कि वह है जागरूक बने और संगठित रहे कभी उनका समाज में हिस्सेदारी बनती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मसगवां प्रधान परमहंस मवई के पूर्व प्रधान रामप्रकाश बाल्मीक हमीरपुर से आए प्रेम बाल्मीक सुमन ज्ञानेंद्र दुर्गेश पंकज व नरेश आदि थे।

### पांच दिन बाद भी कोई कार्रवाई न होने से पूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे में पाच दिन पहले अवैध रूप से सरकारी केरोसिन के भंडारण व चोरी से सप्लाई करने की शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार व पूर्ति निरीक्षक अधिकारी रविंद्र कुमार व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज सिंह ने छापे मारी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से सरकारी केरोसिन तेल मौके से बरामद किया था। जिसकी शिकायत मोहल्लेवासी ने जिलाधिकारी हमीरपुर से की थी। पूरे मामले को पांच दिन हो गए है। लेकिन अभी तक पूर्ति विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है और अजीब सी चुप्पी साधी हुई है।कस्बे के जुगयाना मोहल्ला निवासी राजेश राजपूत ने बताया कि जनपद महोबा के पिटाकपुरा मोहल्ला निवासी सोमांशु चौरसिया वहीं निवास करता है और कस्बे में छेदालाल एंड सन्स कैरोसिन एजेंसी परिसर में दर्जनों किराएदार रखें हुए हैं। वहीं सरकारी केरोसिन का भंडारण किए है। बताया कि उक्त युवक चोरी छिपे कैरोसिन की सप्लाई भी कर रहा था। जिससे इस घनी आबादी वाले मोहल्ले में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। जिसकी शिकायत उसने जिलाधिकारी हमीरपुर से की थी। जिस पर शनिवार को एसडीएम व पूर्ति निरीक्षक सहित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी हमीरपुर ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की जहां पर अधिकारियों को मौके से दो टेंको की डिप लेने पर दोनों ही टेंको में केरोसिन मिला था। जिस पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के द्वारा कार्यवाही की बात कही गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया की आज मामले को पांच दिन बीत चुके है। फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही न होना पूर्ति विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नवाचक चिन्ह लगा रहा है। क्या विभाग पकड़े गए प्रतिबंधित सरकारी केरोसिन के साथ हेराफेरी होने का इंतजार कर रहा है। जिसके बाद जांच की जाएगी और फिर केरोसिन मामले में आरोपी युवक को क्लींन चिट दे दी जाएए बताया की सरकारी माल पकड़े जाने के एक दिन पहले भी उसकी शिकायत पर जिला पूर्ति विभाग से अधिकारी आये थे और बगैर कोई जांच किए मौके से फोटो खिचबाकर आरोपी युवक से मिलकर बैरंग वापस लौट गए थे।

# बिजली विभाग में अब तक साठ फीसदी बिल वसूली, तीन अभियंताओं से जवाब-तलब

**वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर, चौदह करोड़ रुपये सरकारी महकमें फंसा, एक्शियन की लापरवाही आयी सामने**



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

वित्त वर्ष समाप्त होने को है मगर विजली विभाग में अभी तक लक्ष्य के अनुरुप केवल साठ फीसदी वसूली हो पायी है, जिससे विभाग में हलचल तेज हो गयी है हालाकि तीन अभियंताओं से जवाब तलब किया है। चौदह करोड़ रुपये केवल सरकारी महकमे में फंसा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक विजली विभाग को शासन की ओर से 352 करोड रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें अभी तक केवल 195 करोड़ रुपये की वसूली हो पायी है जिससे अभियंताओं की हलक सूख रही है। एक्शियन डीएन प्रसाद की लापरवाही पूरी तरह सामने आ रही है। यही नही उधर सबसे ज्यादा बकाया राठ क्षेत्र का है जहां पर आरसी जारी करने के बाद भी राजस्व की प्राप्ति नही हो पा रही है। मार्च माह में शासन ने तीस करोड रुपये का वसूली का लक्ष्य दिया था जिसमे केवल 11 करोड़ की वसूली हो पायी है। जिले में वसूली बेहद कम होने के कारण विभागीय उच्चाधिकारी बराबर दौडा कर रहे है मगर कोई लाभ नहीं मिल रहा है बताया जाता है है कि संबिदा कर्मियो व जेई को वसूली के लिये क्षेत्र में भेजा जाता है मगर क्षेत्र में न जाकर कर्मचारी इधर-उधर समय पास करते रहते है।

अधीक्षण अभियंता जीएन यादव ने बताया कि इस मामले में जेई विजय पाल, भारत सैनी व राजू प्रसाद से काम में लापरवाही बरतने पर जबाव तलब किया गया है कार्यवाही की प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है। जल जीवन मिशन का करीब एक करोड़ रुपये बकाया है इसी प्रकार जिला अस्पताल व पुलिस का भी बहुत बडी राशि बकाया है। एसई ने बताया कि कुछ लोगो को आरसी भी जारी की गयी है। इधर एक्शियन की लापरवाही के चलते राजस्व का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है।

### बिजली संविदाकर्मी सखी का भी कर रहा है काम, जिलाधिकारी से शिकायत

हमीरपुर। बिजली विभाग में कुसमरा पावर हाउस में संविदाकर्मी बिजली सखी का भी काम कर रहा है इस पर एनआरएलएम की दीदियों ने एतराज कर जिलाधिकारी से शिकायत की है। डीएम ने एक्शियन को कार्रवाई के आदेश दिये है। जिले की सभी सखी संगठन का कहना है कि संविदाकर्मी आलोक सिंह का भाई बिजली विभाग में लेखाकार के पद पर कार्यरत जिसकी वजह से वह संविदांकर्मी होने के साथ साथ सखी का भी काम कर रहा है जो नियम विरुद्ध है। इस पर कार्रवाई की जानी चाहिये। सखी संगठन के इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है जिस पर एक्शियन को कार्रवाई के आदेश किये गये है। इसी प प्रकार अन्य विभागों में भी लोग जो काम सखी को करना चाहिये वह लोग कर रहे है।

### निजामी फीडर मौदहा बिजली चोर करने में अव्वल, शासन को रिपोर्ट भेजी

**हमीरपुर।** जिले में सबसे ज्यादा विजली चोरी करने के मामले में निजामी फीडर मौदहा को चिंहित किया गया है, जिले में सख्त कार्यवाही करने के बाद अभी भी सोलह फीसदी लाइन लास जा रहा है जिसमे पिछले दिनो शासन ने जिले में सबसे ज्यादा विजली चोरी करने वाले फीडर को चिंहित कराया था जिसमे मौदाहा के निजामी फीडर को चिंहित कर शासन को रिपोर्ट भेज दी गयी है,इसके लिये एसई ने विजिलेंस पुलिस से विजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई के लिये कहा गया है। इस फीडल में साढे पांच हजार उपभोक्ता बताये जाते है जिसमे ज्यादातर लोग कटिया डालकर बिजली जलाते है और बिजली का बिल नहीं जमा कर रहे है। इसके बाद सुमेरपुर में बिजली चोरी करने का दूसरा नंबर बताया जाता है।

# कर्मी को रिलीव न करने पर एड्स सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक महिला सीएमएस से खफा

**हमीरपुर।** महिला अस्पताल में आईसीटीसी लैब में कार्यरत टेक्नीशियन का तबादला स्वास्थ्य केंद्र राठ में होने के बाद भी महिला सीएमएस ने उन्हे महिला अस्पताल से रिलीव नहीं किया था, इस पर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक ने आपत्ति जताते हुये सीएमओ को पत्र लिखकर टेक्नीशियन गणेश प्रजापति को तत्काल मुक्त करने को कहा है। महिला अस्पताल में आईसीटीसी लैब में गणेश प्रजापति कई सालो से टेक्नीशियन पद पर कार्यरत है। इनको लेकर कई मर्तवा विवाद होता रहता है। कुछ दिन पहले नाको द्वारा इनका तबादला स्वास्थ्य केंद्र राठ के लिये कर दिया गया था। मगर महिला अस्पताल की सीएमएस डा अंजुला गुप्ता ने इनको महिला अस्पताल से रिलीव नही किया है जिससे राठ स्वास्थ्य केंद्र में समस्त कार्य प्रभावित हो रहे है। इस पर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक रवीन्द्र कुमार ने विरोध व्यक्त किया है। परियोजना निदेशक का कहना है कि पीटीसीटी केंद्र को नियमानुसार कार्य के लिये आदेश है। नाको द्वारा निर्धारित समय तक ही कर्मी कार्य में रह सकता है। एड्स सोसायटी ने सीएमओ को पत्र लिखकर इस मामले में कार्रवाई कर एफआई सीटीसी केंद्र के लिये कर्मी को रिलीव करने को कहा है। ताकि काम सुचारु रूप से हो सके। बताया जाता है कि महिला अस्पताल में आईसीटीसी केंद्र में कई कर्मचारी कार्यरत है मगर महिला सीएमएस उन्हे जानबूझकर रिलीव नहीं कर रही है जिससे अपर परियोजना निदेशक रवींद्र कुमार ने नाराजगी जतायी है, यह मामला जिला महिला अस्पताल में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# परियोजना को पूरा करने के लिये खर्च किये जाएंगे 157 करोड़ रुपये, राठ विधायक ने की प्रेस वार्ता

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार को केंद्र सरकार के दस वर्ष व उप्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर विधायक मनीषा अनुरागी ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राठ में मौदहा डैम से पानी लाने की परियोजना अधर में लटकी हुई है इस परियोजना के ठेकेदार ने बीच में काम रोक दिया था। अब परियोजना को नए सिरे से शुरुआत की गई है और इसके लिए 157 करोड़ का प्रस्ताव पास किया गया है। यह काम अमृत 2 योजना के अंतर्गत किया जाएगा। कस्बे में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। राठ का रोडवेज बस स्टैंड दो पार्ट में है। एक तो कार्यशाला था दूसरा सब स्टेशन का पार्ट था। कार्यशाला का पूरा काम हो चुका है। कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। मुस्करा के किसानों के लिए लिफ्ट कैनाल का प्रस्ताव भी शासन ने पास कर दिया है। कहा कि आने वाले दो वर्षों में भी वह बाकी के कार्य कराने की कोशिश करेंगी। कस्बे में अग्निशमन केंद्र बनकर तैयार है। कहा कि गांव-गांव बारात शालाए सड़कें और खड़ंजा बुंदेलखंड विकास निधि और विधायक निधि से काम कराया गया है जो वादे किए थे वह पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूतए राठ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीस से अधिक मस्जिदों में होगी अलविदा जुमा की नमाज़

**मौदहा, हमीरपुर।** अलविदा जुमा की नमाज़ कस्बे की तीस से अधिक मस्जिदों में अदा की जाएगी जबकि कस्बे की जामा मस्जिद में करामत उल्लाहए मस्जिद मोदी शहीद बाबा मस्जिद बेबी अबरार मांदा मस्जिद गदाई मस्जिद दाता गरीब शाह में हाफिज पीर मोहम्मद शाही मस्जिद में हाफिज रेहानए मस्जिद चौधराना में कारी अताउर्रहमान मस्जिद तकिया मस्जिद स्टेशन में कारी वकार ज़ा मस्जिद बाघू मस्जिद पहाड़ी बाबा में कारी आसिम मस्जिद साजन तालाब में हाफिज कय्यूम, मस्जिद सूबेदार में हाफिज अशरफ रज़ा फाजिल मियां की



बड़ी मस्जिद में हाजी अब्दुल वहीद मस्जिद खानकाह मुख्तार निजामी में हाजी इफ्तेखार उर्फ राजाबाबू मस्जिद कमराहा में मेरज उददीन मस्जिद रहमानिया में कारी सनाउल्लाह मस्जिद छोटेबाबा मस्जिद हक्की बाबा में हाफिज कुतुबुद्दीन उर्फ झल्लन, औलिया मस्जिद में हाफिज रफीक, मस्जिद बांदा बस स्टैंड में हाफिज बरकत उल्लाह, मस्जिद भक्कू कुआ उपरौस की निजामिया जामा मस्जिद में कारी जमील, मस्जिद मलीकुआ चौराहा, नूरी मस्जिद रागौल सरकारी अस्पताल के पास की मस्जिद मस्जिद बड़े पीर साहब फत्तेपुर में हाफिज हसन, मस्जिद पंक्षी पीर बाबा मस्जिद कचरया, मस्जिद बिलाल एमदीना मस्जिद बाकी तलैया में हाफिज दानिश अलविदा जुमा की नमाज़ अदा कराएंगे। इसके अतिरिक्त ब्लॉक के पीछे, चिकवा मोहाल फत्तेपुर बड़ा चौराहा और रागौल सिचौली पुरवा की मस्जिदों में भी अलविदा जुमा की नमाज़ अदा की जाएगी उक्त जानकारी मुस्लिम समुदाय के धर्म गुरु कारी अताउर्रहमान कादरी ने दी।

# वीर योद्धा राणा सांगा के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



सपा सांसद द्वारा वीर योद्धा राणा सांगा के प्रति अभद्र टिप्पडी करने से अखिल भारतीय क्षत्रिय महा सभा में भारी रोश व्याप्त है। उन्होने माननीय प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौप दोषी के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को सौपे ज्ञापन में उल्लेख करते हुये बताया कि क्षत्रिय समाज ने अपनी वीरता त्याग और बलिदान से सदैव राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया है। जहां हमारे वीर योद्धाओं ने विदेशी आक्रान्ताओं से देश के लिये युद्धों में लडते लडते अपने प्राण न्योछार किये है। वही हमारी वीरांगनाओं ने भी अपने देश समाज और संस्कृति की रक्षा के लिये अपने प्राणों का बलिदान दिया है। ऐसे में हमारे पूर्वज देश के महान शूरवीर योद्धा राणा सांगा के लिये समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने से सम्पूर्ण क्षत्रिय समाज के साथ ही सभी राष्ट्र भक्त आहत और दुखी है। अतः हम सबकी मांग है कि ऐसे राष्ट्र भक्त का अपमान करने वाले को संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिये तत्काल इनकी सदस्यता रद्द करते हुये इनके विरुद्ध देशद्रोह का अभियोग चलाया जाये। अन्यथा हम अपनी आन, बान, शान और स्वाभिमान की रक्षा के लिये आन्दोलन के लिये बाध्य हो जायेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजावत, शिवरतन सिंह, जयपाल सिंह, ओपी सिंह, अजीत सिंह, सुजान सिंह, धर्मवीर सिंह, चित्तर सिंह कछवाह, भारत सिंह, अजय सिंह, हरेन्द्र प्रताप सिंह सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिलेण्डर में अचानक आग लगने से महिला बुरी तरह झुलसी

**महोबा।** सिलेण्डर में अचानक आग लगने से महिला उसकी चपेट में आ गई। महिला की चीख पुकार सुन पड़ोसी दौड पड़े, परन्तु अन्दर से कुण्डी लगी होने के कारण छत से पानी डालकर किसी प्रकार आग को बुझाया और दरवाजे को तोडकर महिला को गम्भीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। मुख्यालय के मकनियापुरा निवासी भूरी पत्नी स्व. मनीराम अनुरागी 48 वर्ष अपने मकान में अकेली रहती है। महिला का पति व पुत्र की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, महिला के साथ में उसकी ननद रहती है। बीती देर शाम करीब 8 बजे भूरी गैस पर खाना बना रही थी तथा उसकी ननद दूसरे कमरे में लेटी थी। उसी समय गैस में रिसाव होने के कारण अचानक आग लग गई और कच्चे मकान को अपने आगोश में ले लिया। महिला आग की चपेट में आने पर चिल्लाने लगी। महिला का शोर सुन उसकी ननद दौड पडी और पडोसियों को चिल्लाते हुये बुलाया। मकान के बाहर कुण्डी लगी होने के कारण पड़ोसियों ने दरबाजे को कडी मशक्त के बाद तोड़ा। तब तक पडोसियों ने समर सेबिल चलाकर मकान में लगी आग को बुझाया। आग बुझते ही महिला को बाहर निकाला और उसे उपचार के लिये तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला की हालत गम्भीर बनी हुई है और चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

# दुग्ध उत्पादन की दिशा में साईंधाम निस्वारा की सराहनीय पहल

**डॉ. मोतीलाल गुप्ता के इस प्रयास से क्षेत्र में बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन**

**पनवाड़ी, महोबा।** साईंधाम निस्वारा में दुग्ध उत्पादन के लिए राजस्थान से दो नंदी यानी कि सांड मंगाए गए जो निशुल्क गायों को क्रॉस कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाएंगे एवम देशी गायो की नश्ल बदलेगी और इनसे जो बछिया पैदा होगी उसमे6से7लीटर दूध निकलेगा गौरतलब हो कि यह कृषि प्रधान क्षेत्र है यहाँ पर हर किसान गाय रखता है और देशी गायो में दुग्ध की मात्रा कम होती है तो यह थार पार्कर नश्ल का यह सांड देशी गायो को क्रॉस कर उनकी प्रजाति बदलता है और दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद गार साबित होता है साईंधाम निस्वारा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता के इस प्रयास की क्षेत्रवासियों के द्वारा सराहना की जा रही कि उन्होंने यह एक अच्छा कदम उठाया है जिससे सभी गाय पालक लाभान्वित हो रहे हैं। उल्लेखनीय हो कि कोटरा वेहट, निस्वारा लौलारा, छतेसर नक रा मारग पूरा वेंदो आदि जगह से गाय आती है और निशुल्क क्रास कराकर नश्ल बदलने में सहायक हो रहे हैं गौरतलब हो कि बुंदेलखंड भी गर्म क्षेत्र है और राजस्थान का भीलवाड़ा भी गर्म क्षेत्र है तो उपर्युक्त वातावरण के लिए भी यह सांड वरदान साबित हो रहे हैं आगामी तीन चार साल में इसके क्रोस किये हुए बच्चे जब गाय का रूप ले लेंगे तब परिणाम आने शुरू हो जायेगे और दुग्ध उत्पादक से यह क्षेत्र फलित होगा।

# भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन झूमे श्रोतागण

**कुलपहाड़, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के मां गायत्री मंदिर के समीप बद्री प्रसाद सोनी के आवास पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पंडित श्री कृष्णा जी महाराज ने कहा कि हम आप भगवान को भोग लगाते समय घंटी क्यों बजाते हैं। घंटी इसलिए बजाते हैं कि उसमें गरुड़ जी का वास है, गरुड़ जी चारों वेदों के ज्ञाता हैं। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तृत वर्णन करते हुये कहा कि आज भी ब्रज में माताएं सर पर ओढ़नी रखती हैं, भगवान बृज की गोपियों को प्रसन्न रखते हैं। 'मेरा छोड़ दे दुपट्टा नंदलाल सवेरे दही लेकर आऊंगी'। उन्होंने ब्रज की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान मनसा वाचा कर्मणा से प्रसन्न होते हैं। यदि भाई-बहन एक दूसरे का हाथ पकड़ कर यमुना नदी में ब्रज में डुबकी लगाते हैं, तो उन्हें यमदूत परेशान नहीं करते। गीत के माध्यम से कहा कि 'वृंदावन जाउंगी सखी लौट के ना आऊंगी मेरे उठे विरह की पीर सखी वृंदावन जाऊंगी'। गीत पर उपस्थित भक्तगण भक्ति रस में डूब कर नाचने को मजबूर हो गए। कथा व्यास ने ब्रह्मा बाबा द्वारा ब्रज के गाय बछड़ों को ब्रह्म लोक ले गए। भगवान कृष्ण द्वारा ब्रह्मा जी का रूप धारण कर ब्रह्म लोक जाकर ब्रह्मा जी का मान मर्दन किया। भगवान के भक्तों को जो लोग परेशान करते हैं, प्रभु उन्हें कभी माफ नहीं करता। काली देह की कथा में कालिया नाग को नाथने तथा गोपियों के वस्त्र चुराने की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने जो भी लीलाएं की हैं, वह भक्तों के हित में की है। गोपियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण से प्रार्थना करने पर भगवान ने शरद पूर्णिमा की रात्रि पर उनसे मिलने का वादा किया। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा कि 'कर्म प्रधान विश्व रचि राखा जो यस करे सो तस फल चाखा' कर्म करो तो भगवान अपने आप फल देते है। गोवर्धन पूजा में भगवान ने कहा कि यह पर्वत वृक्ष हमारे प्राण दान है, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए हमें इनकी रक्षा करना चाहिए। गोवर्धन पूजा में भक्ति गीत के माध्यम से कहा कि 'श्री गोवर्धन महाराज तेरे सर पर मुकुट विराज रहो' कथा व्यास ने मानसी गंगा के प्रकट होने की कथा का वर्णन किया। कार्यक्रम के अंत में भक्ति गीत गोपाल मुरलिया वाले, नंदलाल मुरलिया वाले, श्री राधा नटवरलाल जी पर भक्तगण भक्ति रस में डूब कर जमकर नाच किया व अपने जीवन परिवार समाज के निरोग रहने सुख शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। कथा में मां बाघ बिराजन धाम मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र दुबे महाराज, आचार्य अमित, पंडित घंशू ब्राह्मणों द्वारा पूजन-अर्चन किया जा रहा है।

# सुशासन व सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकताः दिनेश रावत

**ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने डबल इंजन की सरकार में चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आज विकासखंड कार्यालय हैदरगढ़ परिसर में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता द्वारा विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक दिनेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह उपजिलाधिकारी शम्स तबरेज खान ने हिस्सा लिया और प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता के साथ स्वास्थ्य विभाग आपूर्ति विभाग बाल एवं पुष्टाहार विभाग पुलिस विभाग पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने भारत मां की जयकारे के साथ बोलते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि सुशासन व सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार मुक्त, दंगा मुक्त, भय मुक्त प्रदेश बन पाया है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर आए हुए छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार एवं गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी मुख्य अतिथि द्वारा की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा विकासखंड हैदरगढ़ की विभिन्न ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का फीता काट कर लोकार्पण भी किया गया। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा त्रिवेदीगंज मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष हैदरगढ़ कृष्ण कुमार सिंह ने भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीओ समीर सिंह अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला भाजपा उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल युवा भाजपा नेता सौरभ मिश्रा प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान द्विवेदी प्रमुख राजनारायण तिवारी महामंत्री रंजीत सिंह महंत प्रधान आसाराम वर्मा आनंद सिंह राजू सिंह विनय कुमार नीलेश पाल सहित अन्य ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव एवं विकासखंड मुख्यालय के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक दिनेश रावत द्वारा राशन कार्ड मुख्यमंत्री आवास योजना कृषक दुर्घटना बीमा योजना राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्वीकृत पत्र एवं चेक उपलब्ध कराई गई।

# कागज फैक्ट्री में लगी आग से सामान हुआ राख

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**



आग लगने से धूं-धूं कर जलती कागज फैक्ट्री।

शार्ट सर्किट से कागज फैक्टरी में आग लग गयी। सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्नि शमन विभाग ने जब तक आग पर काबू आया तब तक कागज, गूदड तथा अन्य सामग्री के साथ लगभग 60 लाख का सामन जलकर खाक हो चुका था।

गर्मी की शुरूआत के साथ आग की घटनाओं में इजाफा शुरू हो गया है। गुरूवार शाम लगभग 6 बजे कर्बला रोड स्थित उरई निवासी शाने हैदर की कागज फैक्टरी में अचानक आग भड़क उठी थी मौके पर मौजूद मालिक और कर्मचारी जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने बिकराल रूप धारण कर वहा पर रखे कागज को अपनी चपेट में लिया था हालांकि विभाग ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की थी लेकिन तब तक वहां पर रखे कागज के साथ गूदड़ तथा मशीनरी भी खाक हो चुकी थी। फैक्टरी मालिक के मुताबिक संभवता आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है जिसमें उनका लगभग 60 लाख का नुकसान हुआ है। अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र प्रसाद वाजपेई के अनुसार आग काफी फैली हुई थी जिससे एक गाड़ी से आग पर काबू पाना काफी मुश्किल था इसलिये अगल बगल स्थित फैक्टरियों से पानी लिया गया था। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# पोस्ता छिल्का के साथ आरोपी गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



गश्त के दौरान जैदपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार की डिग्गी से 16 किलो 700 ग्राम अवैध पोस्ते का छिल्का बरामद कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है और कार को कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार कस्बा इंचार्ज विनय कुमार,दरोगा आलोक कुमार सहयोगी पुलिस के जवान पंकज राठौर,जय नारायन के साथ बाईपास तिराहा से आगे साई इण्टर कालेज से पहले जैदपुर की तरफ से चार पहिया वाहन आते देख रुकने का इशारा किया तो अचानक उक्त कार चालक पुलिस वालो को देखकर वाहन की धीमी कर गाड़ी पटरी के नीचे उतारकर भागना चाहा। शक होने पर दौड़ाकर उक्त वाहन चालक को रोड़ के किनारे पकड़ लिया गया। पूछने पर व्यक्ति ने अपना नाम अनूप मिश्रा पुत्र गोपालचन्द्र मिश्रा थाना कर्नलगंज गोण्डा बताया। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी से पुलिस ने 16 किलो 700 अवैध पोस्ते का छिलका बरामद कर आरोपी को जेल भेज कर कार यूपी 32 एलएच 1358 को कब्जे में लिया गया है।इस संबंध में क़स्बा इंचार्ज विनय कुमार ने बताया कि 16 किलो 700 ग्राम अवैध पोस्ते का छिलका दो बोरियों में कार की डिग्गी से बरामद कर संबंधित धाराओ मे आरोपी को जेल भेजा गया है।

# 17 मवेशियों को लादकर ले जा रहे वाहन को पुलिस ने पकड़ा

**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

> पुलिस डीसीएम में आगे केबिन में बैठे पांच लोगों को उतार कर की पूछताछ

भूसें की तरह डीसीएम पर 17 मवेशियों को लादकर ले जाया जा रहे वाहन को पकड़कर जैदपुर पुलिस ने वाहन पर सवार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मवेशियों को ग्रामीणों की सुपुर्दगी में कर दिया।

बताते चलें कि जैदपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर टोल प्लाजा के पास चेकिंग के दौरान चौकी प्रभारी सौम्य जायसवाल ने मुखबिर की सूचना पर अयोध्या से आ रही डीसीएम को रोककर तिरपाल को हटाकर देखा तो गाड़ी के अन्दर भूंसे की तरह भैंस बंधी खड़ी थीं। जगह कम होने के कारण भैंसे टकराकर काफी चोटिल हो गई थीं। पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। डीसीएम चालक द्वारा मवेशियों की खरीद फरोख्त का कोई कागज नहीं दिखाया जा सका। पुलिस ने सभी 17 भैंसों को गाड़ी से ग्रामीणों की मदद से उतारा और सभी को चारा-पानी दिया। पुलिस डीसीएम में आगे केबिन में बैठे पांच लोगों को उतार कर पूछताछ शुरु की। इस संबंध में चौकी प्रभारी से बात की गयी तो बताया कि डीसीएम पर 17 मवेशियों को लादकर ले जा रहे पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। मवेशियों को ग्रामीणों की सुपुर्दगी में कर दिया गया है।

# सरकार हर व्यक्ति के उत्थान के लिए कटिबद्धः प्रमोद तिवारी

**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



योगी सरकर के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पंचायत जैदपुर कार्यलय परिसर में आयोजित विकास उत्सव में भाजपा के तमाम नेताओं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं के साथ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश व केंद्र की सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचा रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार कटिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि 2017 से पहले का उत्तर प्रदेश याद होगा । उस समय अराजकता गुंडागर्दी माफिया गिरी का बोलबाला था। व्यापारी और बेटियां असुरक्षित थी, उस समय सड़कों पर गड्ढे और शाम को अंधेरा पिछली सरकारों की पहचान बन गई थी। विधानसभा प्रत्याशी जिला उपाध्यक्ष अमरीश रावत ने प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के अंतर्गत राज्य में हुये विकास कार्यो को विस्तार से बताया इस दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। भाजपा कार्यकर्ताओं से सरकर की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में प्रगति पुस्तिका के साथ घर घर जाकर जानकारी देने की बात कही गयी और जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा भी की गयी। कार्यक्रम में योगी सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियां को दर्शाने वाली प्रगति पुस्तिका का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी सरिता वर्मा राजकुमार गुप्ता उमा कांत गुप्ता मन्नू पहलवान पत्रकार शहाबुद्दीन सिद्दीकी वसीम खान सतेन्द्र वर्मा सोनू वर्मा, संदीप तिवारी पदुम कुमार , संतोष कुमार मेवालाल, अबसार शाह, राम सिंह आरिफ, सहित दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### कर्ज से दबे आलू व्यापारी ने किया खुदकुशी के प्रयास

**फतेहपुर, बाराबंकी।** एक आलू व्यापारी ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। यह घटना बुधवार की देर रात की है। जानकारी के अनुसार खैरा गांव के रहने वाले सत्यवान के मुताबिक उनके चचेरे भाई कमलेश कुमार (45) आलू का व्यापार करते हैं। बीते बुधवार को वह मीननगर गांव गए थे। वहां के वेद प्रकाश का 25 हजार रुपए का बकाया नहीं चुकाया था।इस पर वेद प्रकाश ने कमलेश की मोटरसाइकिल ले ली। इससे परेशान होकर कमलेश अपने घर लौट आए। उन्होंने शराब में चूहा मारने की दवा मिलाकर पी ली।कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनो को जब इस बात का पता चला तो वे तुरंत कमलेश को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।अस्पताल में डॉक्टर निसार अहमद की देखरेख मे कमलेश का देर रात तक उपचार चला स्वास्थ्य मे सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया। डॉक्टर के मुताबिक अभी उनकी स्थिति के बारे मे कुछ कहना जल्दबाजी होगी।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।कमलेश के चचेरे भाई सत्यवान ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को देने की बात कही है।

### करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन द्वारा भरे सदन में देश की आन बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले राणा सांगा के विरुद्ध की गई टिप्पणी से नाराज करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को भिटरिया चौराहे पर उनका पुतला फूंक कर माफी मांगे जाने की मांग की। राज्यसभा सदस्य सपा नेता द्वारा देश की संसद में की गई टिप्पणी से नाराज करणी सेना सहित अन्य वर्गों में जबरदस्त आक्रोश होने पर आज गुरुवार को उनका पुतला दहन कर उनके विरुद्ध जमकर नारेबाजी की इस अवसर पर पुतला रमेन्द्र प्रताप सिंह, सूरज सिंह, कपिल सिंह,अरुणेंद्र सिंह, ऊदल सिंह, आयुष सिंह, सूरज सोनी, अभय कश्यप, अंकित, अमन जायसवाल, सिद्धार्थ सिंह, राजा सिंह, अंशु शुक्ला, प्रदीप सिंह, अमरकेश सिंह, शुभम कसौधन, अंकित कुमार कश्यप, आनंद सिंह, आदर्श सिंह, हर्षवर्धन सिंह, मोहन अवस्थी मुख्य रूप से शामिल रहे।

### अटल आवासीय विद्यालय में छात्रा ने पाया प्रथम स्थान

**जालौन,उरई।** कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सुढार ब्लॉक जालौन की कक्षा आठ की छात्रा सुनैना पुत्री राजेश कुमार ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अटल आवासीय विद्यालय में स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल सुनैना और उसके परिवार के लिए गर्व की बात है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सुढार की रहने वाली सुनैना ने इस सफलता का श्रेय प्रधानाध्यापक रवींद्र कुमार निरंजन समेत अध्यापक संजेश कुमार गौतम, शालिनी राजे परमार के मार्गदर्शन को बताया। विद्यालय परिवार ने सुनैना की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापक ने कहा कि सुनैना की मेहनत और लगन ने उसे यह मुकाम दिलाया है, और यह अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक

**जालौन,उरई।** गांव में सामान लेने गई युवती को दूसरे गांव का युवक अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली में आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी को कुसमरा निवासी रितिक कुमार ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। परिजनों को इसकी जनकारी होने पर उन्होंने बेटी को समझाया। जिसके बाद बेटी ने युवक से संबंध विच्छेद कर दिए। पिता ने बताया कि दो दिन पूर्व बेटी गांव में सामान लेने गई थी। वहीं से रितिक उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमी युगल की तलाश शुरू की।

# मोहल्ला रइस कटरा में रोजेदारों को कराया गया इफ्तार, मांगी दुआएं

**जैदपुर बाराबंकी।** रहमतों बरकतों के रमजान मुबारक माह में जहां एक तरफ बुढ़े बच्चे जवान सभी खुदा की रजा के लिए रोजा रखकर तिलावत इबादत कर रहे हैं। वहीं लोग रोजेदारों को इफ्तार कराकर इस नेक काम मे हिस्सा भी ले रहे है। ज्ञात हो कि कस्बे के मोहल्ला रइसकटरा में एक भव्य रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जहां कस्बे के तमाम लोग इफ्तार में शिरकत की। वहीं नमाजे मगरिब के बाद भारी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर देश दुनियां में अमन शांति भाईचारा कायम रहने की दुआ की। इस दौरान गुफरान मकबूल दानिश जुनेद मुनना जुनेद सलमान रियाज़ अंसारी शहाबुद्दीन सिद्दीकी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने फार्म हाउस मालिक-नौकर को किया मरणासन्न

> फिल्मी अंदाज में फार्म हाउस पर लगे कैमरो को तोड़कर अंदर कर गए प्रवेश

**रामनगर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



अज्ञात बदमाशों ने ग्राम जुरौंडा के बाहर बने फार्महाउस पर धावा बोलकर दंपति और नौकर के साथ बुरी तरह से मारपीट करके लहुलुहान कर दिया। लाखो की नगदी और सोने चांदी के जेवरात समेत कार लेकर फरार हो गये। पीड़ित गृह स्वामी और नौकर की हालत गम्भीर होने के कारण उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल सी एचसी रामनगर से रेफर किया गया है। दिल्ली से कान्टैक्ट पर कृषि से सम्बंधित कार्य करने आये बाबूलाल पुत्र रामनारायण ग्राम जुरौंडा में गाँव के बाहर स्थित कृष्ण मुरारी सिह का खेत कंट्रास्ट पर लेकर करीब 1 वर्ष से फार्म हाउस बनाकर रह रहे हैं। बाबूलाल उनकी पत्नी और नौकर अपने फार्म हाउस पर लेटे थे। बुधवार की रात्रि एक बजे के बाद करीब आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने उनके फार्म पर धावा बोल दिया। फिल्मी अंदाज में पहले फार्म हाउस पर लगे सीसीटीवी कैमरो को तोड़ा फिर बाहर खड़ी गाड़ी से लोहे के गेट में जोरदार टक्कर मारकर उसे तोड़ दिया और अंदर प्रवेश कर गए। वहां मौके पर मौजूद फार्म हाउस मालिक और उनकी पत्नी नौकर को बंधक बनाकर जमकर पिटाई की जिससे नौकर और मालिक लहूलुहान हो गए।कमरे के सामने नल सहित चारों ओर काफी खून इधर उधर भारी मात्रा में पड़ा हुआ था। बदमाशों ने फार्म हाउस पर रखी लाखो की नगदी सोने चांदी के कीमती जेवरात सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर और बाहर खड़ी कार लेकर फरार हो गये। पीड़ित ने घायलावस्था में भू स्वामी दिलीप कुमार सिंह को रात्रि 2.24 मिनट पर दूरभाष से घटना की सूचना दी।इसके बाद उन्होंने 112 पर पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर कुछ ग्रामीण चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी कोतवाल अनिल कुमार पाण्डे दल बल के साथ पहुंच कर छानबीन शुरु कर दी। आलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह एएसपी श्री त्रिपाठी पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत मौके पर पहुंच गये। जिसके साथ फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरु कर दी।घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई।पुलिस के द्वारा बदमाशों की तलाश के लिए गहनता से जांच की जा रही। घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रामनगर के नेतृत्व में डाग स्क्वाड, स्वाट,सर्विलांस व थानों की 3 टीमों का गठन कर घटना का अतिशीघ्र अनावरण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है।पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटना की सतत मानीटरिंग की जा रही है।

रामनगर बाराबंकी लूट की घटना घटित होने के बाद पुलिस की टीमें आस पास के सी सी टी वी कैमरों की छानबीन में लगी हुई है। लेकिन ग्राम पंचायत की ओर से करीब छह माह पूर्व लगवाये गये सी सी टी वी कैमरों पर धनराशि किस उद्देश्य से व्यय हुई है और वह कार्य कर रहे हैं कि नही कहां कहां लगे हुवे है यह भी जांच का विषय है।गौरतलब बात तो यह है कि गांव के बाहर बने ग्राम पंचायत भवन के सामने से होकर उक्त फार्म हाउस का आवागमन मार्ग है।

# नाबालिग को भगाने वाला युवक गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नाबालिग किशोरी को बरगला कर भगा ले जाने वाले युवक को रामपुरा थाना पुलिस ने उसे समय गिरफ्तार कर लिया जब वह कहीं दूर जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहा था। प्राप्त विवरण के अनुसार रामपुरा थाना अंतर्गत कस्बा रामपुरा निवासी एक नाबालिग किशोरी को विकास पुत्र भीकम यादव निवासी जगम्मनपुर थाना रामपुरा ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर साथ भाग चलने को प्रेरित किया, अपने अच्छे बुरे की समझ ना रख पाने वाली किशोरी अपने प्रेमी के बहकावे में आ गई परिणाम स्वरूप ढ़ाई माह पूर्व 7 जनवरी 2025 को विकास यादव उसे अपने साथ लेकर लापता हो गया जिसका मुकदमा अपराध संख्या 12/25 थाना रामपुरा बीएनएस की धारा 137 (2), 64 (1), 87 एवं एसएल/6 पास्को एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया था। घटना के दिनांक से ही पुलिस विकास यादव की तलाश में लगातार फील्डिंग लगा रही थी। 27 मार्च को सुबह 8.30 बजे रामपुरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार व वरिष्ठ उप निरीक्षक उदयपाल सिंह को पता चला की विकास यादव किसी एक लड़की के साथ जगम्मनपुर में भीखेपुर चौराहे पर किसी वाहन की तलाश में खड़ा है। वरिष्ठ उप निरीक्षक उदयपाल सिंह, उप निरीक्षक अनूप कुमार, कांस्टेबल विपिन कुमार ने बिना देर किए जगम्मनपुर पहुंचकर विकास यादव को गिरफ्तार कर लिया उसके कब्जे से नाबालिक किशोरी भी बरामद कर ली।

# अपराधियों का यूपी से हुआ सफायाः सतीश चंद्र शर्मा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा सरकार के केंद्र में 11 वर्ष और उत्तर प्रदेश में 8 वर्ष के सुशासन में प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उत्तर प्रदेश अब सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट वाला जहा राज्य बन चुका है वही अपराधियों और अराजकता फैलाने वाले लोग गायब हो गए है।

यह बात खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने गुरुवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन' समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब 'उत्तम प्रदेश' बन चुका है।मंत्री ने कहा कि जहां पहले माफियाओं का राज था, अब वहां योगी सरकार ने माफियाओं का नामोनिशान मिटा दिया है। उन्होंने कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा, यदि किसी ने एक चौराहे पर बहन-बेटी के साथ दुर्व्यवहार किया, तो दूसरे चौराहे पर उत्तर प्रदेश पुलिस उसे सजा देने के लिए खड़ी रहती है। श्री शर्मा ने कहा कि पहले साधु-संतों का अपमान कर उन्हें जेल भेजा जाता था, लेकिन अब उनका सम्मान किया जाता है और उन पर फूल बरसाए जाते हैं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उर्मिला वर्मा, उनके प्रतिनिधि चंद्रशेखर वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा, तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी,मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह पवन कुमार सिंह रिंकू, बाबा परमेंद्र विक्रम सिंह, रुपेश प्रताप सिंह लकी, नवगत, कोतवाली निरीक्षक अंकित त्रिपाठी, एडीओ पंचायत शैलेंद्र दुबे सहित ब्लॉक और तहसील स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी और अन्य गणमान्य तथा भाजपा के लोग मौजूद रहे।

# दुकान में घुसकर की मारपीट दी जान से मारने की धमकी

**उरई,जालौन।** नगर के व्यस्त स्टेशन रोड उस समय अफ्रातफ्री मच गई जब एक युवक ने नगर पालिका मार्केट में खुली एक दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट कर दी व रुपए ले जाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ। जब दुकानदार ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देकर युवक वहां से भाग गया। कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में दुकानदार कपिल विस्वारी पुत्र महेंद्र गुप्ता ने अवगत कराया कि पूर्व के विवाद को लेकर इंदिरा नगर निवासी ऋषिकांत कौशल पुत्र भगवत प्रसाद सोनी देर शाम उसकी दुकान में घुस आया और आते ही लात घूंसों से उसकी मारपीट कर दी एवं गुल्लक में रखे रुपए निकालने का प्रयास किया। पीड़ित के सिर व चेहरे पर चोट के निशान हैं।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों का हुआ सम्मान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक के छात्रों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्याम पाल सिंह, प्राचार्य, महिला महाविद्यालय, इटावा एवं डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, प्राचार्य, हैंवरा डिग्री कॉलेज उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों ने छात्रों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव (डीसी सीबीएसई, इटावा) ने सभी मेधावी छात्रों की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं विद्यालय के अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी तथा छात्रों को सतत प्रयासों के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और सभी छात्रों को भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किए गए । कुल 144 छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में प्रमुख रहे आर्यन, आयुष, समृद्धि आदि।

# नया पुल निर्माण के लिये लोनिवि ने ब्रिटिश शासन में बना पुल तोड़ा

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर को रोडवेज बस स्टैंड का नगर में जर्जर हो चुके नालों के पुलों के पुनः निर्माण को लेकर चलाई जा रही मुहिम के क्रम में लोक निर्माण विभाग ने अब कोंच बस स्टैंड के लिए जाने वाले मार्ग पर स्थित गंदे नाले के पुल के निर्माण का काम शुरू कर दिया है जिसके क्रम में आज गुरुवार को उक्त पुल को लोक निर्माण विभाग की जेसीबी मशीनों ने ढहा दिया। फिलहाल अच्छी बात तो यह है कि अब जल्दी ही उक्त नए पुल का निर्माण कार्य शुरू किए जाने से लोगों को आवागमन के लिए सुरक्षित पुल मिल सकेगा लेकिन हाल में विडंबना यह है कि लोक निर्माण विभाग ने फिलहाल के आवागमन के लिए कोई ठोस बायपास मार्ग नहीं बनाया जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर में ऐसे पुल जो कि ब्रिटिश काल में बने थे और जिनका इस्तेमाल अभी भी किया जा रहा है जर्जर हो चुके इन पुलों पर हादसों की आशंका को देखते हुए अब प्रशासन ने ऐसे पुलो के पुनः निर्माण के लिए काम करना शुरू किया है जिसके क्रम में कोच बस स्टैंड समीप गंदे नाले पर बने हुए पुल को गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के जेसीबी मशीनों द्वारा ढहा दिया गया।

# खाकी की गुंडई आई सामने कार चालक को पट्टे से पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> खत्म हो गया योगी का इकबाल...

मामला थाना कादरी गेट के अंतर्गत पांचालघाट के चौकी का है। विनोद चौहान पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी मकसूदपुर थाना उघेती जनपद बदायूं का निवासी है। बीती रात समय करीब रात्रि 11:00 बजे विनोद अपनी कार स्विफ्ट डिजायर से ड्राइवर बंटी पुत्र राजेंद्र निवासी मोहल्ला घटिया गेट चंदौी जिला संभल के साथ पांचालघाट पुल के पास पहुंचा, तो देखा कि पांचालघाट पुल पर मरम्मत का काम चल रहा है। पुलिस गाड़ियों को एक साइड से क्रास करवा रही थी, तो ड्राइवर ने गाड़ी को एक साइड में करने के लिए बढ़ाया, तो सिपाही द्वारा विनोद के ड्राइवर को दो थप्पड़ मार दिए गये। विनोद ने ड्राइवर को मारने से मना किया, तो विनोद को गाड़ी से उतारकर सिपाहियों ने अपनी गाड़ी स्प्लेंडर पर बैठाकर चौकी पांचाल घाट ले गए। विनोद ने आरोप लगाया कि सिपाहियों ने मुझे पटों से पानी डाल-डालकर खूब मारा। पिटाई की पिटाई से विनोद अचेत हो गया। सिपाहियों ने देखा बेहोश हो गया, तो उन्होंने पांचालघाट चौकी इंचार्ज को फोन किया। चौकी इंचार्ज अपनी फोर व्हीलर गाड़ी से आए और देखा तो वह बेहोश था। मुझे अपनी गाड़ी से मेडिकल कराने के लिए अस्पताल ले गए।

वहां पर मेरा मेडिकल कराया गया। विनोद का कहना है की पुलिस डॉक्टर पर एल्कोहल साबित करने के लिए दबाव बना रही थी। विनोद का कहना था कि पुलिस यह चाह रही थी कि डाक्टर यह रिपोर्ट बना दे कि विनोद व चालक शराब के नशे में थे। जिसको लेकर पुलिस के बीच उनकी मारपीट हो गयी।

# विधायक ने पेश किया 8 साल का रिपोर्ट कार्ड

**विकासखंड कार्यालय में कई विभागों ने लगाई प्रदर्शनी**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रमों का दौर जारी है। इसी कड़ी में विकासखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम 8 साल बेमिसाल के तहत विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। इस मौके पर कार्यालय परिसर में कई विभागों ने प्रदर्शनी भी लगाई। पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक अर्चना पांडेय ने कहा विधानसभा क्षेत्र में विकास मंडल क्षेत्र विकास निधि से अब तक दो यात्री प्रतीक्षालय, 55 इंटरलॉकिंग एवं नाली, 5 विधायक निधि से इलाज हेतु आर्थिक सहायता, 5 कमरा बरामदा, 3 महिला स्नान घाट, 55 हाई मास्ट लाइट, 2 हैंडपंप, 1 हेल्थ एटीएम, 1 पुलिया, प्रशिक्षार्थियों हेतु 2 शौचालय, 2 समरसेबल, 5 सांस्कृतिक भवन, 1 सोलर प्लांट, 2 वाटर कूलर, 2 तोरण द्वार, 5 नाला, 1 ट्राई साइकिल व 1 अटल भवन का निर्माण कराया गया है जबकि मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए 165 लोगों को 3 करोड़ 28 लाख 77 हजार 450 रुपए की आर्थिक सहायता दिलाई गई है।

इस अवसर पर कार्यालय परिसर में पंचायती राज विभाग, श्रम प्रवर्तन विभाग, बाल पुष्टाहार विभाग, कृषि विभाग समाज कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टाल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल, गौरव द्विवेदी, मुनीष मिश्रा, देव प्रकाश पालीवाल, बीडीओ दीपांकर आर्य, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद नेगी, राजकीय पशु चिकित्सालय के फार्मासिस्ट डॉक्टर गौरव पांडेय, एडीओ पंचायत यशकरन सिंह, एडीओ आईएसबी अनिल कुमार, एडीओ एसके शि शुपाल सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर राहुल मिश्रा व कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य शशिकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सेवा, सुरक्षा व सुशासन के तहत नगर पालिका ने लगाई प्रदर्शनी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार के 8 साल बेमिसाल पर सेवा सुरक्षा व सुशासन के तहत नगर पालिका सभागार में प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन' की नीति के आठ व केन्द्र सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित बैठक में आनंद गुप्ता पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा व अतुल वर्मा पूर्व सभासद नगर अध्यक्ष भाजयुमो ने योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी। अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत नगर में 1697 आवास का निर्माण कराया गया है। एमआरएफ सेन्टर की स्थापना कराई गई। नगर में 1632 व्यकितगत इज्जतघर का निर्माण कराया गया। पीएम स्वानिधि में 3.1 करोड़ का ऋण दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन, सीवरेज एवं जल निकासी योजना, पेयजल योजना, अंत्येष्टि स्थल विकास सहित कई योजनाओं की जानकारी दी।

### बाइक की टक्कर से दो भाई घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर लौट रहे बाइक सवार दो भाईयों को सामने से आ रही बाइक के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को तिर्वा मेडिकल कालेज से कानपुर रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम चियासर अंबरपुरवा निवासी प्रवीन पुत्र रामनारायण ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि बीती 08 फरवरी को वह अपने भाई नवीन के साथ गुरसहायगंज से अपने ग्राम अंबरपूर्वा जा रहा था। तभी इंदुईयागंज हाईवे कट के पास सामने से आ रहे बाइक चालक आकाश पुत्र वालस्तर निवासी भवानीपुर ने लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# चैत्र नवरात्रि पर हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च, रविवार के दिन पड़ रही है। इस साल मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। आचार्य अभय त्रिपाठी ने कहा मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलता है, धन-धान्य में वृद्धि होती है। इस दौरान मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना से सुख-समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 29 मार्च को शाम 4:27 पर होगी, वहीं इस तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12:49 पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, 30 मार्च दिन रविवार से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होगी और इसका समापन 7 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा तिथि का प्रारम्भ 29 मार्च को सांय 4:27 और प्रतिपदा तिथि का समापन 30 मार्च को सांय 12:49 होगा। चैत्र घटस्थापना रविवार 30 मार्च घटस्थापना मुहूर्त सुबह 6:13 से 10:22 बजे तक और घटस्थापना अभिजीत मुहूर्त 12:01 से 12:50 बजे तक है।

# ऋण माफी में किसानों को दिए 153.65 करोड़: विधायक

**कैलाश राजपूत ने आठ वर्ष की उपलब्धियों को लेकर दी जानकारी**

**तिर्वा समृद्धि न्यूज।**



प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते भाजपा विधायक कैलाश राजपूत

भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने को लेकर सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए कार्यक्रम के अन्तिम दिन उमर्दा विकास खण्ड कार्यालय में तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत व उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से मीडिया से वार्ता करते हुए आठ बर्षों के दौरान क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारियां दी।

भाजपा विधायक ने बताया कि कन्नौज जनपद में ऋण माफी योजना के तहत 66055 किसानों का 399.42करोड़ माफ किया गया है। जिसमें तिर्वा विधानसभा में 153.65 करोड़, कन्नौज में 97.65 करोड़ व छिबरामऊ विधानसभा में 148.12 करोड़ का ऋण माफ किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षतिपूर्ति के ऐवज में कन्नौज जिले के किसानों को 19.31 करोड़ प्रदान किए गए हैं। जिसमें तिर्वा विधानसभा में 06.92 करोड़ की क्षतिपूर्ति वितरित की गई।

प्रधानमंत्री सम्मान किसान योजना में कन्नौज जिले में 306630 किसानों को कुल 843.43 करोड़ रूपए दिए गए हैं। जिसमें तिर्वा विधानसभा में 285.80 करोड़ रूपए किसानों को दिए गए है। पीएम सोलर पम्प योजना के तहत जिले के किसानों को सिचाईं के लिए 10.52 करोड़ का अनुदान दिया गया है। जिसमें तिर्वा विधानसभा को 04.02 करोड़ की धनराशि अनुदान के रूप में दी गई है।

कृषि यंत्री करोड़ योजना के तहत जिले के किसानों को 7.98 करोड़ अनुदान दिया गया है। जिसमें तिर्वा विधानसभा में 03.57 करोड़ का अनुदान दिया गया है। ब्लाक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा ने बताया कि इसके अलावा भी उनके विकास खण्ड क्षेत्र में सैकड़ो किसानों को तमाम योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष श्यामू राजपूत, रामू कटियार, सतेन्द्र राजपूत समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

# इतिहास बनाएगा दुनिया का सबसे ऊंचा अशोक स्तंभ



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कुशीनगर से आए पूज्य भंते नंदरतन महाथेरों और संकिसा से आए पूज्य भंते धम्मपाल ने कहां ग्राम लक्षीराम नगला में बनने वाला दुनिया का सबसे ऊंचा भारत का राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ इतिहास बनाएगा। उन्होंने विश्व के सबसे ऊँचे बनने वाले निर्माणाधीन अशोक स्तंभ स्थल का निरीक्षण कर सम्राट अशोक चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक ओमकार शाक्य को मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा जल्द ही यहां पर बहुत बड़ा टूरिस्ट हब बन जाएगा क्योंकि पूरी दुनिया से अशोक स्तंभ को देखने के लिए लोग यहां पर आएंगे। इस दौरान शिव प्रताप शाक्य एडवोकेट व आदित्य विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अनियंत्रित क्रेन के चालक ने सड़क किनारे खड़े किशोर को टक्कर मार दी थी। इससे वह घायल हो गया था। घायल का उपचार कानपुर में चल रहा है। पीडित के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जलालाबाद निवासी राजेन्द्र प्रसाद पाठक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र प्रशांत उर्फहिमांशु बीती 17 मार्च की रात करीब 10 बजे अपने किसी कार्य से मोटरसाइकिल द्वारा जसोदा जा रहा था। इस दौरान रास्ते में तिलपई रोड पर वह अपनी बाइक को सड़क किनारे खड़ा करके लघुशंका करने लगा। तभी सामने से आ रही अनियंत्रित क्रेन ने उसको टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए गुरसहायगंज सीएससी ले गए। जहां हालात गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे कानपुर ले गए। जहां उपचार चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बच्चों के विवाद में महिला व उसकी भतीजी को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बच्चों के विवाद को लेकर हुई कहां सुनी के बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली गलौज की। महिला व उसकी भतीजी को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा समधन के मोहल्ला किदवई नगर निवासी शबनम पत्नी जिमीनूर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 19 मार्च की दोपहर लगभग 12 बजे मोहल्ले की रानी एवं मेरे बच्चों में आपसी विवाद व कहासुनी हो गई। इसी विवाद को लेकर रानी ने अपने पक्ष के मोहसिन, जायद, मिनाज, चन्दन, कालिया, शाकिर, शहजाद, बाबू आदि को एकत्र कर लिया। जो लाठी डंडे लेकर महिला के घर पर आ गए। इसके बाद गाली गलौज की और महिला व उसकी भतीजी गुलफ्सा को मारपीट कर घायल कर दिया। जब मोहल्ले के लोग इकट्ठा होने लगे। तो महिला को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गल्ला आलू व्यापारी संघ के चुनाव की सरगर्मी तेज



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नवीन मंडी में गल्ला आलू व्यापारी संघ के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही चुनाव पक्रिया द्वारा नए पदाधिकारी चुने जाएंगे। गल्ला आलू व्यापारी संघ के संरक्षक एवं तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर उर्फ पुच्ची ठाकुर के प्रतिष्ठान पर इस संबंध में आयोजित बैठक में विचार विमर्श किया गया। आम सहमति से तय किया गया कि नई कमेटी के चुनाव हेतु विचार विमर्श करने के लिए 29 मार्च को दोपहर 11 बजे से आढ़ती लेजम सिंह के प्रतिष्ठान पर बैठक होगी। इसमें मंडी के सभी व्यापारी भाइयों से आने की अपील की गई है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी, मीडिया प्रभारी पंकज प्रसाद दुबे व हरिभान सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्यास का एहसास कराता है रोज़ा



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** रोजेदार बताते हैं कि गुनाहों से बचनें के साथ साथ प्यास का एहसास कराता है रोज़ा नेक रास्ते पर चलने का संदेश देता है रोज़ा रखने बाले के जिस्म की तमाम तरह की बीमारियां खत्म होती है। बुराइयों से भी बचाता है रोज़ा आपसी भाईचारा कायम करनें का संदेश देता है रोज़ा रमज़ान के महीने में रोज़ा रखना हर बालिग मर्द और औरत पर बाजिब है। यह बातें गुरुवार शाम मलिकपुर में एक रोज़ा इफ्तार के दौरान प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद (हबलू) ने कहीं अलविदा जुमा की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमज़ान में रहमतों व वरकतों की बारिश होती है। रोज़ा इफ्तार रोज़ा इफ्तार कराने बाले के अल्लाह गुनाह माफ करता है।



### किसानों का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

**छिबरामऊ, कन्नौज।** लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता की अध्यक्षता में हुई भारतीय किसान यूनियन अवधेश की किसान महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर तमाम लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और किसानों की समस्याओं के निराकरण का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक के संचालन मूवी पंचायत में हर्ष मिश्रा को जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, शैलेंद्र गुप्ता को मंडल उपाध्यक्ष कानपुर युवा प्रकोष्ठ, ज्ञानेंद्र दुबे उर्फ कल्लू नेता को जिला मीडिया प्रभारी, पवन शुक्ला मंडल संयोजक, प्रशांत तिवारी जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, एडवोकेट विशाल दुबे जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं., अवधेश कुमार त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार दुबे एवं कार्यालय प्रभारी संजू ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

# गलतियों से तोबा करने का मौका है माह-ए-रमज़ान

**रमजान-उल-मुबारक की बेशुमार बरकतें हैं, अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त की रहमतों का नुजूल होता है**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मदरसा गुलशने रजा के प्रधानाचार्य कुमैल इदरीश का कहना है इंसान खताओं का पुतला है, उससे गलतियां होती हैं। अल्लाह तआला बंदों को गलतियों से तोबा करने का मौका देता है और उनकी मगफिरत फरमाता है।

रमजान उल मुबारक के 30 दिनों को तीन अशरों में बांटा गया है। एक रमजान से 10 रमजान तक पहला अशरा रहमत का होता है। इस अशरे में अल्लाह पाक अपने बंदों पर रहमत नाजिल फरमाता है। दूसरा अशरा मग़फ़िरत का है यानि गुनाहों से माफ़ी का। ये अशरा 10 रमजान को मगरिब की अजान से शुरू होकर 20 रमजान को मगरिब की अजान से पहले तक है। रमजान के महीने में रहमत के दरवाजे खुल जाते हैं। वैसे रमजान-उल-मुबारक की बेशुमार बरकतें हैं, अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त की रहमतों का नुजूल होता है। इस दूसरे अशरे में परवरदिगार-ए-आलम गुनहगार बन्दों के गुनाहों को बख्श देता है। क्योंकि जाहिर सी बात है इंसान ख़ताओं का पुतला है। अल्लाह के नबी ने फरमाया इंसान से भूल भी हो सकती है, गलती भी हो सकती है, ख़ता भी हो सकती है और गलतियों की वजह से इंसान के गुनाहों में इजाफा आ जाता है। इसलिए अल्लाह रब्बुल इज्जत रमज़ान के इस दूसरे अशरे में बन्दे को मौका देता है कि वो अपने गुनाहों से सच्चे दिल से तौबा कर ले। इसी अशरे में अल्लाह गुनाहों को मआफ़ करता है और बन्दे की मगफिरत फ़रमाता है। अल्लाह ने इस माह-ए-मुबारक में कुरआन पाक नाज़लि फरमाया है और इसी महीने में अल्लाह ने लैलातुल कद्र को नाजिल फ़रमाया। लैलातुल कद्र की एक रात एक हजार सालों की इबादत की फ़ज़ीलत रखती है। अहले छिबरामऊ को माह-ए-रमजान की दिली मुबारकबाद।

# भागवत कथा सुनने से बढ़ता है ज्ञान पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पटकुलिया रामनगर में चल रही भागवत कथा एवं रात्रि कालीन रासलीला में पहुंच कर पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की और भंडारा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कथा भागवत सुनने से ज्ञान बढ़ता है। इसमें भगवान ने जो किया उसका ज्ञान दिया जाता है। हम लोग उनके विचारों पर चलें और हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई एकता को एक करके देश को आगे बढ़ाने का कार्य करें। भाजपा समाज में जहर घोलने का कार्य कर रही है। हमारे दलित सांसद रामजी सुमन पर भाजपा के गुंडो ने गाड़ी के शीशे और उनके घर पर पत्थर फेके हैं, उन्हें समाजवादी पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हमारा नेता जिस दिन आंदोलन का आदेश कर देगा उस दिन सड़को पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता दिखाई पड़ेगें। इस मौके पूर्व प्रधान राजेश नायक, तिलक सिंह नायक, बीडीसी उमेश पाल विधानसभा अध्यक्ष, विक्रम चौहान, गुरुदेव, अंकुर सिंह यादव, सतीश सिंह व सतेन्द्र यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर बनी अवैध दुकानों को किया धरासाई

**प्रशासन ने ग्राम समाज की भूमि को कराया कब्जा मुक्त**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




तेराजाकेट में अवैध निर्माण को गिराती जेसीबी मशीन।

ग्राम तेराजाकेट में गाटा संख्या 1176 पर चक मार्ग की भूमि पर अबध बिहारी ने अवैध रूप से कब्जा कर दुकानों का निर्माण करा रखा था। इस संबंध में रजलामऊ गांव निवासी अमित कुमार तिवारी ने प्रशासन से शिकायत की थी। मामला जिलाधिकारी तक पहुंचा।

तो प्रशासन हरकत में आया और सेक्टर मार्ग की भूमि पर अवैध तरीके से बनाई गई दुकानों को प्रशासन ने जेसीबी मशीन से धरासाई करा दिया। तहसीलदार के न्यायालय में भी मुकदमा चला। लेकिन अदम पैरवी के कारण मुकदमा खारिज हो गया। इसके बावजूद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अबध बिहारी पर 25,200 रुपये का जुर्माना लगाया। गुरूवार को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन से अवैध दुकानों को ध्वस्त कर ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चक मार्गो और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान राजस्व निरीक्षक प्रेम कृष्ण मिश्रा, लेखपाल कौशल यादव, कुलदीप यादव, श्याम नारायण द्विवेदी, कौशल पांडेय, अमन श्रीवास्तव, अभिशांक कटियार, अजय गौतम, दरोगा हरीश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# रमज़ान के महीने का करें अदब और एहतराम: ताहिर हुसैन

**पूर्व विधायक के रोजा इफ्तार में उमड़ी रोजेदारों की भीड़**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



रोजा इफ्तार में मौजूद पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि व अन्य।

पूर्व विधायक के रोजा इफ्तार में जनप्रतिनिधियों सहित रोजेदारों की भीड़ उमड़ी। जिसमें लोगों ने दलीय सीमाएं टूटती नजर आई और लोगों ने बढ़-चए कर प्रतिभाग किया। गंगा जमुनी तहजीब के प्रतीक रोजा इफ्तार में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। नमाज में मुल्क के अमन चैन और खुशामदी की दुआ की गई। गुरुवार की शाम मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदरसा मजहरूल उलूम में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि रमजान में रोजा रखने वालों के सभी गुनाह माफ होते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने से रोजा मुक्कमल होता है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने कहा कि रोजा गरीबों एवं मजलूमों की मदद करने का संदेश देता है। रमज़ान का महीना बहुत ही रहमत और बरकत वाला है। क्योंकि इसी मुकद्दस महीने में आसमानी इल्म उतरा है। हम सबको रमज़ान के महीने का बहुत ही अदब और एहतराम करना चाहिए। हमें चाहिए कि रोजा रखें, तिलावत करें और नमाजों की पाबंदी करें। सामाजिक बुराइयों से बचकर हदीस की आयतों को अपने जीवन में उतारे और नेक काम करें। रोजा इफ्तार में पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, ताहिर हुसैन सिद्दीकी, तहसीन सिद्दीकी, अरशद जमाल सिद्दीकी, राशिद जमाल सिद्दीकी, जुनैद सिद्दीकी, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, समाजसेवी इन्द्र कुमार गुप्ता, मो. नफीस, आसिफ खां, शमीम सिददीकी, अरूण शर्मा, अयूब, शमशाद, आमिर, नासिर सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# बिजली विभाग टीम ने छापेमारी कर काटे कनेक्शन

**बकाया उपभोक्ताओं के घर पर चलाया गया छापेमारी अभियान**

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



छापेमारी अभियान चलाते एसडीओ अगस्त मौर्या व जेई रामकुमार

उच्च अफसरों के निर्देश पर एसडीओ ने गांवों में छापेमारी अभियान चलाया गया।

जिसमें करीब एक सैकड़ा कनेक्शन काट दिये गये रामाश्रम विद्युत उपकेन्द्र के अन्तर्गत ग्राम श्यामनगर में एसडीओ अगस्त मौर्या व जेई रामकुमार के नेतृत्व में गुरुवार को बकाया उपभोक्ताओं के घरों पर छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें करीब एक सैकड़ा कनेक्शन काट दिए गये एसडीओ अगस्त मौर्या ने बताया कि जिन बकाया उपभोक्ताओं ने विभाग के कर्मचारियों के तमाम प्रयासों के बावजूद बकाया बिल का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

उनके हर कीमत पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है इसलिए बकाया उपभोक्ता अपना तत्काल बिल जमा करने में उसकी भलाई है यह अभियान आगे भी इसी प्रकार से चलता रहेगा। इस अवसर पर अवर अभियंता रामकुमार, लाइनमैन शीश कुमार, कन्हैया यादव, लक्ष्मण राजपूत, दीपू ठाकुर, कुलदीप सिंह, अर्जुन कुमार, योगेन्द्र कठेरिया आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक ने भी तोड़ा दम

**तिर्वा।** इंदरगढ़ के अगौस गांव के निकट डंफर की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार दूसरे युवक की भी गुरूवार को कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस तरह से दोनो युवक इस हादसे में मौत का शिकार हो गए हैं। विदित हो कि बुधवार की दोपहर अगौस गांव के निकट तिर्वा से इंदरगढ़ की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में सनी की मौत हो गई थी। उसका ममेरा भाई शनि कुमार घायल हो गया था। जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। यहां हालत में सुधार न होने पर देर रात उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। गुरूवार को कानपुर में उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। कानपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में एक्सपो मेले का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में रचना शरीर विभाग द्वारा एक्स्पो 2025 का आयोजन हुआ।

जिसमे 2024 बैच के छात्र - छात्राओं ने अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सर्वेश कुमार जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी फर्रुखाबाद एवं विशिष्ट अतिथि विशेषज्ञ संजीव सक्सेना प्राध्यापक राजकीय आयुर्वेद कॉलेज लखनऊ द्वारा किया गया। एक्सपो में मॉडल, फेस एवं बॉडी पेन्टिग, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता के रूप में 4 श्रेणियां थीं। नये छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर

- एक्स्पो मेले में मॉडल, फेस एवं बॉडी पेन्टिग, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न
- प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग, सभी ने की रचना शरीर विभाग की तारीफ



एक्स्पो मेले में मौजूद प्रतिभागी, प्राचार्या व कॉलेज स्टाफ आदि

इसमें अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। 16 पोस्टर, 11 मॉडल, 7 रंगोली एवं 7 बॉडी एवं फेस पेन्टिग समीक्षा के लिए उपलब्ध हुए। संस्था के सभी विभागाध्यक्षों डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. विजय मोहन गुप्ता, डॉ.विघ्नेश्वर मिश्रा, डॉ. रथीष, डॉ. जितेन्द्र गौड़, डॉ. रीता सिंह, डॉ. करीना भद्रा तथा रीडर डॉ. संकल्प, डॉ. रूमा डे तथा प्रवक्ताओं में डॉ. अरूण पाण्डे, डॉ. अरीब, डॉ.विकास, डॉ. पीयूष माधव ने सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल में शामिल होकर परिणाम प्रस्तुत किया। उनके अनुसार सभी प्रतियोगिताओं मे बच्चों ने इतनी अच्छी प्रस्तुति दी कि निर्णय करना कठिन था। किसे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान दिया जायें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सर्वेश तथा विषय विशेषज्ञ डॉ. सक्सेना ने भी निर्णायकों की निर्णय देने में मदद की। इस प्रकार इन सभी प्रतियोगिताओं का परिणाम प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राची एण्ड ग्रुप, द्वितीय स्थान प्रेरणा एवं अंशिका एवं तृतीय स्थान महक को प्राप्त हुआ। फेस एवं बॉडी पेन्टिंग प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पर शिवचंचल, द्वितीय स्थान पर प्रकृति एवं तृतीय स्थान पर मानसी रहे। पोस्टर प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पर साक्षी, द्वितीय स्थान पर तूहिना एवं तृतीय स्थान पर दिव्या रही। मॉडल मेकिंग प्रतिस्पर्धा में श्वेता एण्ड ग्रुप के डलहण ग्रुप ने बाजी मारी। द्वितीय स्थान पर स्तुति एण्ड ग्रुप का धन्वतरि ग्रुप रहा तथा रिया एण्ड ग्रुप का सुश्रुत ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि डॉ. सर्वेश कुमार ने कहा कि छात्र छात्राओं ने जो मेहनत की है उसमें कोई भी निर्णय लेना कठिन हो गया जो प्रथम स्थान पर नहीं है वह भी विजेता ही है। डॉ. संजीव सक्सेना ने रचना शरीर विभाग की विभागध्यक्ष डॉ अविधा सिंह को इस अदभूत अकल्पनीय प्रयास के लिये बधाई दी एवं छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की तथा कहा कि यह अविधा सिंह को इस अद्भुत अकल्पनीय प्रयास के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह एक्स्पो अनुकरणीय है और रचना शरीर विभाग द्वारा शरीर पर पेन्टिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों की तारीफ करते हुए कहा पाठ्यक्रम को इस तरह से भी पढ़ाया जा सकता है। कालेज की प्राचार्या डॉ.अंजना दीक्षित ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथि एवं मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। कालेज की कोआर्डिनेटर डॉ. नीतूश्री ने कहा हर विभाग को यह एक्सपो उत्साहित करता है और सभी विभागध्यक्षों के लिए अनुकरणीय है। पी.जी. डीन डॉ. निरंजन एस. ने प्रदेश स्तर के कार्यक्रम की तैयारी करने पर रचना शरीर विभाग की खूब तारीफ की। रचना शरीर विभाग की प्रवक्ता डॉ. कविता ने कहा कि सभी बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

डॉ. अविधा देवराज सिंह ने महाविद्यालय के मैनेजमेन्ट चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव एवं डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन का आभार व्यक्त करते हुए कॉलेज की प्राचार्या तथा सभी विभागाध्यक्ष, कॉलेज के सभी टीचिंग, नान टीचिंग स्टाफ के सहयोग एवं उत्साहवर्धन के लिए धन्यवाद किया।

## वाहन की टक्कर से बैंक मित्र की मौत, परिजनों में कोहराम

**अमृतपुर/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो

सड़क हादसे में बैंक मित्र की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव गैहलार निवासी राजीव पुत्र भूरे उर्फ नरसिंह किसी काम से बाहर गए थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक राजीव की हालत गंभीर हो चुकी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना तेज था कि राजीव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल राजीव को अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। घटना की जानकारी मिलते ही अमृतपुर थानाध्यक्ष मोनू शाक्य मौके पर पहुंचे। दरोगा कछु सिंह ने तुरंत शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल डॉ0 राम मनोहर लोहिया पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजीव की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी मंजू व मां राजरानी का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के दो पुत्र आर उम्र 7 वर्ष यश पुत्र 4 वर्ष हैं। बताया जा रहा है कि राजीव अपने परिवार का अकेला कमाने वाला था और बैंक मित्र के रूप में कार्य कर रहा था। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। ताकि वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर गति सीमा के बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर बनाने और नियमित रूप से ट्रैफिक चेकिंग अभियान चलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## मायके आयी विवाहिता व गर्भस्थ शिशु की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



कमालगंज थाना क्षेत्र के गाँव खजुरिया नगला रजीपुर निवासी रामू जाटव की उम्र 25 वर्षीय पत्नी रिचा जाटव जो कि 5 महीने की गर्भवती होने पर वह अपने मायके पिता जवाहरलाल निवासी चिलाँका थाना कायमगंज के यहाँ आई थी। कुछ समय बाद उसकी अचानक हालत बिगड़ने पर पिता जवाहरलाल आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ कुछ देर बाद रिचा की मौत हो गई। साथ ही उसके गर्भ मे पल रहे 5 महीने के शिशु की भी पेट में मौत हो गई। वहीं पिता जवाहरलाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा की हमारी बेटी की हालत बिगड़ने पर सामुदायिक लेकर पहुचे। वहाँ पर कोई भी डाक्टर मौजूद नहीं था। जब हमने उनसे डाक्टर को बुलाने की बात कही, तो कर्मचारी हमारे ऊपर दौड़ पड़े। अगर हमारी बेटी को समय रहते उपचार मिल जाता तो शायद रिचा की जान बच जाती। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों की लापरवाही से रुचि की मौत हुई है। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जवाहर ने बताया की हमारे चार बेटी एक बेटा है। रिचा सबसे बड़ी थी। एक वर्ष पूर्व उसका विवाह किया था।

## जेएएनएम की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

- अपने नाना के यहां रहकर कर रही थी पढ़ाई


रोते बिलखते मृतका के परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जेएएनएम की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे फॉरेंसिक टीम ने जॉच कर नमूने लिये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम खटा निवासी राम भरोसे की 20 वर्षीय नातिन समीक्षा ने साड़ी के सहारे छत के कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। डायल 112 की सूचना पर थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा डायल 112 ने दरवाजा तोड़कर शव को उतारा। फॉरेंसिक टीम ने नमूने लिए। मृतका समीक्षा दो वर्ष से अपने नाना रामभरोसे तथा मामा सुरजीत व उमेश के साथ रहकर जेएएनएम की पढ़ाई कर रही थीं। बीती रात्रि मृतका घर पर अकेली थी तथा नाना तथा मामा खेत पर गए हुए थे। जब मामा तथा नाना घर आए, तो कमरे का दरवाजा बार-बार खटखटाने तथा आवाज़ देने जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तब मामा सुरजीत ने कुर्सी पर खड़े होकर दीवार में बने मोखले में मोबाइल डाल कर देखा तो भांजी फांसी पर झूल रही थी। जिसकी सूचना मृतका की माता रेनू देवी को थाना भोगांव के ग्राम पडुआ में दी। मृतका दो भाइयो से बड़ी थी। भाई सचिन कुमार 14 वर्ष, अभिषेक कुमार 12 वर्ष का है। उप निरक्षक सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। माता रेनू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबरें एक नजर में

### माता-पिता की डांट से युवती ने खाया जहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माता पिता की डांट से क्षुब्ध होकर युवती ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कलान सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रुचि पुत्री सरनाम सिंह निवासी मुदौरा दाउदपुर कलान जिला शाहजहांपुर ने गुरुवार को माता पिता की डांट से क्षुब्ध होकर जहर खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उसे सीएचसी कलान में भर्ती कराया। जहां से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### शराबी पति ने पत्नी को पीटा, पहुंची थाने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराबी पति ने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पति के खिलाफ तहरीर दी। जानकारी के अनुसार मधु मिश्रा उम्र 35 पत्नी मोहित मिश्रा निवासी भाऊगला थाना कादरीगेट ने गुरुवार को थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गुरुवार को उसका पति शराब पीकर घर आया। जिस पर पत्नी ने विरोध किया, तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा। जिससे मधु मिश्रा घायल हो गयी। पुलिस ने घायल महिला का लोहिया अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवाया।

### उधार के रुपए मांगने पर पीटा, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरमपुरी निवासी लालता प्रसाद पुत्र जयसिंह ने गांव के ही श्याम सिंह, संजेश, कुलदीप, मोनू के विरुद्ध मारपीट गाली–गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 24 मार्च को लालता प्रसाद ने श्याम सिंह से अपने उधार दिए हुए रुपये मांगे तो आरोपित गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर श्याम सिंह ने फोन कर उक्त संजेश, कुलदीप, मोनू को बुला लिया। मौके पर पंहुचे उक्त सभी आरोपित एक राय होकर लाठी–डंडों से मेरे व मेरे भाई गौतम व प्रदीप के साथ मारपीट शुरु कर दी। शोर शराबे की आवाज सुनकर गांव के छत्रपाल व प्रेम सिंह के आ जाने पर उक्त आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह के सुपुर्द कर दी।

### न्यायालय ने दिया लूट में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष न्यायाधीश डकैती शैलेंद्र सचान ने अखिलेश, राज किशोर, अनिल, शिवराम, विजय, सुधीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदाबाद को निर्देशित किया कि वह प्रस्तुत प्रकरण में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मुकदमा दर्ज किए जाने की सूचना अंदर 7 दिन में न्यायालय में प्रस्तुत करें। मोहम्मदाबाद के गांव पसनिगपुर निवासी आलोक कुमार पुत्र राम प्रकाश ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से एक याचिका दायर कि दिनांक 20 फरवरी 2025 समय करीब 8:10 बजे रात पीड़ित अपने परिवार के साथ खाना खा रहा था। उसी समय अखिलेश पुत्र त्रिमोहन निवासी ग्राम खिमसेपुर थाना मोहम्मदाबाद, राज किशोर पुत्र नामालूम, अनिल, शिवा, राम, विजय, सुधीर पुत्रगण राज किशोर निवासीगण ग्राम ठठिया थाना विष्णुगढ़ जनपद कन्नौज मेरे घर में जबरन घुस आए और पीड़ित एवं पीड़ित के परिवार वालों पर लोहे की राड से हमला कर दिया और मरणासन अवस्था में लूटपाट की। उपरोक्त लोग लगभग 2,00,0000 रुपए के जेवरात व 2,00,000 रुपए नगद लूट ले गए। चीख पुकार की आवाज पर मोहल्ले के तमाम लोग आ गए। जिन्होंने ललकारा तो उपरोक्त लोग भाग गए। पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

## मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ दबंगों ने की मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला के साथ मारपीट की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ भी दबंगों ने खींचतान कर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह अपनी जान बचायी। पुलिस ने चार ज्ञात व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

जानकारी के अनुसार आरक्षी 940 शुभम कुमार व आरक्षी 1152 गौरव कुमार की ड्यूटी गुरुवार को पीआरवी 2656 डायल 112 फतेहगढ़ पर थी, तभी 22:08 बजे सोनी देवी पत्नी सोनू निवासी मदनपुर थाना मोहम्मदाबाद ने सूचना दी कि उसके साथ गांव के ही दबंगों ने गाली-गलौज किया। हम लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पीड़ित महिला सोनी देवी से बातचीत कर रहे थे, तभी गांव के अमर सिंह उर्फ राजू पुत्र रघुनाथ, टिकेंद्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह, कनिश पुत्र बलवीर सिंह, श्याम सिंह उर्फ कन्हैया पुत्र रघुनाथ सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति समस्त निवासीगण मदनपुर थाना मोहम्मदाबाद गाली-गलौज करते हुए आये तथा हम पीआरवी कर्मियों की वर्दी खींचने लगे। मना करने पर दबंगों द्वारा हम कर्मचारीगणों पर राजकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न कर हमलावर होकर लाठी-डण्डों से मारपीट की गई है। जिससे आरक्षी 940 शुभम कुमार के सिर, कमर और कन्धे में गम्भीर चोट आई है। दबंगों द्वारा हम पुलिसकर्मियों को दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मौके से किसी तरह जान बचाकर अपनी सरकारी गाड़ी से हम पीआरवी कर्मचारीगण थाने आये।

## योगी शासन में चरमराई लोहिया की व्यवस्था, चार दिन से महिला को नहीं मिला उपचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहिया अस्पताल की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आये दिन खबरें छपने के बाद भी सीएमएस कोई सुधार नहीं कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण है कि बीते चार दिनों से महिला सीढ़ियों पर पड़ी है, लेकिन उसे भर्ती नहीं किया जा रहा है। जिससे उसका पति व परिजन काफी परेशान हैं। पीड़ित के पास इतना पैसा नहीं है कि वह प्राइवेट में उपचार करा सके। जानकारी के अनुसार हैवतपुर गढ़िया कॉलोनी निवासी अमन अपनी 25 वर्षीय पत्नी सोनल को इलाज के लिए पिछले चार दिनों से अस्पताल के चक्कर काट रहा हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गंभीर हालत में सोनल कभी सीढ़ियों पर पड़ी नजर आती हैं, तो


सीढ़ियों पर लेटी पीड़िता व मौजूद परिजन

कभी अस्पताल के फर्श पर लेटी दिखती हैं। डॉक्टरों की लापरवाही के कारण महिला का इलाज समय पर शुरू नहीं हो पा रहा है। जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है।

पति अमन का कहना है कि डॉक्टरों से मिलने की कोशिश करने पर उन्हें अलग-अलग बहाने सुनने को मिलते हैं। कोई कहता है कि डॉक्टर दौरे पर गए हैं, तो कोई कहता है कि वे मीटिंग में व्यस्त हैं। मरीजों के लिए अस्पताल में सर्जन डॉक्टरों का मिलना नामुमकिन सा हो गया है। पीड़ित पति ने बताया कि सोनल के पेट में पथरी की समस्या है और उसे तुरंत ऑपरेशन की जरूरत है, लेकिन अस्पताल में कोई सर्जन उपलब्ध नहीं है। जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। सोनल को अस्पताल में भर्ती करने के बजाय धक्का देकर टरकाया जा रहा है। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की इस दुर्दशा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सीएमएस अशोक प्रियदर्शी की लापरवाही के चलते मरीजों को डॉक्टरों से मिलने के लिए पूरे-पूरे दिन इंतजार करना पड़ता है, लेकिन इलाज नहीं मिल पाता। अस्पताल में सोनल अकेली ऐसी मरीज नहीं हैं। जिन्हें सही इलाज नहीं मिल रहा। कई अन्य मरीज भी डॉक्टरों के इंतजार में घंटों बैठे रहते हैं। प्रशासन की उदासीनता के चलते जरूरतमंद मरीज फर्श पर पड़े रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से इस मामले की जांच कर लापरवाह डॉक्टरों पर कार्रवाई करने की मांग की है। अगर अस्पताल में यही स्थिति बनी रही, तो गरीब मरीजों को इलाज मिलना और भी मुश्किल हो जाएगा।

## ट्रक खाई में पलटा, चालक की मौत, परिचालक घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गाटर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। जिससे चालक की मौत हो गयी, जबकि परिचालक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। थाने के सामने घटी घटना से थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गये और बचाव कार्य में जुट गये। थाने में उसे समय हड़कंप मच गया जब थाने के ही निकट गाटर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। जिसमें चालक और परिचालक दब गए। रास्ते से निकल रहे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आवाज को सुनकर मौके पर पुलिस पहुंच गयी। थाना के दरोगा राघवेंद्र सिंह भदौरिया, चौकी इंचार्ज विमल


ट्रक से चालक परिचालक को निकालती पुलिस

कुमार, हेड कांस्टेबिलों सहित बचाव कार्य में लग गए। जिसको देखते हुए मौके पर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य ने साहस का परिचय दिया। जिनकी बहादुरी देखकर उनके साथ अन्य पुलिस कर्मचारी समेत ग्रामीण बचाव कार्य में जुट गए। हालांकि बाद में जेसीबी के तहत गाटरों को हटाया गया, लेकिन तब तक चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने थाना अध्यक्ष की मौजूदगी में तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस के द्वारा चालक व परिचालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेज दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉ0 अमित वर्मा ने चालक पुष्पेंद्र पुत्र हरिश्चंद्र उम्र 32 वर्ष को मृत घोषित कर दिया और परिचालक विनय कुमार पुत्र रतन सिंह उम्र 20 वर्ष को तुरंत सीएचसी राजेपुर में प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यह दोनों चालक परिचालक कस्बा डलना, थाना शिकारपुर, जिला बुलंदशहर के रहने वाले थे। थाना अध्यक्ष ने बताया है शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## बाइक चला रही युवती को डीसीएम ने मारी टक्कर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी शालिनी पुत्री विजय शर्मा जो की तपस्वी मंदिर के सामने मेन रोड पर परचून की दुकान चलाती है। उनकी बेटी 11:00 बजे लगभग दिन में शेखपुर के नजदीक पेट्रोल पंप के पास बाइक लेकर फतेहगढ़ की तरफ जा रही थी, तभी फतेहगढ़ की तरफसे आ रही डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी।

जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों द्वारा 108 एंबुलेंस को फोन करके घायल यूवती को सीएचसी कमालगंज भिजवाया गया। वहां पर हालत गंभीर होने पर डॉक्टर विकास पटेल द्वारा उसे प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया रेफर कर दिया गया।

## बोर्ड की कॉपियों में छात्र-छात्राओं ने पास करने हेतु लिखी मार्मिक अपील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

"कॉपी चली गुरु के पास कर देना जी हमको पास, जीवन भर रहेगा आपका एहसान, कर दो मेरा बेड़ा पार, गाय हमारी माता है नम्बर देना आता है, एवं गुरुजी करो कृपा तो हो जाये मेरा विवाह"। यह किसी नाटक के संवाद नहीं हैं और न ही किसी फिल्म का डायलॉग हैं, बल्कि ये उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की मूल्यांकन हेतु आयीं उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों द्वारा पास करने हेतु गुरुजी के लिए लिखी गयीं मार्मिक पंक्तियां हैं। इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों द्वारा रखे नोट भी निकल रहे हैं। कॉपियों के अंत में अनेक छात्र-छात्राओं द्वारा जय श्रीराम भी लिखा गया है। गुरुवार तक बोर्ड परीक्षा की 2.45 लाख कॉपियां जॉची जा चुकी हैं। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की 112069 तथा इंटरमीडिएट की 117311 उत्तर पुस्तिकायें जिले में मूल्यांकन हेतु आयी थीं। हाईस्कूल के मूल्यांकन हेतु जनपद जनपद में दो केंद्रों जीजीआईसी तथा जीआईसी फतेहगढ़ बनाया गया, जबकि इंटरमीडिएट के मूल्यांकन हेतु एक मात्र रस्तोगी इंटर कालेज को केंद्र बनाया गया। मूल्यांकन कार्य 19 मार्च से शुरु हुआ था। आठवें दिन हाईस्कूल की 106998 तथा इंटरमीडिएट की 109408 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा हो गया है। मूल्यांकन कार्य की अवधि 02 अप्रैल तक निर्धारित की गयी है, परन्तु उम्मीद है कि मूल्यांकन कार्य 29 मार्च तक समाप्त हो जायेगा।

## एक वर्ष से मनरेगा कर्मियों व रोजगार सेवकों को वेतन के लाले


जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने अपनी समस्या रखते कर्मचारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

एक वर्ष से मानदेय न मिलने से नाराज मनरेगा कर्मियों व रोजगार सेवकों विकास खंड पसिर में धरना दिया। इस दौरान पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत के मनरेगा कर्मचारी व रोजगार सेवक पिछले एक वर्ष से मानदेय न मिलने सहित कई मांगों को लेकर गुरुवार को धरने पर बैठ गये। इस दौरान उनका ज्ञापन लेने कोई नहीं आया। जिस पर कर्मचारी भड़क गये। उन्होंने कहा कि कल से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा और विकास खंड पर जिले के समस्त विकास खंडों के रोजगार सेवक उपस्थित रहेंगे। जब तक मांगे नहीं मानी जायेंगी तब तक विकास खंड कार्यालय से धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं किया जाएगा। वहीं दबी जुबान से रोजगार सेवकों ने बताया कि इसमें मानदेय न मिलने की भूमिका में विकास खंड अधिकारी की अहम भूमिका रही है। जिस कारण हमको भुखमरी की कगार पर पहुंचना पड़ा है। जिसके बाद कार्यक्रम में आयीं जिला पंचायत अध्यक्ष तथा विकास खंड अधिकारी को मांग पात्र सौंपा। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी रोजगार सेवकों को आश्वासन दिया कि वह जाकर अधिकारियों से बात करेंगी और जल्द समस्या का निस्तारण करने की बात कही। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक आलोक पाठक, रोजगार सेवक ब्लॉक अध्यक्ष सरजू यादव, पुष्पेंद्र सिंह, कर्मवीर राजपूत, कुंवर पाल सिंह, गुड्डी देवी, ज्योरखन लाल, नितिन कुमार सहित समस्त विकास खंड क्षेत्र के रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

जहरीले कीड़े के काटने से महिला अचेत हो गई। स्वजन इलाज के लिए उसे सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए।


मृतक महिला का फाइल फोटो

नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी महाराम की 30 वर्षीय पत्नी कन्यावती बुधवार देर रात खाना बनाकर तेल के डिब्बे को कमरे में रखने गई थी। उसी समय महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन महिला को सीएचसी कायमगंज ले गए। हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर किया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। मृतका के तीन पुत्रियां अनामिका, शिल्पी, सुनैना के अलावा दो पुत्र लव व राज हैं। बताते हैं कि बाद में परिजन झाड़ फूंक के लिए शव को लेकर कासगंज, पटियाली, छिबरामऊ, घूमते रहे। गुरुवार शाम वह शव को लेकर फिर कायमगंज किसी झाड़ फूंक करने वाले ओझा के पास गये। स्वजनों ने थाने में फौती सूचना दी। सूचना के आधार पर स्वजन शव का पीएम कराने के लिए ले गए।

## खाकी रही तैनात, मंदिर में उच्चकों की रही चांदी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुठरी मंदिर पर लगे प्राचीन मेले में पुलिस व्यवस्था की खुली पोल उश समय खुल गयी, जब एक दर्जन से अधिक महिलाओं के कुंडल तथा अन्य गहने चोरों ने पार कर दिये। पीड़ित महिलायें थाने पहुंची तथा अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को पकड़ा है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक पुठरी मंदिर पर प्राचीन काल से भव्य मेले का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें दूरदराज से लोग कांवड़ यात्रा लेकर जल चढ़ाने आते हैं। जिसमें आसपास के जनपदों से भी लोग पहुंचते हैं और भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है और जल चढ़ाने के लिए अफरा तफरी मचती है। इसी बीच


थाने में शिकायत करने पहुंची महिलायें

गुरुवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कमरिया रसूलपुर निवासी नन्ही देवी पत्नी अनिल कुमार अपने पुत्र अजय कुमार तथा पुत्रवधू सीता देवी के साथ जल चढ़ाने के लिए गई थीं। जैसे ही पीड़ता के बताए मुताबिक वह शिव दरबार में पहुंची और शिव की पूजा अर्चना करने के लिए झुकी, वैसे ही पीछे से उनके दोनों कानों में पहने कुंडल किसी ने नोच लिये। जिस पर वह चिल्लाने लगी और आरोपी भागने लगा। पीड़िता भी उसके पीछे-पीछे भागने लगी। कई लोग भी दौड़ पड़े और आरोपी को पकड़ लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी को कब्जे में ले लिया। वहीं मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव तकीपुर निवासी रेनू पत्नी राजवीर सिंह भी शिव मंदिर में जल चढ़ा रही थी, तभी उनका भी एक कुंडल किसी ने नोंच लिया और आरोपी मौके से फरार हो गया। वह भी रोती चिल्लाती थाने पहुंची। थाना पुलिस को अज्ञात के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। वहीं घमुइया रसूलपुर निवासी नन्हीं देवी का एक सोने का ताबीज भी अज्ञात चोरों ने भीड़ में उतार लिया। ऐसे ही कायमगंज थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला के कुंडल नोच लिये गये। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आज मेले में पुलिस की लापरवाही देखने को मिली।

# सरकारी विद्यालयों के छात्रों को मिलेंगी मुफ्त कोचिंग

**दिल्ली सरकार व फिजिक्स वाला के बीच समझौता**

- समझौता ज्ञापन के तहत विद्यार्थियों को प्रतिदिन छह घंटे और 30 दिनों में कुल 180 घंटे की ऑनलाइन कक्षाएं की जाएंगी प्रदान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली शिक्षा निदेशालय राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भविष्य संवारने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंटरनेशनल (एनएसडीसी इंटरनेशनल) और फिजिक्स वाला लिमिटेड की संयुक्त पहल भारत इनोवेशन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (बीआईजी) के साथ गुरुवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर दिल्ली विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश के शिक्षा मंत्री आशीष सूद की मौजूदगी में किया गया। इस समझौते के तहत प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले 1,63,000 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत दिल्ली के विद्यार्थियों को अगामी दो अप्रैल से लेकर दो मई 2025 तक प्रतिदिन छह घंटे की ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी, जिसमें भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, सामान्य योग्यता और अंग्रेजी जैसे विषय को भी शामिल किया गया है। समझौता ज्ञापन के तहत विद्यार्थियों को प्रतिदिन छह घंटे और 30 दिनों में कुल 180 घंटे की ऑनलाइन कक्षाएं प्रदान की जाएंगी। सरकार के इस कदम से यहां के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी को भविष्य में देश के अच्छे मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए चयनित हो सकेंगे और डॉक्टर तथा इंजीनियर की कठिन प्रवेश परीक्षा को पास करने का ख्वाब पूरा कर पाएंगे।समझौते के अंतर्गत इस कार्यक्रम में संरचित संशोधन के लिए पीडीएफ नोट्स के साथ विद्यार्थियों की प्रगति को ट्रैक करने के लिए नियमित रूप से परीक्षण और निरंतर सहायता प्रदान करने की भी व्यवस्था की गई है। श्री सूद ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ। हमारी सरकार ने दिल्ली के बच्चों का भविष्य संवारने के लिए नीट 2025 और सीयूईटी (यूजी) 2025 की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को 30 दिन की निःशुल्क ऑनलाइन क्रैश कोर्स की सुविधा प्रदान करने का बेहद अहम फैसला लिया है। बीआईजी के साथ जो अहम समझौता किया गया है उससे विद्यार्थियों को हर दिन छह घंटे और पूरे महीने में कुल 180 घंटे की निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी। हमारी सरकार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने और प्रवेश परीक्षाओं में अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्धत है। निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दिल्ली के छात्रों को देश की महत्वपूर्ण परीक्षाओं की तैयारी कराने में जरूरी मार्गदर्शन प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इससे दिल्ली के होनहार विद्यार्थियों की देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने की संभावनाएं भी काफी बढ़ जाएंगी। दिल्ली सरकार की अनोखी पहल समाज के वंचित समुदायों के छात्रों के लिए आने वाले समय में गेम-चेंजर साबित होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का काम कर रही है कि दिल्ली के किसी भी होनहार विद्यार्थियों के लिए आर्थिक बाधाएं उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं की राह में बाधा नहीं बन सके।



**एक लाख 63 हजार छात्रों को मिलेगा लाभ**

इस अहम समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद श्रीमती गुप्ता ने कहा कि शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने विद्यार्थियों को नीट-2025 और सीयूईटी (यूजी)-2025 की तैयारी के लिए 30 दिवसीय मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करने के अहम समझौता किया गया है। इससे मेडिकल कॉलेजों के साथ ही देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में उनके प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की अनूठी पहल से दिल्ली के विद्यालयों के एक लाख 63 हजार छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। दिल्ली के अधिक से अधिक छात्रों को डॉक्टर, इंजीनियर बनने और देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने का सपना भी साकार होगा।

# कश्मीर में दो और समूहों ने हुर्रियत से तोड़ा नाता : शाह

**एजेंसी, श्रीनगर।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो और समूहों ने अलगाववाद से अपने सभी संबंध तोड़ लिए हैं।

एक दिन पहले, जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकलाल गुलाम नबी सोफी ने हुर्रियत या इसी तरह की विचारधारा वाले किसी अन्य समूह से औपचारिक रूप से अलग होने की घोषणा की थी।

इस घटनाक्रम के बाद केंद्रीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तहत अलगाववाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा हैं।

श्री शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दो राजनीतिक दलों - जम्मू-कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल और जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत का नाम लिया, जिन्होंने अलगाववाद से अपने सभी संबंध तोड़ लिए हैं।

उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी से एक और बड़ी खबर। हुर्रियत से जुड़े दो और समूहों, जम्मू-कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल और जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत ने अलगाववाद को त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बनाए गए नए भारत में अपना भरोसा जताया है। मोदी सरकार के तहत, अलगाववाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है, और एकता की जीत पूरे कश्मीर में गूंज रही है।

उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को जम्मू और कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट और जम्मू और कश्मीर डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया था।

# मृतक छात्रा के पिता को पूर्व विधायक ने दिलाई एक लाख रुपए का सरकारी मदद

**फरेंदा, महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



समरधीरा चौराहे से धानी वृजमनगंज रोड पर स्थित महेशराम अशोक कुमार इण्टर कालेज में बोलेरो गाड़ी से हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा देने जा रही छात्राओं का रोड़ एक्सीडेंट होने पर तीन छात्राओं की असामयिक निधन हो गया था। आज बुधवार को पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह उपजिलाधिकारी फरेंदा मुकेश कुमार सिंह के साथ मृतका के घर पर पहुंचकर सहयोग देते हुए सरकारी आर्थिक सहायता दिलाने हेतु शासन एवं प्रशासन में ध्यान आकृष्ट कराया गया था।

बुधवार को उपजिलाधिकारी फरेन्दा मुकेश कुमार सिंह एवं तहसीलदार फरेंन्दा तथा नायब तहसीलदार फरेंदा के द्वारा एक लाख का चेक फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा करमहवा बुजुर्ग निवासी राकेश पटेल जिनकी पुत्री चांदनी पटेल का असामयिक निधन उक्त दुर्घटना में हो गया था, उन्हें पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह एवं उपजिलाधिकारी फरेंदा द्वारा सोपा गया। इस दौरान पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के योगी सरकार में गरीबों एवं असहायों का सहयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जिसका उदाहरण आज यह प्रत्यक्ष है।इस दौरान ग्राम प्रधान श्री प्रसाद, अवध राम चौरसिया, राम सिंह, रामकेश यादव, पंकज उपाध्याय, शिव कुमार पांडेय, अमित उपाध्याय, विनोद प्रजापति, पटाई प्रसाद, राम कलेवा यादव, सुधीर, रविंद्र सिंह, शिव वचन जायसवाल सुरेश साहनी, डब्बू सिंह, विपिन उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# साइबर फ्राड में बरामद रुपये को मुकामी पुलिस ने कराया वापस



**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक के नेतृत्व में थाना फरेन्दा के साइबर सेल टीम द्वारा 09 मार्च को आवेदिका आयशा परवनी पत्नी रज्जब अली निवासी ग्राम परसा बेनी, थाना फरेन्दा जनपद महरागंज के साथ 19,663/- रुपये का साइबर फ्राड हुआ था, जिसको वापस कराया गया।

बरामद कराने वाली टीम में उप निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, क. आ. स्वतंत्रवीर रावत का. नवनीत कुमार और सुरेखा यादव मौजूद रही।

# ब्लू स्टार ने नए व उत्कृष्ट एसी किए लॉन्च

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**

- स्मार्ट वाई-फाई और हैवी ड्यूटी एसी सेगमेंट में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की योजना



ब्लू स्टार लिमिटेड ने आगामी गर्मी के मौसम के लिए आज रूम एसी के 150 मॉडलों की एक नई व्यापक रेंज को पेश किया, जिसमें फ्लैगशिप प्रीमियम रेंज भी शामिल है। इस लाइनअप में इनवर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी शामिल हैं, जो सभी मूल्य बिंदुओं पर हर उपभोक्ता वर्ग की जरूरतों को पूरा करते हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि के कारण रूम एसी की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा, टियर 3, 4 और 5 बाजारों में बढ़ती मांग, पुराने के स्थान पर नया एसी लेने वाले खरीदारों और अतिरिक्त कमरों के लिए एसी खरीदने वाले ग्राहकों से भी इस वृद्धि को बल मिल रहा है। अनुमानों के अनुसार, भारत का एसी उद्योग वित्त वर्ष 2030 तक दोगुना हो जाएगा।

बाजारों में बढ़ती मांग को देखते हुए ब्लू स्टार ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग, अनुसंधान एवं विकास और नवाचार क्षमताओं का लाभ उठाकर नए और उत्कृष्ट एसी लॉन्च किए हैं। 2025 के लिए नए एयर कंडीशनर की रेंज कंपनी ने 3-स्टार और 5-स्टार श्रेणियों में उच्च कूलिंग प्रदर्शन वाले कई मॉडल लॉन्च किए हैं। ये मॉडल 0.8 टन से 4 टन तक की कूलिंग क्षमता में उपलब्ध हैं, जिनकी आकर्षक कीमत 28,990 से शुरू होती है। इस रेंज में लगभग 40 स्मार्ट वाई-फाई एसी मॉडल शामिल हैं, जो कस्टमाइज्ड स्लीप जैसी स्मार्ट सुविधाओं से लैस हैं। ग्राहक 12 घंटे के लिए तापमान, फैन स्पीड और मोड को पहले से सेट कर सकते हैं। अँग्रेजी या हिन्दी में वॉयस कमांड तकनीक के साथ, ग्राहक एलेक्सा या गूगल होम के माध्यम से एसी का संचालन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऊर्जा प्रबंधन सुविधा एसी की ऊर्जा खपत पर पूर्ण नियंत्रण प्रदान करती है, जिससे एसी के उपयोग को ट्रैक करने, नियंत्रित करने और सीमित करने की सुविधा मिलती है। अनवीनतम एसी में कई शक्तिशाली विशेषताएं हैं, जिनमें 'एआई प्रो+' नामक एक जटिल एल्गोरिदम शामिल है जो आराम को अधिकतम करने के लिए विभिन्न मापदंडों को समायोजित और मॉनिटर करता है। इसके अलावा, डिफ्रॉस्ट क्लीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से इनडोर यूनिट की सफाई और प्रदर्शन में सुधार होता है।

## खबरें एक नजर में

### साईं आंचल मंदिर में खेली फूलों की होली

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** साईं आंचल मंदिर बरियाघाट रैदानी कॉलोनी मेंश्री साईं परिवार सेवा संगठन की ओर सेफाल्गुन महोत्सव का आयोजनबड़ी धूम धाम सेमनाया गया। संस्था की सरंक्षक चंडीगढ़ की महामंडलेश्वर सोनाक्षी महंत नेवंदना राय, दिव्या सचान, आशीषश्रीवास्तव संस्था के अध्यक्ष शुभम गुप्ता को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। दिल्ली सेआयेसाईं भक्त शिरोमणि साईं ज्ञानेश्वरी केलेखक कथा वाचक राकेश जुनेजा व उनकी शिष्या अंजली थापा नेसंगीतमय पाठ सुनकर साईं भक्तों को भाव विभोर कर दिया। भक्तों नेबाबा को छप्पन भोग लगाया। इसके बाद भजन संध्या मेंकलाकरों नेसाईं भजन प्रस्तुत किए। फरीदाबाद हरियाणा सेआएगायक सचिन शर्मा, ओबरा के सुदर्शन मित्तल, विनीत, काशी की गायिका नेहा अग्रवाल, मिर्जापुर के भानुसिंह, सुशील पागल आदिगायकों ने फूलों की होली खेली।

### पैर में ठोकर लगने से जमीन पर गिरा किसान, मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के नदिहार गांव मे गुरुवार की सुबह लगभग छह बजे खेत सेसिर पर टोकरी लेकर पैदल घरजा रहे किसान के पैर में ठोकर लगने से जमीन पर गिरने से मौत हो गई। पुलिस शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया है। किसान की मौत सेपरिजन रोते रोते बेहाल हो गए हैं। नदिहार गांव निवासी 50 वर्षीय छोटे लाल लघु सीमांत किसान है। गुरुवार की सुबह छोटे लाल खेत पर गए थे। जहां से महुआ बीनकर टोकरी मेंइकट्ठा किया और टोकरी सिर पर रख वापस घर जा रहेथे। रास्ते में उनके पैर में ठोकर लगने से जमीन पर गिर गए। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। नाक व मुहं से खून निकलने लगा। उधर सेगुजर रहे ग्रामीण खून से लथपथ छोटे लाल को अचेतावस्था में जमीन पर पड़ा देखा। ग्रामीण आनन फानन में उन्हे निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गए। जहां चिकित्सक परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक को दो पुत्र व एक पुत्री है। सभी अविवाहित है। मृतक किसान खेती व मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। इस संबंध में राजगढ़ थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल नेबताया कि जमीन पर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पुलिस मुठभेड़ में पशुतस्कर के पैर में लगी गोली

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सेमरी जंगल मेंगुरुवार की सुबह लगभग पांच बजेपुलिस व गौतस्करों के बीच हुई मुठभेड़मेंगोली लगनेसेएक पशुतस्कर घायल हो गया। साथ ही पुलिस दो तस्करों सहित तीन पशुतस्करों को गिरफ्तार कर मौके सेएकतमंचा,15 राशि गौवंश व एक पिकअप वाहन बरामद करनेका दावा किया है। जबकि एक पशुतस्कर मौके सेफरार हो गया। घायल पशुतस्कर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल पशुतस्कर कोजिला अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन मुनेन्द्र पाल नेबताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सेमरी जंगल मे कुछ लोग पशुओं को इकट्ठा कर वध के लिए पिकअप वाहन मेंलाद रहेहैं। जिसपर अदलहाट थाना प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा मय पुलिस फोर्सव राजगढ़ पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से पशुतस्करों का घेराबंदी किया। सेमरी जंगल मेंएक पिकअपमेंपशुओं को लाद रहेचार पशुतस्कर पुलिस को देखतेही पिकअप व पशुओं को छोड़कर भागतेहुए पुलिस टीम पर तमंचेसेफायर झोंक दिए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई मेंअदलहाट थाना क्षेत्र के गड़ौरी गांव निवासी 30 वर्षीय तस्कर सलीम कुरैशी के पैरमेंपुलिस की गोली लगनेसेघायल होकर जमीन पर गिर गया। जबकि भाग रहेअन्य दो पशुतस्कर कछवा थाना क्षेत्र के जमुआबाजार निवासी 32 वर्षीय दीपक लाल गुप्ता उर्फ किशमिश लाल, 28 वर्षीय अंसार निवासी गड़ौली थाना अदलहाट सहित तीनपशुतस्करो को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि एक पशुतस्कर मौके से फरार हो गया। वहीं मौके सेवध 15 राशि पशु, एकपिकअप वाहन तथा घायल सलीम कुरैशी के पास सेएक तमंचा, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार पशुतस्करों व पशुओं तथा वाहन को पुलिस राजगढ़ थानेलेजाकर कार्रवाई मेंजुटी हुई है। गंभीर रूप सेजख्मी सलीम कुरैशी कोपुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक नेजिला अस्पतालमिर्जापुर रेफर कर दिया।

# रिपोर्ट कार्ड व पुरस्कार पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव स्थित यूओ कान्वेंट स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर छात्र में प्रथम व द्वितीय तृतीय छात्र छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड वितरण किया गया है।

वार्षिक परीक्षा परिणाम में रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल, आदर्श ऑटो सेल्स कोटाघाट के मालिक राम दरस अग्रहरी व हुंडई के मालिक सुदर्शन बुधिया व विंध्य आशीष प्रमोद अग्रहरी ने छात्र छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड सौंपा है।

वार्षिक परीक्षा परिणाम में नर्सिरी कक्षा में आर्या विश्वकर्मा 91.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।ध्रुव शुक्ला 91.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

कक्षा नर्सरी यूपीपी पीहू 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया है। आयुषी 89.50 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। हर्षित 88.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कक्षा एलकेजी मेंमेजबीन 95.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान व स्नेहा 90.25 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कक्षा यूकेजी में रोशनी पाल 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। अनमोल त्रिपाठी 92 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कक्षा एक कृति 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। परी 88.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दुसरा स्थान प्राप्त किया है। कक्षा दो में हर्ष दुबे 93.85 प्रतिशत प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। शिवा बिंद 92.85 अंक प्राप्त कर कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कक्षा आठ में सतीश गुप्ता 94.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। दीपेश विश्वकर्मा 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व प्रतिभा पाल 93.5 ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

छात्र छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड के साथ पुरुस्कार देकर सम्मानित किया है स्कूल के छात्र विनय गुप्ता, दिवेश विश्वकर्मा, शिवम का जवाहर लाल नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है इस दौरान प्रबंधक ओंकार नाथ पाण्डेय, प्रधानाचार्य गुलाब चंद्र पाण्डेय, शिक्षक रामसागर जैसल, शिव, शेखर दुबे, शुभम, शशिकला, नीतू, आँचल, आदि मौजूद रहे।

# इलाज कराने जा रही महिला की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



फरेंदा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत आनंदनगर क्षेत्र में स्थित धानी ढाले पर सड़क दुर्घटना में एक महिला की तत्काल मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। घटी घटना की जानकारी होने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कराकर पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजमनगंज थाना के ग्राम सभा खडखोडी निवासी बैजनाथ अपने पत्नी ललिता उम्र लगभग 52 वर्ष को बाइक से लेकर इलाज कराने हेतु कम्पियरगज जा रहे थे। जैसे ही वह फरेंन्दा थाना क्षेत्र के उपनगर धानी ढाले पर पहुंचे कि अचानक महिला बाइक से नीचे गिर गई। पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रेलर गाड़ी जिसका नंबर यूपी 53 ई टी 68 45 ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बैजनाथ की पत्नी ललिता की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटी घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने पहुंचकर बैजनाथ को ढांढस बंधाया तो वहीं फरेंदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कराकर पीएम हेतु महाराजगंज भेज दिया।

# होली मिलन के जरिए समाज में एकजुटता का दिया परिचय : कौशलेन्द्र पटेल



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित शिव लान स्थित में अग्रहरी समाज की ओर से बुधवार की देर शाम को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सपरिवार जुटे अग्रहरी व वैश्य समाज के लोगों ने फूलों की होली खेली तो बच्चों ने खेल का आनंद उठाया। सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने सुनहरे पल को कैद किया। कार्यक्रम में समाज ने अग्रसेन महराज को कर याद किया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा आयोग के सदस्य कौशलेन्द्र पटेल ने कहा कि प्रेम और सदभाव का संदेश देने वाले पर्व की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब पूरा परिवार एक दूसरे से परिचित हो। परिवार की खुशहाली ही समाज और देश की खुशहाली का एक बिंदु है। हम जब एक दूसरे से परिचित होंगे तभी अपनत्व की भावना के साथ विकास के पथ पर अग्रसर होंगे । हम सब कहीं न कहीं से एक दूसरे से जुड़े हैं, पर मुलाकात न होने से अनजान बने रहते है। उस दूरी को मिटाने का काम हम सबको मिलकर करना हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने अग्रसेन महराज की चर्चा करते हुए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। रंगारंग कार्यक्रम के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम और फूलों की होली खेल कर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामना व्यक्त किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, ओएसडी लालचंद, अग्रहरि, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि, रामजयश्री, शैलेन्द्र अग्रहरि, जिलाध्यक्ष ताराचंद्र अग्रहरि, रामेश्वर अग्रहरि, केशव प्रसाद अग्रहरि, लक्ष्मी नारायण, त्रिभुवन अग्रहरि, राकेश अग्रहरि, महेश अग्रहरि, वीरेंद्र अग्रहरि, अरुण अग्रहरि, दीप चंद्र अग्रहरि, जवाहर अग्रहरि, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरि, मनिस्टर, सहित आदि लौग मौजूद रहे मंच का संचालन सतीश अग्रहरि ने किया।

# किसान गोष्ठी में सब्जी कीट का हुआ वितरण

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**




अदलपुरा स्थित भा.कृ.अनु.प भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर), वाराणसी द्वारा असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट के सहयोग से एक दिवसीय किसान गोष्ठी सह इनपुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन 26 मार्च 2025 को बागवानी अनुसंधान स्टेशन, कहिकुची, गुवाहाटी में किया गया। यह कार्यक्रम एआईएनपी ऑन बायोटेक क्रॉप्स परियोजना के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में सब्जियों और संबद्ध गतिविधियों के प्रचार के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में असम के कार्बीआंगलोंग, लहरघाट एवं हाजो के किसानों ने एवं मेघालय के नाग्पोंग, बरापनी के 120 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आईआईवीआर के निदेशक डॉ. नागेंद्र राय ने बैठक में उपस्थित किसानों, वैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने सभी जिलों के किसान उत्पादक संगठन, किसान क्लब और कृषि विज्ञान केंद्र को जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे आईसीएआर-आईआईवीआर द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण सब्जी बीजों का उत्पादन और विपणन राज्य के भीतर ही किया जा सके। इससे किसानों को बाहरी स्रोतों से बीजों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और वे राज्य में ही अपनी आवश्यकतानुसार बीज प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में शामिल डॉ. अरविन्द नाथ सिंह, विभागाध्यक्ष सब्जी सुरक्षा विभाग ने जैविक खेती के लिए किसानों से आग्रह किया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ नीरज सिंह ने किसानों के बीच उद्यमशीलता (एंटरप्रेन्योरशिप) की भावना विकसित करने पर भी जोर दिया, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें । भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए नामित नोडल ऑफिसर, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार दुबे ने किसानों से आग्रह किया की रीजन में उपलब्ध जैव विविधता का समुचित दोहन करते हुए धान आधारित मोनोकल्चर फसल पद्धति में सब्जियों एवं अन्य बागवानी फसलों दारा विविधिकरण करके पोषण सुरक्षा के साथ आमदनी के भी विभिन्न आयाम के बारे में विस्तार से चर्चा किया साथ ही संस्थान द्वारा विकसित उच्च तकनीकों के बारे में भी किसानों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम के दौरान फेरोमोन ट्रैप, स्टिकी ट्रैप, सब्जी बीज एवं किचन गार्डन पैकेट्स तथा सामुहिक रूप से खेती में प्रयोग होने वाले कृषि यंत्रों को मिनी किट के रूप में किसानों को वितरित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सैलैएन गोगोई, ऋचा दास, प्रमोद महंतो, नसीमा रहमान समेत कृषि वैज्ञानिक, विषय वस्तु विशेषज्ञ समेत विभिन्न विषयों भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मिनी कीट एवं अपने प्रश्नों के उत्तर पाकर दूर दराज से आये किसानों ने कार्यक्रम के लिए प्रसन्नता जाहिर की।